वर्ष- 12 अंक - 187
लखनऊ, मंगलवार 25 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जनसमस्याओं को प्राथमिकता से होगा निस्तारण : केशव प्रसाद मौर्य 03

इनोवेशन की दिशा में देश को बढ़ाना है आगे : अश्विनी वैष्णव 12


# उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश और दुनिया के लिए बनी नजीर : मुख्यमंत्री योगी

▸ सीएम योगी ने विधान सभा में पेश किए एनसीआरबी के आंकड़े

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा में कहा कि आज जब पुलिस कार्य कर रही है, गुंडों को ठिकाना लग रही है और सज्जनों को संरक्षण देकर सम्मान दिलवा रही है तो विपक्ष को बुरा लगता है। योगी ने एनसीआरबी के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि सच हमेशा कड़वा होता है। बोलना आप नहीं चाहेंगे, क्योंकि उसके बाद तत्काल फोन आ जाता।

वर्ष 2016 की तुलना में वर्तमान में डकैती की घटना में 84.41 प्रतिशत, लूट में 77.43 प्रतिशत, हत्या में 41.01 प्रतिशत, बलवा की घटनाओं में 66.04 प्रतिशत, फिरौती के लिए अपहरण की घटना में 54.72 प्रतिशत, दहेज हत्या में 17.08 प्रतिशत और बलात्कार की घटनाओं में 26.15 प्रतिशत की कमी आई है। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में नंबर एक पर है। वहीं पुलिस रिफॉर्म के तहत पहली बार प्रदेश के सात जनपदों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया है। इसे लागू करने की बात वर्ष 1973 से 1974 से चल रही थी, लेकिन कोई हिम्मत नहीं कर पा रहा था। हमने लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया है। इसके अलावा देवबंद, बहराइच, अलीगढ़, कानपुर सहित कई जनपदों में एटीएस की नई फील्ड यूनिट भी गठित की गयी है। तीन महिला पीएसी बटालियन लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में स्थापित की गयी है। बलरामपुर, जालौन, मीरजापुर, शामली और बिजनौर में पांच अन्य पीएसी बटालियन स्थापित करने की कार्रवाई चल रही है।

### पुलिस विभाग में अब तक हुई 1,56,000 पदों पर भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया गया है, जो मेट्रो और एयरपोर्ट की सुरक्षा में योगदान दे सके। इसकी छह वाहिनियों का गठन किया गया है। एएनटीएफ का सरकार ने गठन किया है। साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ में एडवांस साइबर फॉरेंसिक लैब, 18 परिक्षेत्र थानों पर बेसिक साइबर फॉरेंसिक लैब और 57 जनपदों में साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गयी है। वर्तमान में 75 जनपदों में साइबर सेल क्रियाशील किए हैं।

### डिप्टी सीएम पाठक के बयान पर स्थिति बिगड़ी, सदन स्थगित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पक्ष-विपक्ष के नेताओं के बीच चर्चा चल रही है। सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के बयान पर समाजवादी पार्टी के विधायकों ने जोरदार हंगामा कर दिया। स्थिति बिगड़ गई और सदन स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही के दौरान बृजेश पाठक ने दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव के एक दिए गए बयान का जिक्र कर दिया, जिससे हंगामा शुरू हो गया। सपा विधायकों को बवाल बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना विपक्ष के सदस्यों को समझाने की कोशिश करते रहे हैं। सपाई विधायकों ने वेल में जाकर विरोध किया। सपा विधायक समरपाल सिंह के एक सवाल पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पूछा, नेताजी का सम्मान तो बहुत किया।सपा वाले नेताजी की हर बात मानते हो। क्या वह बात भी मानेंगे। लड़कों से गलती हो जाती है। इसके बाद विधानसभा में सपा विधायकों ने जोरदार हंगामा किया। सतीश महाना ने मामले को शांत कराने की कोशिश की।

### मुलायम के अपमान का आरोप लगाकर सपा ने किया हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के अपमान का आरोप लगाकर हंगामा किया। दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सपा सदस्य समरपाल सिंह के एक सवाल का जवाब देने के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा वाले नेताजी की हर बात मानते है तो क्या वो बात भी मानेंगे कि 'लड़कों से गलती हो जाती है।' इस बात पर सपा सदस्य अपनी सीट से खड़े हो गये और नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हे शांत रहने की अपील की मगर सपा सदस्य नारेबाजी करते हुये वेल पर धरने पर बैठ गये। इस बारे में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के सदस्य जानबूझ कर मुद्दे से हट कर कोई ऐसी बात करते हैं जिससे विपक्ष भड़के और ऐसा आज भी हुआ जब उपमुख्यमंत्री ने जानबूझ कर नेता जी को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की।

## संक्षिप्त समाचार

### एडीबी के नए अध्यक्ष मासातो कांडा ने संभाला कार्यभार

**मनीला, फिलीपींस।** श्री मसातो कांडा ने आज एशियाई विकास बैंक के 11वें अध्यक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला। श्री कांडा ने मासात्सुगु असकावा का स्थान लिया, जो उत्कृष्टता और नवाचार की विरासत को जारी रखेगा। अंतर्राष्ट्रीय वित्त और विकास नीति में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, श्री कांडा को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान उनके निर्णायक हस्तक्षेप के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है।

### कांग्रेस सांसद को नहीं मिली राहत, अगली सुनवाई 27 को

**लखनऊ ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ के समक्ष राज्य सरकार ने अपना शपथपत्र प्रस्तुत किया। अभियुक्त राठौर की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने शपथपत्र का जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। न्यायालय ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की है।

### मप्र : एक लाख 10 हजार करोड़ का निवेश करेगा अडाणी ग्रुप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और देश-विदेश के उद्योगपति इसे एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। भोपाल में सोमवार से शुरू हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर उद्योग जगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अडाणी ग्रुप ने प्रदेश में एक लाख 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की बात कही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में शामिल होने भोपाल आए उद्योगपति गौतम अडाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वन-टू-वन चर्चा में कहा कि इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### 12वें क्षेत्रीय 3आर फोरम की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी करेगा। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वां क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम 3 से 5 मार्च तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में 25 संयुक्त राष्ट्र सदस्य लगभग 500 प्रतिनिधि भाग लेंगे। यूनाइटेड नेशन सेंटर फॉर रीजनल डेवलपमेंट और जापान सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। 12वां फोरम एशिया-प्रशांत देशों में संसाधन-कुशल, चक्रीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन को सक्षम करने के लिए जयपुर घोषणा को अपनाने के साथ समाप्त होगा।

### मुरादाबाद के तीन जीएसटी उप आयुक्तों का तबादला

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन ने राज्य कर के तीन उप आयुक्तों का दूसरे जिलों में तबादला कर दिया है। इनके स्थान पर पांच नए अधिकारियों को मुरादाबाद रेंज में तैनात किया गया है। मुरादाबाद में तैनात राज्य कर के कमिश्नर विकास बहादुर चौधरी का तबादला मुजफ्फरनगर, धर्मेंद्र सचान का बरेली और मैनेजर चौरसिया का तबादला आजमगढ़ रेंज के मऊ जिले में किया गया है। डिप्टी कमिश्नर अरुणेश यादव को प्रयागराज से मुरादाबाद, उत्तम कुमार तिवारी को लखनऊ प्रथम से मुरादाबाद एसआईबी रेंज ए, श्रीपति तिवारी को गोरखपुर से मुरादाबाद खंड एक, श्रीप्रकाश यादव को अयोध्या से मुरादाबाद, वामदेव राम त्रिपाठी को अलीगढ़ से मुरादाबाद एसआईबी के लिए भेजा गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करते हुए कहा

# किसान कल्याण के लिए हम प्रतिबद्ध

▸ राम मंदिर से चिढ़ने वाले महाकुंभ को भी कोसने का मौका नहीं छोड़ रहे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि देश के गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था, विरासत और विकसित भारत का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है लेकिन जंगलराज वाले इन्हें हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। ये भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी अधिक लोग इस एकता के महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं, लेकिन ये जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। महाकुंभ को गाली देने वाले लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। आज पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि में बिहार के 75 लाख से अधिक किसान परिवार भी शामिल हैं और उनके खातों में 1600 करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री ने लालू यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए चारा घोटाले का जिक्र कर पिछली सरकार को घेरा। किसान को खेती के लिए अच्छे बीज, पर्याप्त और सस्ती खाद, सिंचाई की सुविधा, पशुओं का बीमारी से बचाव और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं वो इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है।

### पीएम मोदी ने असम में लगा रखा है जुमलों का कारखाना



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि असम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के रूप में जुमले का कारखाना लगा रखा है, जहां सिर्फ झूठ बोला जाता है और जुमले गढ़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री विश्व शर्मा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है और उनके झूठ तथा भ्रष्टाचार से असम की जनता में गहरा गुस्सा है और हालात यह हो गए हैं कि अब श्री मोदी के जुमले भी लोगों का गुस्सा शांत नहीं कर पा रहे हैं। अब साफ है कि पूर्वोत्तर में बदलाव तय हो गया है। श्री खरगे ने एक्स पर कहा, असम में मोदी जी ने जुमलों का कारखाना लगाया है, जिसके कर्ता-धर्ता भाजपा के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। हाल ही में असम में कांग्रेस के नेताओं पर दोनों तरह से - राजनीतिक और शारीरिक रूप से हमले किये गए हैं। इन हमलों का जवाब जनता एक वर्ष बाद कांग्रेस की सरकार बनवा कर देगी। असम राज्य, भाजपा के भू-माफ़िया द्वारा भ्रष्टाचार, नफ़रत और कुशासन का परिणाम झेल रहा है। युवाओं की बेरोज़गारी, चाय बगान के कर्मियों की लाचारी, ग़ैरक़ानूनी विदेशियों के मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट की लताड़ और भाजपाई दोगलापन जगज़ाहिर है।

### भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

पीएम ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को किया संबोधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में कहा कि विश्व बैंक ने भरोसा जताया है कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है जब पूरी दुनिया भारत के लिए इतनी आशावादी है। पूरी दुनिया में चाहे सामान्य जन हो, अर्थनीति के विशेषज्ञ हो, विभिन्न देश हो या फिर संस्थान इन सभी को भारत से बहुत आशाएं हैं। उन्होंने कहा, ऽकुछ दिन पहले ही विश्व बैंक ने कहा है कि भारत आने वाले वर्षों में ऐसे ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। कुछ ही दिन पहले जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था ने भारत को सोलर पावर का सुपरपॉवर कहा था। इस संस्था ने ये भी कहा कि जहां कई देश सिर्फ बातें करते हैं, वहीं भारत नतीजे लाकर दिखाता है।

### तेज रफ्तार जीप व बस की टक्कर में छह की मौत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। प्रयागराज से आ रही एक तेज रफ्तार जीप और बस के बीच टक्कर हो गई, जिसमें छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। यह हादसा खितौला थाना क्षेत्र के पहरेवा गांव के पास हुआ। जबलपुर के जिलाधिकारी दीपक सक्सेना के मुताबिक, कर्नाटक की पंजीकरण संख्या वाली जीप उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से लौट रही थी। जीप चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद जीप पहले एक पेड़ से टकराई और फिर राजमार्ग के दूसरी ओर जाकर विपरीत दिशा से आ रही एक बस से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए।

## मानहानि मामले में राहुल के खिलाफ सुनवाई छह मार्च तक हुई स्थगित

समृद्धि न्यूज



**सुलतानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी, एमएलए अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई वादी के वकील द्वारा हाजिरी माफी की अर्जी दिये जाने के कारण आगामी छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि 11 फरवरी को सुनवाई की पिछली तारीख में शिकायतकर्ता से जिरह की गई थी। जिरह पूरी होने के बाद 24 फरवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन चूंकि शिकायतकर्ता के वकील संतोष कुमार पांडे हाजिरी माफी मांगते हुए आज अदालत में पेश नहीं हुए इसलिए न्यायालय ने अगली सुनवाई की तारीख छह मार्च तय की है। यह मामला साल 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के बारे में गांधी द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। इस मामले में स्थानीय भाजपा नेता मिश्रा ने परिवाद दायर किया था।

### टेरर फंडिंग मामला : रशीद ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद ने दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली है। हाई कोर्ट ने पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल एनआईए कोर्ट को निर्देश दिया कि वो इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर जितनी जल्द हो सके सुनवाई कर फैसला करें। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से मिले स्पष्टीकरण के बाद दिल्ली हाई कोर्ट की रजिस्ट्री ने बताया था कि पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल एनआईए कोर्ट इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर सकता है। दस फरवरी को हाई कोर्ट ने रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए कस्टडी पेरोल पर रिहा करने की अनुमति दी थी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

बाल विकास व पुष्टाहार विभाग में भ्रष्टाचार, मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया खुलासा

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पंजीरी सिंडीकेट खत्म किए जाने के बाद, अब यह विभाग अधिकारियों की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर विवादों में घिर गया है। विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने निदेशक, एकीकृत बाल विकास सेवा को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया में बड़े घोटाले का खुलासा किया है। इस पत्र के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने की बात कही है। पत्र को सरकार के उच्च अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है और जांच के संकेत दिए गए हैं।बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग पहले भी कई भ्रष्टाचार के मामलों में चर्चाओं में रहा है।भर्तियों में अनियमितता और पात्र लाभार्थियों को समय पर सुविधाएं न मिलने की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं। ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडेय विधानसभा में नियम-51 के तहत भर्ती में गड़बड़ी का मुद्दा उठा चुके हैं और इस पर चर्चा की मांग कर चुके हैं।प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 52,000 से अधिक पद खाली हैं।पिछले साल से भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन इसमें गड़बड़ियों की शिकायतें लगातार सामने आईं। हाईकोर्ट में याचिका लंबित होने के कारण यह भर्ती प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। भर्ती की निगरानी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटियों द्वारा की जा रही है, लेकिन जिला कार्यक्रम अधिकारियों की इसमें भूमिका अहम मानी जा रही है। भर्ती प्रक्रिया शुरू से ही विवादों में रही है और कई बार नियमों में बदलाव किए जा चुके हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंडटमीडियट की परीक्षाएं आज, 24 फरवरी से शुरु हो गई है। लेकिन प्रयागराज में आज होने वाली परीक्षा कुंभ के चलते स्थगित कर दी गई। यह परीक्षा प्रयागराज में 9 मार्च को कराई जाएगी। यह फैसला जिला प्रशासन की तरफसे लिया गया है।

प्रदेश में 8,140 केंद्रों पर 54 लाख से ज्यादा बच्चे इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पहला एग्जाम हिंदी का हुआ। एग्जाम देकर लौट रहे 10वीं के छात्रों के कई तरह से रिक्शन देखने को मिले। किसी ने कहा कि एग्जाम बहुत कठिन था, तो किसी ने कहा कि इससे सरल पेपर तो देखा ही नहीं। जब छात्रों से पूछा गया कि एग्जाम में सबसे कठिन क्या लगा इस पर उन्होंने कहा कि एमसीक्यू सॉल्व करने में पसीने छूट गए। कुछ छात्रों ने कहा कि पेपर ज्यादा लंबा था की निबंध लिखने के समय काफी कम मिला। ऐसा लग रहा थी कि कहीं पेपर रह न जाए।

### जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

परीक्षा के बीच लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने राजकीय जुबली इंटर कॉलेज स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कंट्रोल रूम में लगे वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों से हर परीक्षा केंद्र पर नजर रखी जा रही है।

## महाशिवरात्रि पर उमड़ रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैयार

समृद्धि न्यूज

▸ घाटों के साथ शिवालयों व अन्य प्रमुख स्थानों पर भी तैनात होगी पुलिस

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में अब तक 63 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं। इस बार अप्रत्याशित श्रद्धालुओं का आगमन देखा जा रहा है। विशेष रूप से एकादशी और महाशिवरात्रि पर भी भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए, पुलिस बल को घाटों के साथ साथ शिवालयों और अन्य प्रमुख स्थानों पर री डिप्लॉय किया जा रहा है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे।

इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) के नोडल प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पूरे मेले की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर नजर रखने के लिए आधुनिक निगरानी प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। इससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर पार्किंग निर्धारित की गई है। पार्किंग संचालन की प्रक्रिया इस प्रकार तय की गई है कि पहले नजदीकी पार्किंग को उपयोग में लाया जाए और उसके भर जाने पर अन्य पार्किंग स्थल खोले जाएं। इससे श्रद्धालुओं को अनावश्यक रूप से चलना नहीं पड़ेगा।

उम्मीद

रक्षा मंत्री राजनाथ ने मंडी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 16वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा

# पांच वर्ष में 350 अरब डालर पहुंचेगा प्रोद्योगिकी का क्षेत्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300 से 350 अरब डालर तक पहुंचने की उम्मीद है।

श्री सिंह ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 16 वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, भारत का प्रौद्योगिकी सेक्टर बढ़ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300-350 अमेरिकी बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सवा लाख से अधिक स्टार्ट-अप और 110 यूनिकॉर्न के साथ, हमारा देश दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन रहा है। उन्होंने छात्रों को विकास और अवसर के इस दौर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे न केवल भारत की प्रौद्योगिकी प्रगति में योगदान दें, बल्कि अनुसंधान और विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व भी करें। उन्होंने उद्यमशीलता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व का भी उल्लेख किया। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ सकेगा। उन्होंने भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति को आकार देने में संस्थान के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में आईआईटी मंडी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर जोर दिया।

### तेजस एमके-1ए का उत्पादन सुचारू करने के लिए बनी कमेटी

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान वायु सेना प्रमुख की नाराजगी के बाद स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके-1ए का उत्पादन सुचारू करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने एक कमेटी का गठन किया है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी यह समिति एलसीए के उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे पर काम करेगी, क्योंकि सरकार वायु सेना के लड़ाकू स्क्वाड्रनों को बढ़ावा देना चाहती है। पांच सदस्यीय समिति को एलसीए कार्यक्रम में बाधाओं की पहचान करने और उत्पादन में तेजी लाने के उपायों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान एलसीए विमान की आपूर्ति में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। बेंगलुरु में एक विमान का निरीक्षण करते समय एयर चीफ को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अधिकारियों से यह कहते हुए सुना गया था कि उन्हें सरकारी एयरोस्पेस कंपनी पर कोई भरोसा नहीं है।

# डीएम ने की बेलरायां और संपूर्णानगर चीनी मिल प्रबंध समिति की बैठक

▸ विभिन्न प्रस्ताव पर लगी मोहर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में दो चरणों में क्रमशः सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि.बेलरायां और किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लि. सम्पूर्णानगर की प्रबन्ध कमेटी की बैठक ली। इस बोर्ड की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर विचार कर मोहर लगाई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चीनी मिल के सभापति एवं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम दोनों चीनी मिल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष और समस्त संचालक मण्डल के सदस्यो से एक एक कर परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि की गई।

**बेलरायां जीएम ने प्रबंध समिति के समक्ष रखे प्रस्ताव, मंथनः** बैठक में एजेंडे के अनुसार सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि.बेलरायां के प्रधान प्रबन्धक विवेक कुमार यादव ने मिल समिति में चीनी भण्डारण हेतु एक लाख कु0 क्षमता के नये गोदाम निर्माण, एक वर्टिकल स्प्रे पम्प की स्थापना, ड्राई सीड को ग्रेडर से ड्राई सीड किस्टलाइजर में बेल्ट के द्वारा भेजने सम्बन्धित स्थापना कार्य, मिल में पूर्व स्थापित वर्टिकल इंजेक्शन पम्प पर वीएफडी की स्थापना, स्टीम खपत को कम करने हेतु फाईबराइजर का माडीफिकेशन कार्य, 20-20 टन क्षमता के पुराने व्यालरों पर क्षमतानुरूप एक नग नए बेटस्कबर यूनिट का स्थापना कार्य, मिल गेट पर ट्रक तौल कार्य हेतु 80 टन क्षमता के नये तौल कांटे की स्थापना,वाहय् कय केन्द्रों पर गन्ना तौल हेतु 05 मैकेनिकल इलेक्ट्रानिक कांटो को फुल्ली इलेक्ट्रानिक 10 टन क्षमता में परिवर्तित कराने के प्रस्ताव रखे। डीएम ने प्रस्तुत सभी प्रस्तावों की आवश्यकता पर समिति के सदस्यों संग गहन समीक्षा कर सहमति दी।

**सम्पूर्णानगर जीएम ने प्रबंध समिति के समक्ष रखे प्रस्ताव, मंथनः** बैठक में बैठक के एजेंडे के अनुसार किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लि. सम्पूर्णानगर के सचिव/प्रधान प्रबन्धक दीप्ति देव यादव ने मिल समिति में चीनी भण्डारण हेतु एक लाख कु. क्षमता के नये गोदाम निर्माण हेतु प्रस्ताव, मिल समिति में साठ हजार कु. क्षमता का शीरा टैंक निर्माण, मिल समिति के ब्वायलिंग हाउस में एवापोरेटर बॉडी 3200 स्.क्तरू. हाइटिंग सर्फेस के नये सेमीकेस्नर की स्थापना, डायनमिक जूस हीटर 400.स्.क्तरू. की स्थापना, ट्रक यार्ड हेतु 03 आर.सी.सी लाईन बनाने का प्रस्ताव रखे।डीएम ने प्रस्तुत सभी प्रस्तावों की आवश्यकता पर समिति के सदस्यों संग गहन समीक्षा कर सहमति दी।

**इनकी रही मौजूदगीः** बैठक में जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि.बेलरायां की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह और डायरेक्टर प्रगट सिंह, प्रेसेनजीत गर्गवंशी, संतोष कुमार, दयाशंकर, सर्वेश कुमार, ललिता देवी, सरोजनी देवी, मनोज कुमार, रेशम सिंह, साधना पाण्डेय, अशोक चौधरी और किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लि. सम्पूर्णानगर के उपाध्यक्ष और डायरेक्टर्स मौजूद रहे।

## संदिग्ध अवस्था में ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला लखीमपुर रेल मार्ग पर भल्लिया बुजुर्ग हाल्ट की समीप एक अधेड़ की संदिग्ध अवस्था में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया। बता दें कि हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भल्लिया बुजुर्ग निवासी 55वर्षीय मनोहर लाल मिस्त्री सोमवार की सुबह पिलर संख्या 160/16 और 161/0 के बीच करीब 5.30बजे मैलानी से लखनऊ जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौके पर गोला जीआरपी और हैदराबाद पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न करने के लिए कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक में महाशिवरात्रि पर्व के दिन वाहनों को मिल यार्ड में पार्क कराए जाने, भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 400 से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती किए जाने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने कहा कि महाशिवरात्रि के पर्व पर शाम को शिव मंदिर से शिव बारात निकाली जाती है। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस रात लगभग 10 बजे वापस शिव मंदिर में पहुंचेगी। इसके बाद पूरी रात जगरात आदि के साथ पूजा अर्चना की जाती है। बैठक में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, ईओ सुरेंद्र कुमार, सीओ सदर रमेश तिवारी, फायर ब्रिगेड के सुरेंद्र कुमार शिंदे, व्यापार मंडल के नानक चंद वर्मा, पारस प्रसाद मिश्रा, विनोद स्वर्णकार, अरविंद पांडे, दुर्गेश सोनी, संजय अवस्थी, राजा इनामुल्ला, अशोक सक्सेना, मोहम्मद दानिश आदि मौजूद रहे।

## मंगलेश्वरनाथ मन्दिर स्थापना को लेकर जल यात्रा एवं वेदी स्थापना का कार्यक्रम होगा शुरू

**मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र के ग्राम राजापुर में मंगलेश्वरनाथ मन्दिर स्थापना करने हेतु 11 बजे मां गोमती से जल यात्रा एवं वेदी स्थापना का कार्यक्रम प्रारम्भ होने जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक पंचायतीराज समिति के अध्यक्ष / विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 25 फरवरी दिन मंगलवार को आदिवास विग्रह शोभायात्रा, 26 फरवरी बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहूती, 27 फरवरी वृहस्पतिवार को प्रभू प्रसाद भोग भण्डारा प्रातः 11 बजे से रात्रि प्रभू इच्छा तक चलेगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता को आवाहन करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर प्रभू प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बने।



# जो कुछ पढ़ा था सब वही आया, चुटकियों में हल हो गया पेपर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विद्यार्थियों के लिए सोमवार का दिन खास था। क्योंकि हिंदी परीक्षा का प्रश्न पत्र देख कर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यार्थियों ने कहा कि पेपर बिल्कुल आसान था चुटकियों में हल हो गया वहीं कुछ विद्यार्थियों ने बताया कि जो भी सवाल आए थे उन्हें सभी अच्छी तरह से पढ़े हुए और सब कुछ बिल्कुल पड़े हुए थे वही आया। विद्यार्थियों का कहना था कि जो विषय और सवाल पेपर में थे वह काफी सरल और समझ में आने वाले थे। और उन्हें पढ़ाई में किए गए प्रयासों का फल मिला है। उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था क्योंकि एक और लंबी मेहनत के बाद इस तरह का पेपर देखकर उन्हें राहत महसूस हुई एक छात्रा ने खुशी से कहा जो कुछ पढ़ा था सब वही आया था हमें भरोसा था कि हम इस बार अच्छा करेंगे।



पेपर बहुत अच्छा रहा पिछली बार कुछ प्रश्न सिलेबस के बाहर से आए थे लेकिन इस बार निबंध और सभी प्रश्नोत्तर सिलेबस से ही आए हैं पैटर्न में बदलाव होने के बाद भी पेपर कठिन नहीं लगा।
**-अमन कुमार**



पेपर आसान था लेकिन टाइम मैनेजमेंट न होने के कारण सारे प्रश्न हल नहीं हो सके ऐसा लग रहा है कि कुछ अतिरिक्त समय मिलता तो पूरा पेपर हल कर लिया जा सकता था।
**-दिव्यांश पटेल**



हिंदी का पेपर सरल था पढ़ाई में किए गए प्रयासों का फल प्राप्त हुआ। उम्मीद है आगे भी आसान प्रश्न पत्र आएंगे। सभी प्रश्न हल करने का प्रयास किया है।
**-विवेक राज**

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ-बरेली रेल प्रखंड पर ट्रेन चलाने की मांग



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** लखनऊ- बरेली रेल प्रखंड पर ट्रेनों की संख्या बढाये जाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने रेल मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा को सौंपा। जिला उद्योग व्यापार मण्डल ने रेल मंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा है कि लखनऊ- बरेली रेल प्रखंड पर पूर्व की भांति ट्रेनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। जिस कारण व्यापारियों और क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ज्ञापन में कहा है कि मैलानी जंक्शन से डालीगंज तक सुबह 5 बजे के बाद दोपहर 11.45 पर सवारी गाडी चलती है। सुबह 7 से 8 बजे के बीच एक सवारी गाडी की जरूरत है। वहीं दोपहर 2.05 बजे सीतापुर तक चलने वाली सवारी गाडी को लखनऊ तक करने व दोपहर 4 बजे के लगभग नई सवारी गाडी चलाई जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ से बरेली रेल प्रखंड पर 7 साल बीत जाने के बाद भी एक सीधी ट्रैन नहीं चल सकी। जिससे व्यापारियों के साथ-साथ आमजनमान को भारी नुकसान हो रहा है। लखीमपुर जिले के मैलानी जंक्शन से कानपुर, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब के लिए कम से कम दो जोडी ट्रैन साधी चलायी जायें। इसके साथ सीतापुर तक आने वाली लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रैन का विस्तार मैलानी तक रेलवे बोर्ड कई माह पहले कर चुका है। उसे जल्दी चलवाया जाये।

### मिल में घोटालों की जांच के लिए मिल संचालिका ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत



**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।** सरजू सहकारी चीनी मिल में हुए घोटालों की जांच के लिए उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां में हुए घोटालों की जांच के लिए मिल संचालिका ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मिल के द्वारा किसानों को दी जाने वाली खाद व पेस्टीसाइड के लिए मार्च 2024 में एक चेक 15 लाख 65 हजार का इफको फर्टिलाइजर के नाम बना था उसके बाद वो किन्ही कारणों की वजह से कैंसिल कर दिया गया। दोबारा मई में फिर 15 लाख 65 हजार का चेक कुमार प्रापर्टी डीलर लखीमपुर के नाम बना दिया गया वो चेक यश बैंक लखीमपुर की शाखा में कैश भी हो गया जिसकी जानकारी जब संचालिका सरोजनी देवी को हुई तो उन्होंने कोतवाली तिकुनिया में तहरीर व उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि चीनी मिल कुमार प्रापर्टी डीलर से ऐसा क्या खरीददारी हुई जिसका पेमेंट किया गया। यदि कुमार प्रापर्टी से मिल संबंधित कोई चीज नही ली गई है तो यह बड़ा घोटाला किया गया है इसलिए तत्कालीन जीएम विवेक कुमार यादव व उस समय तैनात सीसीओ वीरेंद्र कुमार यादव पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाय। जबकि इससे पूर्व में गन्ना विभाग के द्वारा किसानों को दिया जाने वाला बीज के नाम पर लाखों रुपये का घोटाला किया जा चुका है जिसकी शिकायत की गई थी तो उस समय कैजुअल पर काम कर रहे कर्मचारियों को निकाल दिया था लेकिन कुछ समय के बाद फिर रख लिया गया है।

### नगर निगम ने छेड़ा बकाया वसूली अभियान, अलका राज होटल से वसूले 15 लाख



**अयोध्या।** नगर निगम प्रशासन ने टैक्स वसूली को लेकर अभियान छेड़ दिया है। नगर क्षेत्र के 63 बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर उनके खिलाफ करवाई शुरू की गई है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय एवं सौरभ नाथ तथा विविध कर अधीक्षक जयप्रकाश के नेतृत्व में टीम ने शहर के रिकाबगंज स्थित अलका राजे होटल व अलका टावर पर छापा मारा सहायक नगर आयुक्त श्री पांडेय ने बताया कि प्रतिष्ठान पर गृहकर एवं जलकर के रूप में 38 लाख रुपये टैक्स बकाया था। अलका राजे होटल ने 15 लाख रुपये टैक्स तत्काल जमा किया। शेष टैक्स जमा करने के लिए मार्च तक तक की मोहलत नगर निगम ने प्रतिष्ठान को दी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गृहकर, जलकर के 63 बड़े बकायेदारों को चिन्हित किया गया है। द्वितीय चरण में 50 बड़े बकाएदारों की सूची तैयार की गई है। उनके विरुद्ध भी कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र के सभी छोटे बड़े बकायेदार से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन,चेक अथवा कार्यालय आकर अपना बकाया जमा कर दें, ताकि उन्हें ब्याज न देना पड़े।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एसपी ने देखी शिव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था

▸ निरीक्षण के बाद अधीनस्थों को दिए निर्देश

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने पुलिस व तहसील सहित नगर पालिका प्रशासन के साथ शिव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। तथा अधीनस्थों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। एसपी संकल्प शर्मा एसडीएम विनोद गुप्ता तहसीलदार सुखबीर सिंह नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव नगर पालिका परिषद के युवा सुरेंद्र कुमार अग्नि सम्मान दल के प्रभारी सुरेंद्र कुमार शिंदे समेत प्रशासनिक अमला शिव मंदिर पहुंचा। जहां महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों की सहूलियत और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन किया गया। एसपी ने खुद कई स्थानों का निरीक्षण किया।

**शिवरात्रि पर होगी कैमरों की निगरानीः** महाशिवरात्रि पर पौराणिक शिव मंदिर में भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, साथ ही अराजक तत्वों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों से समूचे मंदिर परिसर की निगरानी की जाएगी।

**लगाइ गई बेरीकेडिगः** शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने कई स्थानों को चिन्हित कर बैरिकेडिंग लगाए जाने के निर्देश दिए है। जिससे कि भक्तों की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

**बड़े वाहनों पर रहेगी रोकः** महाशिवरात्रि पर शहर में बड़े और भारी वाहनों को प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। शहर के प्रमुख मार्गो की सीमाओं से ही बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया जाएगा।

**मंदिर के मुख्य पूर्वी द्वार से होगा प्रवेशः** भक्तों को शिव मंदिर के पूर्व की तरफ से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा और पूजा अर्चना के बाद उन्हें वीआईपी गेट की तरफ से बाहर निकल जाएगा।

# आदर्श विवाह एवं नव कुंडी महायज्ञ को लेकर तैयारियां शुरू

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत भैरमपुर के गांव में विवाह को लेकर धूमधाम से कलश वितरण किया गया। इस अवसर को मुख्य प्रवक्ता शक्तिपीठ लखीमपुर रामखेलावन निषाद लक्ष्मी नारायण वर्मा, खजान पाल, शक्तिपीठ बंमभनपुर देशराज राठौर, प्रवक्ता शक्तिपीठ निघासन विनोद सिंह, गायत्री परिवार के लोगो ने बाजे के साथ धूमधाम से रैली निकाली। रैली दुर्गा मंदिर से सरयू घाट से भरकर सीधे दुर्गा मंदिर महिलाओं ने कलश भरकर पूजा करेगी इसके बाद कलश यात्रा सीधे दुर्गा मंदिर पर वापस आएंगी। 18 मार्च को कलश यात्रा 19 मार्च को हवन पूजा होना है 20 मार्च को मुंडन संस्कार सर्व धर्म आदर्श विवाह शादी, शाम को विदाई का कार्यक्रम, शाम को दीप यज्ञ होना है।

## चोरों ने गैस एजेंसी को बनाया निशाना, लाखों की नकदी ले उड़े

**जालौन (उरई)।** अज्ञात चोरों ने गैस एजेंसी को निशाना बनाकर गैस एजेंसी में रखे नौ लाख 43 हजार रुपये चोरी कर लिए। गैस एजेंसी संचालक की सूचना पर कोतवाली पुलिस समेत एसओजी टीम और फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। कोतवाली क्षेत्र में लौना रोड पर जालौन गैस एजेंसी के नाम से इंडेन गैस एजेंसी संचालित हो रही है। रविवार को गैस एजेंसी पर सिलिंडर की बिक्री के 9,43,420 रुपये रखे थे। रविवार होने के चलते रुपये बैंक में जमा नहीं किए गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने पहले गैस एजेंसी के ऑफिस का ताला तोडने़ का प्रयास किया। लेकिन जब वह इसमें सफल नहीं हुए तो चोर पीछे से ऑफिस की छत पर चढ़ गए। चोर छत के दरवाजे का कुंडा तोड़कर जीने के रास्ते नीचे आ गए और नीचे और एक ताला और सेफ के लॉकर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने लॉकर में रखे सभी रुपये चोरी कर लिए और छत के रास्ते से ही बाहर निकल गए। सीसीटीवी फुटेज में घटना रात करीब दो बजे के आसपास की है। सुबह जब आफिस खुला तो चोरी की जानकारी हुई। जिसकी सूचना गैस एजेंसी संचालक प्रभू दयाल भाटिया ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल अजीत सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी।

## सूर्य मंदिर सड़क निर्माण को लेकर 27 को वक्तव्य देंगे विधायक चतुर्वेदी

**कालपी (जालौन)।** विख्यात धर्मस्थल सूर्य मंदिर को आने जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण करने के लिए क्षेत्रीय विधायक के द्वारा पहल तेज कर दी गई है। कालपी से मदरा लालपुर होते हुए सूर्य मंदिर तक सड़क निर्माण को जाने हेतु प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृति निर्गत किए जाने के लिए शासन को दिए गए पत्र को संज्ञान लिया गया है। 27 फरवरी को विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी विधानसभा के सदन में भाषण देकर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। उक्त मामले को लेकर विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने शासकीय पत्र में विनोद चतुर्वेदी को अवगत कराया है कि सड़क निर्माण के लिए सदन में वक्तव्य दिए जाने के लिए 27 फरवरी को तिथि निर्धारित की गई है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर गर्भवती विवाहिता की हत्या, फंदे पर लटकाया शव

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

▸ पिता की तहरीर पर विवाहिता के पति समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी अमृतलाल पुत्र मोहनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी गोल्डी का विवाह जुलाई 2024में गोला थाना क्षेत्र के ग्राम विलियमगंज निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र सुंदरलाल के साथ किया था। बेटी को दिए दहेज से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे और दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उनकी बेटी को आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार लोहे की राड से मारा पीटा। बेटी के विवाह में उन्होने पांच लाख रुपये नगद और तीन लाख के सामान के साथ एक बाइक भी दी थी। 10फरवरी को उनकी पुत्री गोल्डी को उसकी ससुराल वालों ने काफी मारा पीटा। सूचना मिलने पर जब वह बेटी के ससुराल गए और समझाने का प्रयास किया। उनकी बेटी चार माह की गर्भवती भी है। 18 फरवरी की शाम उसकी बेटी की ससुरालीजन सहित दामाद देवेंद्र कुमार, सास निर्मला देवी, ननद सीमा देवी और जेठानी कुमकुम ने उसकी बेटी गोल्डी को बुरी तरह से मारा पीटा। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत को आत्महत्या दर्शाने के लिए उनकी बेटी के शव को लटका दिया गया। 19 फरवरी की सुबह 3:30 पर सूचना दी गई कि बेटी गोल्डी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह सूचना देने के बाद दामाद देवेंद्र कुमार मौके से फरार हो गया। जब वह अपने परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे तब तक उसकी पुत्री को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम हो जाने के बाद रात्रि में ही विपक्षीगणों ने उनकी पुत्री का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# व्यक्तित्व विकास में खेल का बड़ा महत्वः प्रो गोयल

▸ खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन से पा सकते है शोहरतः चौधरी किरण पाल सिंह

▸ अविवि की स्वर्ण जयंती खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में खेल एवं योगा समिति द्वारा आवासीय परिसर में स्वर्ण जयंती खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।सोमवार को मुख्य प्रशासनिक भवन स्थित मैदान में मुख्य अतिथि चैधरी किरण पाल सिंह,एशियाड गोल्ड मेडलिस्ट और कार्यक्रम अध्यक्षता कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता के कबड्डी बालिका वर्ग में पहला मैच अवध विश्वविद्यालय और नंदिनी नगर पीजी कॉलेज गोंडा के बीच खेला गया जिसमें नंदिनी नगर विजेता रहा।वहीं बालिका वर्ग के दूसरे मैच में अवध राज सिंह महाविद्यालय बैरिया गोंडा और आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के बीच मैच हुआ जिसमें अवध राज सिंह महाविद्यालय विजेता रहा।दूसरी ओर बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में अवध राज सिंह महाविद्यालय और नंदिनी नगर के बीच हुए रोमांचक मैच में विजेता रही जिनमें अवध राज सिंह महाविद्यालय रहा।वहीं बालक वर्ग के कबड्डी मैच में पहला मुकाबला राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय गोंडा और अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर के मध्य हुआ जिसमें राजा देवी बक्श सिंह व अवध राज सिंह महाविद्यालय विजेता रहा।वहीं दूसरे मुकाबले में नंदिनी नगर पीजी कॉलेज गोंडा और आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के बीच हुए मैच में विजेता नंदिनी नगर महाविद्यालय विजेता रहा। पहले सेमीफाइनल मैच में कान्य कुब्ज साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या और आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय पूरा बाजार अयोध्या के बीच के मैच में साकेत महाविद्यालय विजयी रहा। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मैच में अवध राज सिंह महाविद्यालय बैरिया गोंडा और साकेत महाविद्यालय के बीच हुए मैच में अवध राज सिंह महाविद्यालय विजेता रहा।फाइनल मुकाबला अवध राज सिंह महाविद्यालय और नंदिनी नगर महाविद्यालय के बीच रोमांचक मैच हुआ जिसमें अवध राज सिंह महाविद्यालय विजेता रहा। इस कबड्डी खेल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका उपेंद्र शुक्ला, नीतू गुप्ता, रोहित शुक्ला, यशवंत सिंह ने निभाई। इस तरह दोनों मुकाबले में अवध राज सिंह महाविद्यालय विजेता रहा।इस प्रतियोगिता के शुभारम्भ में कुलपति प्रो गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय अपना 50वां स्थापना वर्ष मना रहा है। इसके उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए खेल का बड़ा महत्व है।खेल जीवन जीने की जूनून पैदा करता है। इस अवसर पर कुलसचिव उमानाथ, क्रीड़ा उपाध्यक्ष प्रो हिमाशु शेखर सिंह, मुख्य नियंता प्रो संत शरण मिश्रा सह संयोजक डॉ आशीष प्रताप सिंह, डॉ अनिल कुमार मिश्रा,डॉ कपिल कुमार राणा, कुमार मंगलम सिंह व विभिन्न महाविद्यालयों से आये टीम मैनेजर व कोच में डॉ दुष्यंत प्रताप सिंह, डॉ नागेंद्र प्रताप सिंह, डॉ साजन सिंह, डॉ गोपाल नंदन श्रीवास्तव, डॉ आकाश सिंह, डॉ अयूब सिद्दीकी व सुरेश सिंह मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं को प्राथमिकता से होगा निस्तारण

**डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं निस्तारण के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय।

निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्रवाई की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना।

जनता दर्शन मे कई दर्जन जिलों से लोगों ने आकर समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बाबत जिलों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

# परीक्षा केवल शैक्षणिक मूल्यांकन नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव : गुलाब देवी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 के पहले दिन लखनऊ के जुबली इंटर कॉलेज में प्रथम पाली के परीक्षार्थियों का तिलक कर एवं मीठा खिलाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा में पूरी लगन और आत्मविश्वास के साथ शामिल हों और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷परीक्षा पे चर्चा 2025÷ कार्यक्रम से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा है और यह परीक्षा केवल शैक्षणिक मूल्यांकन नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। योगी सरकार विद्यार्थियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने लखनऊ के राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज एवं ब्राइटवे इंटर कॉलेज, अलीगंज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी सुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। इसके उपरांत उन्होंने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का जायजा लिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि यूपी बोर्ड के टोल फ्री नंबर 1800-180-5310 तथा 1800-180-5312 पर परीक्षार्थियों की समस्याओं, जिज्ञासाओं का समाधान किया जाए और मनोवैज्ञानिक सहयोग प्रदान किया जाए। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। स्ट्रांग रूम, परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार की विशेष निगरानी की जाए।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जनपद लखनऊ के कंट्रोल रूम तथा राजकीय जुबली इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका कॉलेज नरही एवं नवजीवन इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सुगमतापूर्वक परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 आज से प्रारंभ हो गई। परीक्षा का आयोजन 24 फरवरी से 12 मार्च तक कुल 13 दिनों में किया जाएगा। इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 54 लाख 37 हजार 233 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### सी.एम.एस. चौक कैम्पस में 'वार्षिक समारोह' का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित 'वार्षिक समारोह' में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-सॉंस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों से विश्व एकता व विश्व शान्ति का जोरदार अलख जगाया। स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना, विश्व संसद, गीत-संगीत, नृत्य, भाषण, लघु नाटिका आदि की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इससे पहले, मुख्य अतिथि डा. हीरालाल, आई.ए.एस., सी.ई.ओ., स्टेट लेवल नोडल एजेन्सी, परती भूमि विकास विभाग, उ.प्र. ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया। डा. हीरालाल ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा बालक को व्यक्तिगत तथा सामाजिक दोनों क्षेत्रों में रचनात्मक विकास हेतु प्रेरित करती है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर कहा कि स्कूल पर बालक को एक अच्छा इंसान बनाने की नैतिक जिम्मेदारी होती है और यह कार्य अभिभावकों के सहयोग से ही संभव है। सी.एम.एस. का लगातार यही प्रयास है कि हम छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा व उनकी क्षमताओं को विकसित कर उन्हें समाज का एक आदर्श नागरिक बनायें।

### विधानसभा के सामने दंपत्ति ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुत्री की गुमशुदगी से आहत एक व्यक्ति ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हजरतगंज क्षेत्र में विधानसभा के गेट नंबर पांच के पास आज सुबह एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास किया जिसे वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने विफल कर दिया। उन्होने बताया कि विधानसभा के गेट नंबर पांच के पास कानपुर जिले के बिल्हौर क्षेत्र निवासी वेद नारायण दुबे (56) अपनी पत्नी निर्मला (54) के साथ ज्वलनशील तरल पदार्थ लेकर आत्मदाह का प्रयास करने के लिये पहुंचे थे मगर वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनो को रोक लिया। दंपत्ति को हजरतगंज थाने ले जाया गया। पूछताछ में पता चला है कि दंपत्ति की पुत्री लापता है और पुलिसधारा 140 (1) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर रही है।

### महेश नमकीन फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नादरगंज स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में महेश नमकीन की फैक्ट्री है। रविवार-सोमवार बीच रात करीब तीन बजे फैक्ट्री से धुआं निकलने लगा। जिसे देखकर वहां मौजूद कर्मचारियों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। कर्मचारियों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। एफएसओ सरोजनी नगर सुमित प्रताप सिंह दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच गए। आग की लपटें देखकर राहत कार्य शुरू किया। इसके साथ ही अन्य स्टेशनों ने सहायता मांगी। इसके बाद आलमबाग, हजरतगंज फायर स्टेशन से चार दमकल पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है।

### ढाई लाख का ट्रांसफॉर्मर तेल और तांबा चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। सोमवार रात को चोरों ने पहाड़पुर पिकेट पुलिस चौकी के पास से 250 केवीए ट्रांसफॉर्मर का सामान चुरा लिया। बीकेटी कुम्हरावां मुख्य मार्ग पर स्थित ट्रांसफॉर्मर से चोरों ने तेल और तांबा चोरी किया। अवर अभियंता संजय कुमार के अनुसार, चोरी किए गए सामान की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए है। यह घटना बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान भाजपा विधायक योगेश शुक्ला के पैतृक गांव में हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब विधायक के गांव में पुलिस चौकी के पास ऐसी घटना हो सकती है, तो अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही महिगवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

### मृत्युंजय महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा, भंडारे का हुआ आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-2 स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय पूजन महोत्सव का समापन आज प्राण प्रतिष्ठा, सुंदरकांड पाठ और हवन के साथ हुआ। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजन कार्यक्रम का संचालन आचार्य जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान उपेंद्र सिंह सपत्नीक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सदाकांत शुक्ला, आईएएस प्रमुख सचिव विनय कृष्ण पांडेय महासचिव, गजेंद्र सिंह, अशुल, पिकी शुक्ला, देवेश सिंह, हिमांशु सिंह, अरविंद गुप्ता, विपिन शुक्ला सहित संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल और साठ फिटा व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण भक्ति भाव से गूंज उठा और श्रद्धालु पूर्ण आस्था के साथ भगवान मृत्युंजय महादेव के दर्शन के लिए उमड़े।

### प्रापर्टी डीलर हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में काकोरी के बेहटा गांव में प्रापर्टी डीलर अंकित लोधी के चारों हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह हत्या एक प्राइम लोकेशन ही प्रापर्टी को लेकर हुई थी। पुलिस ने इस घटना से जुड़े सभी साक्ष्यों को जुटाते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि काकोरी थानाक्षेत्र में अंकित नाम के युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान दूलागंज काकोरी निवासी सुमित कनौजिया (28) पुत्र रामप्रसाद, सरवन उर्फटऊवा (42) पुत्र कैलाश, अंशू यादव उर्फकाली (19) पुत्र रामकेश यादव, पलेहन्दा काकोरी निवासी रंजीत कुमार (22) पुत्र बुद्धीलाल के रूप में हुई।

### बाजार से लौट रही युवती से छेड़छाड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाग आईना बीबी पार्क हुसैन गंज की रहने वाली युवती ने बताया कि वो अपनी दो फ्रेंड के साथ बाजार गई थी। लौटते समय रास्ते में बताशा पानी खाने लगी। तभी इलाके के रहने वाले युनूस, अभिजीत और लक्की आ गए। तीनों अश्लील कमेंट करने लगे। मना किया तो गाली देते हुए बैड टच किया। इसके बाद लात घूंसों से पीटने लगे। युवती का कहना है आरोपी कई दिनों से पीछा कर छेड़खानी कर रहे हैं। मना करने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। मामले में इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता का कहना है कि युनूस और अभिजीत के खिलाफ 151 की कार्रवाई की गई है।

### चित्रकूट में राष्ट्रीय रामायण मेला कल से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री राम की प्रवास भूमि चित्रकूट में विगत 51 वर्षों से आयोजित होते आ रहे राष्ट्रीय रामायण मेला का 52वां समारोह 26 फरवरी से 02 मार्च तक होगा। संस्कृति एव पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित मेले का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे। 02 मार्च को समापन समारोह में तुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरु रामानंदाचार्य पद्मविभूषण स्वामी रामभद्राचार्य उपस्थित रहेंगे।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी

समृद्धि न्यूज




**ऊर्जा मंत्री के निजीकरण पर दिए गए वक्तव्य से कर्मियों में आक्रोश, 89वें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली वितरण निगमों के काम में लगातार सुधार हो रहा है और महाकुंभ में बिजली कर्मियों ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर पूरे देश को चकित कर दिया है। इसके बावजूद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा आज पुनः विधान परिषद में बिजली के निजीकरण के पक्ष में दिया गया वक्तव्य दुर्भाग्यपूर्ण है। ऊर्जा मंत्री के इस वक्तव्य से बिजली व्यवस्था सुधार में लगे बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि विकसित भारत के लिए बिजली का निजीकरण नहीं अपितु सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली उद्योग को रखा जाना प्राथमिक आवश्यकता है क्योंकि निजी क्षेत्र के लिए बिजली एक व्यापार है और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए बिजली एक सेवा। आगरा में टोरेंट कंपनी का प्रयोग इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऊर्जा मंत्री द्वारा सदन में यह बताना चाहिए था कि टोरेंट को प्रति यूनिट बिजली किस रेट में प्राप्त हो रही है और कंपनी द्वारा पॉवर कॉर्पोरेशन को प्रति यूनिट कितना राजस्व दिया जा रहा है। और विगत वर्ष 2023-24 में इस कारण हुए 275 करोड़ रुपये के घाटे की भरपाई कैसे की जाएगी? जबकि कम्पनी द्वारा आगरा में बिजली बेंच कर 800 करोड़ रुपये का मुनाफा फिर कैसे कमाया? यदि निजीकरण के इस प्रयोग की सही समय पर समीक्षा होती तो एक साल में पॉवर कॉर्पोरेशन को 1000 करोड़ का मुनाफा होता। किंतु पिछले 15 वर्षों में सिर्फ आगरा के निजीकरण से ही पॉवर कॉर्पोरेशन को हजारों करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है। पदाधिकारियों ने आगे कहा कि यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने वर्ष 2023-24 में प्रति यूनिट बिजली विक्रय कर रु 04.47 प्रति यूनिट राजस्व वसूली की है जो आगरा शहर में टोरेंट पॉवर कंपनी से मिलने वाले राजस्व रु0 4.36 प्रति यूनिट से अधिक है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आगरा एक औद्योगिक शहर और सबसे अधिक पांच सितारा होटल है। दूसरी और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत बुंदेलखंड और चंबल का क्षेत्र आता है और अनेक गांव आते हैं। इन स्थानों पर बिजली का राजस्व बहुत कम है।

## परीक्षार्थी तनावमुक्त होकर दें बोर्ड परीक्षा : सचिव

**लखनऊ।** सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों से अपील की है कि परीक्षा का तनाव बिल्कुल न लें तथा सहज होकर परीक्षा में सम्मिलित हों। यदि विद्यालय द्वारा किसी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र नहीं दिया जा रहा है या विषय, वर्ग एवं जेण्डर के त्रुटिपूर्ण अंकन हो जाने के कारण परीक्षा में सम्मिलित होने में विद्यालय या किसी अन्य स्तर से बाधा उत्पन्न की जा रही है या कोई समस्या आ रही हो तो परिषद कार्यालय में 24 घण्टे संचालित हेल्पलाइन नम्बर 1800-180-5310 एवं 1800-180-5312 पर सम्पर्क करें। समस्या, जिज्ञासा का निश्चित एवं तत्काल समाधान किया जायेगा। यदि कोई भी संस्था या व्यक्ति किसी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से रोकने में संलिप्त एवं दोषी पाया जायेगा तो परिषद द्वारा दृष्टांतजनक कार्रवाई की जायेगी।

# मिशन वात्सल्य : सरकारी-गैर सरकारी संगठनों ने की बच्चों के संरक्षण पर चर्चा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित दयाल गेटवे में पेस संस्थान और जॉइनिंग फोर्सेज ने मिलकर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल अधिकारों की समझ विकसित करना और इस दिशा में साझा प्रयासों को मजबूत करना था। मिशन वात्सल्य उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ. पुनीत मिश्रा ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उन्होंने बताया कि मिशन वात्सल्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा और शोषण रोकने के लिए काम कर रहा है। पेस संस्थान के निदेशक थॉमसन थॉमस ने पहले सत्र का संचालन किया। चाइल्ड फंड इंडिया की स्टेट प्रोग्राम मैनेजर पोलोमी राय ने कार्यशाला का एजेंडा प्रस्तुत किया। चाइल्ड फंड इंडिया के बाल संरक्षण विशेषज्ञ सुखेन्दु संत्रा ने जॉइनिंग फोर्सेज की गतिविधियों की जानकारी दी। मिशन वात्सल्य के मिशन मैनेजर विनय ओझा ने बताया कि यह मिशन 2021 में केंद्र सरकार ने शुरू किया। उत्तर प्रदेश में इसे 2023 में लागू किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्डलाइन और बाल आश्रय गृह जैसी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में यूनीसेफ के अनिल द्विवेदी और श्याम प्रकाश सिंह सहित कई जनपदों के अधिकारी मौजूद रहे। एक पैनल चर्चा में बाल अधिकारों की चुनौतियों और समाधानों पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यशाला में सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों, अंतरराष्ट्रीय एनजीओ और मीडिया के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन संस्था की सचिव रजविन्दर कौर ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम के निष्कर्षों पर चर्चा की और सभी को भविष्य के कार्यों के लिए प्रेरित किया। पेस संस्थान के कर्मचारियों का विशेष योगदान था, जिसने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद की।

# प्रीपेड मीटर लगाकर कंपनियां हर माह कमाएंगी 120 करोड़ का लाभ

समृद्धि न्यूज

**केंद्र से 18885 का अनुमोदन टेंडर किया 27342 करोड़**

**लखनऊ।** प्रदेश में लगभग 3 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जाना है। वैसे जो टेंडर जारी किया गया वह लगभग 2 करोड़ 70 लाख के करीब है। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय ने कहा यदि सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाए तो बिजली कंपनियां फायदे में पहुंच जाएगी। यह स्वतः आत्मनिर्भर स्कीम है।

भारत सरकार ने प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों को लगभग 18885 करोड़ का अनुमोदन दिया। लेकिन उत्तर प्रदेश में लगभग 27342 करोड़ टेण्डर जारी कर दिया गया। यानी कि लगभग 9000 करोड़ ज्यादा के टेण्डर किये गए। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आदेश के क्रम में विद्युत नियामक आयोग ने अगस्त 2024 में अपने आदेश में यह दर्ज कर दिया कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां जब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाएगा तो उत्तर प्रदेश को लगभग 18 से 40 रूपये का प्रति मीटर प्रति माह फायदा होगा। यानी की 3 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं पर अधिकतम फायदे के रूप में यदि रुपए 40 प्रति मीटर अधिकतम फायदे को जोड़ लिया जाए तो बिजली कंपनियां रुपया 120 करोड़ के फायदे में प्रतिमाह आ जाएगी। सभी उपभोक्ताओं स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से साल भर में सभी बिजली कंपनियां लगभग 1440 रूपये करोड़ का अधिकतम फायदा कमाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा भारत सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सहारे उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों को सुधारने की स्कीम लागू की टेंडर भी 9000 करोड़ अधिक राशि पर जारी कर दिया गया।

## जल, जमीन और शिक्षा पर सबका अधिकार : मौलाना यासूब अब्बास

**लखनऊ।** लखनऊ में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने आपत्ति जताई। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर मौलाना ने नाराजगी जताई। मौलाना ने कहा कि आजाद भारत में सभी को बयान देने का अधिकार है। हिंदू और मुसलमान को इस समय जोड़ने की आवश्यकता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में बड़ा बयान देते हुए कहा कि जहां-जहां आरएसएस है। वहां हिंदुओं की जल, जमीन, मकान, मंदिर और श्मशान की रक्षा करनी होगी। उन्होंने स्वदेशी आचरण अपनाने और मातृभाषा को प्राथमिकता देने की अपील किया। साथ ही ये भी कहा कि जहां जरूरत हो वहां अंग्रेजी बोली जा सकती है। अब इस बयान को लेकर सियासी और धार्मिक लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है।

# गड़बड़ी करने वाले कार्मिकों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**किसी भी विद्युत कर्मी का सरकार नहीं होने देगी अहित : शर्मा**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को विधान परिषद में निजीकरण के सवाल पर विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि यूपी में पहली बार सन 1993 में निजीकरण की प्रक्रिया नोयडा में शुरू की गयी थी और सन 2010 में टोरेंट को भी फ्रेन्चाइजी मिली। ये दोनों कार्य विपक्ष की सरकार के दौरान हुए। लेकिन अब विपक्ष



बिजली के निजीकरण या पीपी माडल पर भ्रामक अफवाहें फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। फिर भी जनता का विश्वास सरकार के साथ ही है। ऊर्जा मंत्री ने एके शर्मा ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत किसी भी विद्युत कार्मिक का अहित नहीं होने जा रहा। सभी के हितों का पूरा ध्यान दिया जायेगा। जो विद्युत वितरण कंपनियां अच्छा कार्य कर रही हैं, उनके कार्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। जहां समस्या आ रही है जैसे कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों में ऐसी व्यवस्था बनाने की प्रक्रिया की जा रही है।

जनता को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने पड़ेगे, उस पर कार्य किया जायेगा। भ्रष्टाचार के मामलों पर कहा कि विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए थर्ड पार्टी जांच की व्यवस्था पहली बार शुरू की गयी है। पहले इस प्रकार की व्यवस्था नहीं थी। कार्यों के साथ गुणवत्ता की भी जांच चलती रहती है। यह पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक पद्धति से कराई जाती है। भ्रष्टाचार पर 10 जूनियर इंजीनियर तथा 01 सहायक इंजीनियर को चार्जशीट दिया गया और 02 जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त भी किया गया है तथा इसमें संलिप्त एक कार्यदायी संस्था को एक वर्ष के लिए वैन भी कर दिया गया है।

## स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि इसे बनाएं जीवनशैली का हिस्सा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ 2025 अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। इस महाकुम्भ ने अब तक कई विश्व कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। महाकुम्भ आज विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक, अध्यात्मिक, सांस्कृतिक आयोजन बनकर उभरा है। जिसे सफल बनाने में हमारे सच्चे नायक स्वच्छता कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिन्होंने कुम्भ मेला क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने हेतु दिन-रात कार्य किया। महाकुम्भ में बनाये गये विश्वकीर्तिमानों में एक और कड़ी जुड़ गई है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में सोमवार को 15 हजार स्वच्छता कर्मियों ने लगभग 10 किमी. तक सफाई अभियान चलाकर एक नया कीर्तिमान रचा है, जो देश की स्वच्छता के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह रिकॉर्ड हमारे स्वच्छता कर्मियों के समर्पण और एकजुटता का अभूतपूर्व उदाहरण है।

हजारों स्वच्छता कर्मियों ने मिलकर इस पवित्र आयोजन को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बने। महाकुम्भ का यह कीर्तिमान हमें प्रेरित करता है कि हम हर दिन अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और एक स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं।

**तैयारियां** | विधि-विधान के साथ भोले बाबा को लगाई गई हल्दी, महाशिवरात्रि पर मंदिर पहुंचेगा भक्तों का सैलाब

# महाशिवरात्रि की तैयारी, मनकामेश्वर मंदिर में हुई हल्दी रस्म

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ मनकामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को मंदिर में हल्दी की रस्म हुई। मंदिर की महंत देव्या गिरी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। इस दौरान विधि विधान के साथ भोले बाबा को हल्दी लगाई गई।

महंत देव्या गिरी ने बताया कि चार दिवसीय शिवरात्रि पर्व में मात्र दो दिन ही शेष बचे हैं। मंदिर में धूमधाम से हल्दी की रस्म मनाई गई महंत देव्या गिरी ने बताया कि पहले सगाई की रस्म हुई। उसके बाद हम लोग बधावा लेकर निकले और आज हल्दी की रस्म हो रही है।



इसके बाद कुछ और कार्यक्रम होंगे जिस के बाद महाशिवरात्रि पर समापन होगा।

महाशिवरात्रि पर तमाम भक्त जनों का सैलाब मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेगा। यह वह विशेष दिन होता है जब भक्त भगवान भोले के समक्ष अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए अर्जी लगाते हैं। महाशिवरात्रि से पहले भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। महंत देव्या गिरी ने कहा कि भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए एक लोटा जल ही काफी होता है। मगर विशेष रूप से आज दही बेसन से जल स्नान करने के जल चढ़ाते है। उसके बाद दूध, दही, घी और गन्ने से अभिषेक किया गया। अगर किसी को लंबी बीमारी है तो जौ से अभिषेक करता है। महंत देव्या गिरी ने मोहन भागवत द्वारा दिए गए बयान का समर्थन किया।

इन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जल,वायु और शिक्षा इसका सम्मान करते हुए सभी लोगों को इसकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यही हमारे जीवन का आधार है। इससे जीवन जीने की सुविधा मिलती है। अगर इस पर कार्य होता है तो हम लोग पॉल्यूशन से निजात पा लेंगे। इस इस बयान को नकारात्मक रूप देने की आवश्यकता नहीं है।

### महाशिवरात्रि में घर बैठे प्राप्त करें सोमनाथ, काशी विश्वनाथ व महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का प्रसाद

**लखनऊ।** महाशिवरात्रि में शिव आराधना की विशेष महिमा है। हर किसी की इच्छा होती है कि भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे श्री सोमनाथ मंदिर, गुजरात, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी और श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। उत्तर गुजरात एवं सौराष्ट्र और कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि में डाकघरों से गंगाजल की सुविधा भी उपलब्ध है। 250 मि.ली.की गंगाजल बोतल मात्र 30 रूपये में ली जा सकती है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को घर बैठे प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु भारतीय डाक विभाग से एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत कोई भी श्रद्धालु मैनेजर, श्री सोमनाथ ट्रस्ट, प्रभास पाटन, जिला- जूनागढ़, गुजरात-362268 को 270 का ई-मनीऑर्डर भेजकर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद मंगा सकता है। ई-मनीऑर्डर पर प्रसाद के लिए बुकिंग अंकित करना होगा। तदोपरांत श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा संबंधित श्रद्धालु को 400 ग्राम का प्रसाद का पैकेट स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जायेगा।

# एसपी ने महाशिवरात्रि के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिये निर्देश

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



▸ पृथ्वीनाथ मंदिर का भ्रमण कर पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने दिये निर्देश

सोमवार को पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत पृथ्वीनाथ मन्दिर थाना खरगूपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा मेला व शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद के सभी शिवालयों का अधिकारीगण द्वारा आज ही भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर लें। समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सभी धर्मगुरूओं, आयोजको, शान्ति समीतियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर ले। सभी संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये। पृथ्वीनाथ मन्दिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में शिवारात्रि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंदिर पर भीड़ भाड़ रहेगी महाशिवरात्रि मेले में नदी/घाटों से दर्शनार्थी जल लेकर जाएगें, नदी/घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों, बीट कर्मियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। गैर परम्परागत आयोजन की अनुमति न दी जाये, तथा पूर्व से निर्धारित रास्ते से ही पर्याप्त पुलिस बल के साथ शोभायात्रा निकाली जाये। सभी शिवालयों पर वर्दी व शादे वस्त्र में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में QRT के साथ पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाये। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कॉवड़ मार्गों पर उचित दूरी पर पुलिस पिकेट/गस्त, फुट पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा यूपी 112 के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार रूट चार्ट बना कर व्यवस्थापन करा लिया जाये। वैकल्पिक मार्गों का चिन्हीकरण करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था समय से पूर्ण करते हुए तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पीए सिस्टम की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाये तथा कांवड़ के मार्गों व धार्मिक स्थलों के आस-पास पोस्टर पार्टी को सक्रिय रखा जाये। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों को सामयिक सूचना के प्रति और अधिक सतर्क कर दिया जाये तथा प्रत्येक छोटी सी छोटी सूचना को गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही की जाये। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की मानिटरिंग की जाये तथा सतर्क दृष्टि रखी जाये। भ्रामक / आपत्तिजनक पोस्ट एवं अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुये वैधानिक कार्यवाही की जाये तथा अफवाहों का खण्डन किया जाये।

### बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

सोमवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्रो पर लगातार भ्रमणशील होकर स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सी0सी0टी0वी0 कैमरों व सुरक्षा व्यवस्था आदि को चेक किया गया तथा परीक्षा केन्द्रों पर लगे मजिस्ट्रेट, उड़ानदस्ता, स्कूल के प्रधानाचार्य व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण से वार्ता कर परीक्षा को सुचारू रूप से निर्विवाद, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा को कराने हेतु जनपद गोण्डा में कुल 149 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें हाई स्कूल के 49,362 परीक्षार्थी व इण्टरमीडिएट के 45,788 परीक्षार्थी परीक्षा देगें। जिसको सुचितापूर्ण, निर्विवाद, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी -05, थाना प्रभारी -17, उपनिरीक्षक-102, हे0 कांस्टेबल -129, कांस्टेबल- 135, महिला कास्टेबल-97 की ड्यूटी लगाई गयी है, जो परीक्षा केन्द्रों व आस-पास भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायेगे।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार : लगातार खबरों के प्रकाशित होने के बाद भी कार्रवाई शून्य

गोन्डा, समृद्धि न्यूज।



मनरेगा में फर्जी अटेंडेंस को रोकने के लिए लाई गई मनरेगा मॉनिटरिंग सिस्टम का भी लोगो ने तोड़ निकाल लिया है। मनरेगा 100 दिन रोजगार देने की सरकार के पहल को भी जिम्मेदार पलीता लगा रहे है।

मनरेगा कार्य में सुबह व शाम को लेबर बुलाकर फोटो खींचा जाता है और अपलोड कर दिया जाता है।

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक झंझरी अन्तर्गत ग्राम गौरव कानूनगो में मनरेगा के जॉब कार्ड धारक मजदूरो की उपस्थिति मौके पर दर्ज कराई जा रही है और तालाब जिर्णोद्धार का कार्य पिछले कई दिनों से दिखाया जा रहा है लेकिन स्थानीय हकीकत देखने जब कुछ मीडियाकर्मी पहुंचे तो हकीकत कुछ और थी मौके पर सब शून्य था और उपस्थित दर्ज थी 29 की। यही नहीं जो फोटो अपलोड हो रहा है वहा फोटो बार बार अपलोड होने से भी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की नींद नहीं टूटती है। लोगों के मुताबिक कई दिनों से काम नहीं हो रहा है लेकिन सौ से अधिक की उपस्थित दर्ज की जा रही है। इस संबंध में लगातार खबरों के प्रकाशित होने के बाद भी कार्रवाई शून्य है। क्या इस तरह से हो रहे भ्रष्टाचार के जिम्मेदारो पर कार्रवाई होगी या सरकार के द्वारा बेरोजगार गरीबों को रोजगार गारंटी योजना में सेंध लगाकर ग्राम प्रधान और सचिव मौज काटते रहेंगे।

# बड़गांव सभासद ने आवागमन के लिए जिलाधिकारी से की अंडरपास की मांग

गोन्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के शहर क्षेत्र में लगातार बढ़ती आबादी के कारण राह चलना मुश्किल हो गया है वहीं वार्ड क्षेत्रो में भी समस्या उत्पन्न होने लगी है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए वार्ड नम्बर 6 की सभासद कमलेश कौशल ने जिलाधिकारी गोन्डा को पत्र देकर अन्डर पास की मांग उठाई है।

पत्र में लिखा है कि रेलवे लाइन पार करके स्कूली बच्चों को स्कूल व घर जाना आना पड़ता है यही नहीं खैरा क्वार्टर के निवासियों को भी यही परेशानी उठानी पड़ती है कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। दिये गये पत्र का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तत्काल अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए जिसपर अपर जिलाधिकारी ने ए.आर.एम. उत्तर पूर्व रेलवे को पत्र 21 फरवरी 2025 को समस्या के समाधान हेतु लिखा गया है तथा प्रार्थना पत्र को संलग्न करते हुए लिखा है कि जांच करके अवश्यक कार्यवाही करते हुए उचित निदान करें एवं कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता व देरी न करें तथा कृत कार्यवाही से अवगत कराये।सभासद कमलेश कौशल की मेहनत जल्द ही सफल होने की उम्मीद स्थानीय ने अनुमान लगाया है।

# जिलाधिकारी ने दिये पौधरोपण के सापेक्ष शतप्रतिशत जियोटैगिंग करने के निर्देश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



▸ डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति-जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न

सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने वर्ष - 2024 में हुये पौधरोपण के सापेक्ष शतप्रतिशत जीयोटैगिंग करने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि जो पौधे खत्म हो गए हैं उनके स्थान पर पुनः पौधों को पुनर्जीवित करें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत जियोटैगिंग कर लें। इसके अलावा जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जनपद में वेटलैंड को अतिक्रमण एवं जलकुंभी से मुक्त किया जाए साथ ही जो वेटलैंड मृत हो चुके हैं उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। बैठक में डीएम ने नगरपालिका गोण्डा को निर्देश दिये हैं कि शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण समय से कराते रहे।

साथ ही खनन अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि जनपद के सभी ईंट भट्ठों का नियमानुसार निरीक्षण करें, तथा जनपद में हो रहे, अवैध खनन को प्रभावी कार्यवाही करते हुए रोक लगायें। ताकि जनपद में कोई भी ईंट भट्ठा अवैध रूप से न चलने पाये। साथ ही साथ जनपद में अवैध खनन पर विशेष ध्यान दिया जाय, ताकि जनपद में कहीं पर अवैध रूप से मिट्टी खनन न होने पाये।

बैठक में डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों से पौधारोपण की गहन समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पौधों के जियोटैगिंग कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि मत्स्य विभाग, कृषि विभाग तथा एनआरएलएम विभाग संयुक्त रूप से मिलकर जलकुंभी का समुचित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग एवं नगरपालिका गोण्डा को निर्देश दिए हैं कि शहर के मण्डेनाला की सफाई की जाय।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी, डीसी मनरेगा, खनन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका गोण्डा, और नगर पंचायत सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अभियोजन कार्यों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को दिलायें सजा : जिलाधिकारी

सोमवार को डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिये हैं कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। डीएम ने कहा कि अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाए कि वह एक नजीर बनें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शतप्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन के कार्य को गंभीरता से लें। सभी सम्बन्धित विभाग के द्वारा अपने शासकीय कार्यों के साथ साथ अभियोजन के कार्यों में गंभीरता दिखायें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन अजीत कुमार मिश्र, जिला औषधि निरीक्षक राजिया बानो तथा समस्त शासकीय अधिवक्ता व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुआ सजायाप्ता कैदी

▸ एक को ट्रायल के चलते अदालत ने नहीं दी अनुमति

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला कारागार में हत्या और दुष्कर्म के मामले में आजीवन करावास की सजा काट रहे कैदी को हाईस्कूल की परीक्षा के लिए अनुमति दी गई। जिस पर सोमवार को वह आयोजित परीक्षा में शामिल हुआ। जबकि अन्य कैदी को ट्रायल के चलते अदालत ने अनुमति नहीं दी।कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम ननके उर्फ गड्डे पुत्र राम सुधि जिला कारागार में निरुद्ध है। उसे अदालत द्वारा एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में आजीवन करावास की सजा सुनाई गई है। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि ननके ने जेल में रहते हुए कक्षा 10 की पढ़ाई की। परीक्षा के लिए आवेदन किया था। आजीवन करावास की सजा पाए कैदी को शासन की ओर से बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए अनुमति मिल गई। जिस पर पुलिस सुरक्षा में सजायाप्ता कैदी को रविवार को गोरखपुर भेजा गया। गोरखपुर में बने केंद्र में सजायाप्ता कैदी ने बोर्ड की परीक्षा दी। जिला जेल के जेल अधीक्षक राजेश कुमार यादव ने बताया कि जेल में अंडर ट्रायल में निरुद्ध एक अन्य बंदी ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था। लेकिन मामला ट्रायल में चलने के कारण उसे अदालत ने परीक्षा में बैठने के लिए अनुमति नहीं दी। जिसके चलते वह परीक्षा नहीं दे सका। जेलर अजय कुमार झा ने बताया कि जेल में निरुद्ध बंदी बोर्ड परीक्षा के लिए फॉर्म भरते हैं। ननके ने फॉर्म भरा था। बोर्ड परीक्षा के लिए ननके को छूट दिया गया। जेल में स्थित लाइब्रेरी से किताब लेकर पढ़ाई की। अब उसने कक्षा 10 की परीक्षा में प्रतिभाग किया है।

### पुलिस ने हादसे में प्रयुक्त ट्रैक्टर व चालक को ही बदला

▸ दूसरे ट्रैक्टर और चालक को दिखा दिलाया जमानत



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद के गोपिया गांव निवासी एक किशोरी की 18 फरवरी को ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर मौत हो गई। हादसे में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली और चालक के स्थान पर पुलिस ने दूसरे ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लिया और चालक भी दूसरा दिखा दिया। इसका आरोप लगाते हुए सोमवार महिला ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। जिले की पुलिस के अजब गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला मोतीपुर थाने की पुलिस द्वारा देखने को मिल रहा है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपिया निवासी ऊषा देवी पत्नी बरसाती सोमवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र देने पहुंची। महिला का कहना है कि 18 फरवरी गांव में स्थित नाना के घर साइकिल से जाते समय हॉलैंड मॉडल 3230 ट्रैक्टर ट्रॉली के कुचलने से मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने लालपुर गांव निवासी चालक पैकरमा वर्मा और साथ में बनारस वर्मा बैठे थे। लेकिन पुलिस ने दोनों को नामजद नहीं किया। बल्कि उसके अलग स्वराज 235 को घटना में शामिल दिखा दिया। जिसके सभी कागजात सही हैं, चालक भी दूसरा दिखाकर मौके से ही जमानत दे दी गई। परिवार के लोगों ने जिलाधिकारी से नामजद लोगों के नाम शामिल करने और दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेने की मांग की है। आरके पांडेय थानाध्यक्ष मोतीपुर ने बताया कि18 फरवरी को हुए सड़क हादसे में मृतक किशोरी के मामले में परिवार के लोगों ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कराया था। अगर साक्ष्य है तो थाने को उपलब्ध करा दें। विवेचना चल रही है। नाम बढ़ जाएगा।

# बाबा बूढ़ेश्वर मंदिर का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

बहराइच समृद्धि न्यूज।



▸ मौके पर नहीं मिले सफाई कर्मी, जाहिर की नाराजगी

थाना खैरीघाट क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर धोबिया के महादेवा स्थिति बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पहुंच जायजा लिया, संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिले के तहसील नानपारा क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर धोबिया के महदेवा में प्राचीन तम बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर स्थापित है। प्रत्येक दिन मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में लोग आते है और जलाभिषेक करते है।

बुधवार को महा शिवरात्रि का पर्व है इसी को देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, साथ ही साफ सफाई के बारे में जानकारी ली। मौके पर सफाई कर्मी नहीं मिले,जिस पर नाराजगी जाहिर की। नवागत उपजिलाधिकारी अंजनी यादव ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गंदगी देकर संबंधित को सफाई करवाने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महसी डीके श्रीवास्तव थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज वैवाही त्रिलोकी नाथ मौर्य, खंड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव व राजस्व निरीक्षक मिश्री लाल पाल लेखपाल शुभम यादव मौजूद रहे।

### संवेदनशील महाराजगंज का किया दौरा

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले में महाशिवरात्रि और होली त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने सोमवार को महाराजगंज कस्बे का दौरा किया। महाराजगंज में पिछले अक्टूबर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच हिंसा हुई थी। इसी को देखते हुए प्रशासन ने इस बार विशेष सतर्कता बरती है। अधिकारियों ने कस्बे में स्थित मंदिरों और शिव बारात के रास्तों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी है की अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिरों के महंतों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उप जिलाधिकारी महसी क्षेत्राधिकारी महसी और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# 10वीं की परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत, एक घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा देकर दो छात्र सोमवार सुबह 11 बजे वापस लौट रहे थे। नानपारा नवाबगंज मार्ग पर दोनों अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। जिससे दोनों छात्र घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली नानपारा अंतर्गत कस्बा निवासी मोहम्मद वाहिद पुत्र गुलाम मोहम्मद 17 वर्ष सुहेल खान पुत्र सफीक खान 17 वर्ष शंकर इंटर कालेज के छात्र थे। दोनों के कक्षा 10 का सेंटर जवाहरलाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज नवाबगंज में बनाया गया है।सोमवार सुबह दोनों छात्र एक बाइक से पहली पाली की परिक्षा देने के लिए गए। सुबह 11 बजे दोनों एकसाथ परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। स्कूल से आधा किलोमीटर दूर नवाबगंज नानपारा मार्ग पर रिक्खी गांव मोड़ के पास बाइक से अनियंत्रित होकर दोनों छात्र गिर कर घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने दोनों घायल छात्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौगड़वा नवाबगंज ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों छात्रों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक मुकीम अहमद ने मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया है। मेडिकल कॉलेज में सुहेल खान की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पत्नी से विवाद में खुद को लगाई आग

▸ सीएचसी में भर्ती युवक की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने रविवार रात को पत्नी से विवाद किया। इसके बाद अपने ऊपर पेट्रोल छिड़कर चाचा के घर गया, माचिस मांगी और खुद को आग लगा दी।

गंभीर हालत में उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेहड़ा के मजरा भदईपुरवा निवासी अनूप कुमार (31) पुत्र रंगीलाल ने रविवार को शराब का सेवन किया। इसके बाद पत्नी निशा से खूब विवाद किया। रात नौ बजे के आसपास विवाद के बाद उसने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। इसके बाद पड़ोस में स्थित चाचा के घर गया। जहां उसने चाचा से माचिस की मांग कर खुद को आग लगा ली। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। आग बुझाने के बाद उसे सीएचसी ले गए। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉ सूर्य विजय सिंह और डॉ पवन सिंह ने प्रथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया।

डॉक्टर सूर्यभान ने बताया कि युवक लगभग 50 प्रतिशत आगे के हिस्से से झुलस गया था। जिस पर लखनऊ रेफर किया गया है।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

▸ जिस विद्यालय का सेन्टर आया हो वहां के स्टाफ को ड्यूटी की जिम्मेदारी न सौपी जाए : डीएम



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल की हिन्दी विषय की बोर्ड परीक्षा का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ नगर क्षेत्र स्थित परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज, बहराइच का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।परीक्षा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने कक्ष-कक्षों का निरीक्षण करते हुए केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि जिस विद्यालय का यहां पर सेन्टर आया है वहां के स्टाफ को ड्यूटी को परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था की जिम्मेदारी न सौपी जाय। डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष के अतिरिक्त सीसीटीवी कन्ट्रोल, प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का भी अवलोकन करते हुए केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ बोर्ड परीक्षा कराया जाय। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रभारी निरीक्षक ने हटवाया अतिक्रमण

आवागमन सुगम बनाने के लिए उठाया आवश्यक कदम



रुपईडीहा, बहराइच, समृद्धि न्यूज। आदर्श थाना रुपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्टेशन रोड से ठेलो के अतिक्रमण को हटाकर यातायात को सुचारू बनाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। रुपईडीहा स्टेशन रोड पर अक्सर ठेलों का अतिक्रमण हो जाता है,जिससे यातायात में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं और सड़क पर गाड़ियों की रफ्तार धीमी हो जाती थी। ठेलों के कारण पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। इस समस्या को हल करने के लिए प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने मौके पर पहुंचकर ठेलों का अतिक्रमण हटवाया और सड़क को फिर से यातायात के लिए सुरक्षित और सुगम बनाया। इस कार्रवाई के बाद यातायात में सुधार हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस प्रशासन की इस पहल को स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने भी सराहा। दद्दन सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य केवल यातायात को सुचारू बनाना नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करना है। इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि शहर में हर किसी को सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात की सुविधा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिनों में अतिक्रमण करने वाले ठेलों और अन्य दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई फिर से अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी कई बार प्रशासन द्वारा इस तरह की कार्रवाई की जा चुकी है किन्तु थोड़े दिनों के बाद फिर अतिक्रमण हो जाता है। यदि एक बार अतिक्रमणकारियों को दण्डित कर दिया जाये तो स्थिति में सुधार हो सकता है।

# नहर की पुलिया के नीचे मिला दो युवकों का शव

▸ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, बाइक सवार हुए हादसे का शिकार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के हुजूरपुर पयागपुर रोड पर स्थित नहर की पुलिया के नीचे दो युवकों का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं पास में युवकों की क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी मिली है। सूचना मिलने पर सोमवार सुबह पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। इसके बाद शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हुजूरपुर थाना क्षेत्र के हुजूरपुर पयागपुर मार्ग पर घिसियौना चौराहे से नहर स्थित है। नहर में दो युवकों के शव और बाइक सोमवार सुबह छह बजे लोगों ने पड़ा देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों को बाहर निकाला तो सभी मृत मिले।इस पर उनके पास मिले आधार कार्ड से जांच की गई तो मृतक की पहचान हुजूरपुर थाना क्षेत्र के गुलरिहा गाजीपुर के मजरा वोटनपुरवा निवासी इंद्र कुमार पुत्र राम कैलाश और कोतवाली देहात के हरिहरपुर रैकवारी गांव निवासी रामानंदे (28) पुत्र बृजलाल के रूप में हुई। बाइक संख्या यूपी 43 बीई 3951 भी उन्हीं की निकली। जिस पर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

> सुबह तीन बजे बाइक सवार हादसे का शिकार हुए और बाइक समेत नहर में गिर गए। जिससे मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> अनिल कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष

# केडीसी रेड ने जीता अंडर -14 व 16 का फाइनल मुकाबला

▸ अंडर 12 के सर्वश्रेस्ठ खिलाड़ी सार्थक पाल व अंडर 16 में अरहम रहे सर्वश्रेष्ठ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



किसान डिग्री कालेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट एकेडमी के द्वारा आयोजित अंडर -12 और अंडर-16 की केडीसी रेड एवं केडीसी ग्रीन टीमों के बीच खेली जा रही पांच -पांच मैचों की सीरीज के आज फाइनल मुकाबले खेले गये। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि डीसीए सेक्रेटरी इशरत महमूद खान वी विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ज्योति बंसल मौजूद रही। अंडर-16 पहले मुकाबले में केडीसी रेड ने पहले खेलते हुए निर्धारित 35 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 298 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। केडीसी रेड की तरफ से राजवीर ने 104 एवं सिद्धार्थ राजपूत ने 123 रनों की शानदार शतकीय पारियां खेलीं। केडीसी ग्रीन की तरफ से यश चौधरी ने 2 एवं उमंग वर्मा ने 1 विकेट लिया। 298 रनों के बड़े स्कोर का पीछा करते हुए केडीसी ग्रीन की टीम 171 रनों पर आल आउट हो गई। सूरज तिवारी ने 51 एवं अरहम ने 24 रनों का योगदान दिया। केडीसी रेड की तरफ से कौस्तुब ने 4, अफजल ने 2 विकेट लिए। अंडर-16 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजवीर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, अफ़ज़ल अहमद को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज एवं अरहम को सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दूसरा मुकाबला अंडर-12 केटेगरी में केडीसी जूनियर रेड एवं केडीसी जूनियर ग्रीन के बीच खेला गया। ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रेड टीम ने आरेज खुर्शीद के नाबाद 66 रनों की शानदार पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया। जूनियर ग्रीन की तरफ से समर्थ मिश्रा ने 2, सार्थक,युग एवं अनुस ने 1-1 विकेट लिया। 165 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए ग्रीन टीम 89 रनों पर आल आउट हो गई। रेड की तरफ से आर्यन ने 4, आरुश ने 3 एवं आरेज ने 2 विकेट लिए। अंडर-12 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले आरेज खुर्शीद को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज,आरुश यादव को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज एवं सार्थक पाल को सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच में निर्णायक की भूमिका प्रदीप व आयुष चित्रांश रहे ।आंखों देखा हाल गोविन्द सिंह चौहान ने सुनाया । इस दौरान डीसीए अध्यक्ष अमित ठाकुर, हरेंद्र वेदवान, अमित सरोहा ,राजेश तोमर,खुर्शीद आलम ,भूपेंद्र यादव अशोक मिश्रा,सहित क्रिकेट ख़िलाडी मौजूद रहे ।

# कंट्रोल रूम से जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की हो रही लाइव मॉनिटरिंग

- सभी परीक्षा केंद्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे
- सभी केंद्र व्यवस्थापकों को नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश
- डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज शामिल है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 7 जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 109 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए गए।

## चारा मशीन में फंसा वृद्धा का हाथ, हुई घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत उचौरी गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां 62 वर्षीय वृद्धा संतोष कुमारी पत्नी स्वर्गीय राधेश्याम का हाथ चारा मशीन में घास डालने के दौरान फस गया।

महिला की चीख पुकार सुनकर मशीन ऑपरेटर ने तुरंत मशीन बंद कर दी। परंतु तब तक महिला का हाथ काफी ज्यादा घायल हो चुका था। तत्काल परिजनों के द्वारा सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल वृद्ध महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को ठीक देखते हुए उसे घर भेज दिया गया है।

## मंदिर से दर्शन घर लौट रहे बाइक सवार युवक हुए दुर्घटना का शिकार

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के पास बाइक सवार युवक उस समय दुर्घटना का शिकार हो गए। जब वह मंदिर से दर्शन कर वापस अपने घर आ रहे थे। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल युवक अंशु पुत्र मंगली प्रसाद उम्र 18 वर्ष एवं राहुल पुत्र हरिलाल उम्र 26 वर्ष भवरेश्वर मंदिर से दर्शन कर वापस अपने घर आ रहे थे। तभी वह टोल प्लाजा के पास दीवाल से टकरा गए। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया।

## डलमऊ में बाईपास बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ कस्बे की मुराई बाग क्षेत्र में प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम की समस्या से छुटकारा पाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ ब्रजेश दत्त गौड ने मुराई बाग में नाथ खेड़ा गांव के पास से डलमऊ गंग नहर की पटरी से डलमऊ रजबहा व पूरे गडरियन तक बाईपास बनवाने के लिए मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा है। नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने बताया कि डलमऊ एक ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी है यह मां गंगा के तट पर बसा हुआ प्राचीन नगर है ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर होने के चलते पूरे जनपद के साथ-साथ प्रदेश भर में विख्यात है यहां पर प्रतिमाह पूर्णिमा व अमावस्या का मेला लगता है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने आते हैं और प्रतिदिन हजारों की संख्या में शव यात्री डलमऊ आते हैं तथा प्रतिवर्ष कार्तिक मास में विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेले का आयोजन गंगा तट पर बसे डलमऊ कस्बे में किया जाता है जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 14 से 15 लाख स्नानार्थी डलमऊ आते हैं। यहां पर मुराई बाग कस्बे के समीप रायबरेली डलमऊ मार्ग पर डलमऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन मौजूद है और रेलवे फाटक बंद होने की स्थिति में बहुत अधिक जाम की समस्या कई घंटे बनी रहती है जिसमें एक वर्ष के अंदर लगभग दस से पंद्रह लोगों की दुर्घटना में जान भी जा चुकी है वही नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि प्राचीन कस्बा होने के कारण यहां पर प्रतिदिन लगने वाला जाम एवं भारी वाहनों से बहुत ही बड़ी समस्या के रूप में व्याप्त है और आने-जाने वाले लाखों श्रद्धालु एवं स्नानार्थी एवं नगर व क्षेत्र वासियों के साथ बहुत सी दुर्घटनाएं लगातार हो रही है इस संबंध में पूर्व में भी कई बार पत्राचार किया जा चुका है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्राचार कर डलमऊ में बाईपास बनाए जाने की मांग की है।

# त्यौहार आपसी सद्भाव, अमन चैन के साथ मनाया जाएः जिलाधिकारी



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आगामी त्यौहार/पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरुओं, मौलवी/मुअज्जिज/ व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों/ संभ्रांत नागरिकों के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी दिनो में होने वाले महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली के पर्व को जनपद में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मो के मतावलम्बियों को एक दूसरे का सम्मान करने के साथ ही भाई चारे की भावना के साथ पर्व मनाया जाना चाहिए। उपद्रव करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायें। उन्होंने जिला प्रशासन के समस्त अधिकारियों से त्योहारों के अवसर पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये और कहा कि शिवरात्रि, शिवमन्दिरों में जलाभिषेक, गंगा स्नान त्यौहार/पर्व में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट/समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत थानावार पीस कमेटी की बैठक मौलवी/मुतवल्ली से समस्याओं/विवाद की जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से शीघ्र उसका समाधान करा लें। समस्त कार्यक्रम परम्परागत ढंग से ही सम्पन्न कराये जाये एवं कोई नवीन परम्परा को उत्पन्न न होने दिया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा स्नान घाट, शिवमन्दिरों पर जलाभिषेक/होलिका दहन, होली जुलूस हेतु जाने वाले आवागमन मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाये और मार्गों पर पड़ने वाली बाधाओं जैसे बिजली/टेलीफोन के तारों का लटकना, मार्गों पर गड्ढे होना, जलभराव होना आदि का पूर्व से निराकरण कर लिया जाये। फाल्ट ठीक करने के लिए कार्मिकों की रोस्टरवार तैनाती की जाय। जिससे विद्युत फाल्ट समय से ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। सर्वजनिक मार्गों पर सड़को को अवरूद्ध कर कोई भी आयोजन नहीं किये जाये। निराश्रित, पशुओं के विचरण को नियंत्रित किया जाये। वाहनों से स्टंटबाजी करने, अवैध प्रेशर हार्न, हूटर आदि पर सख्त कार्यवाही की जाये। लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत आयोजन स्थलों की सड़क मार्गों की मरम्मत करा ली जाये। पर्वों पर प्रयुक्त होने वाले स्थलों/मार्गों की अनिवार्यतः साफ-सफाई कराई जाए, पानी और बिजली की नियमित आपूर्ति की जाये। नगरीय क्षेत्र में संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा सफाई का कार्य सम्पन्न कराया जाये। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार जबरन रंग लगाने आदि का कार्य न होने पाये। प्रत्येक कार्यक्रम स्थलों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटी खोया, पनीर, दूध, दही, मिठाई, इत्यादि खाद्य पदार्थो की सघन चेकिंग कराई जाये। मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री कदापि न होने पाये। अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर एम्बुलेंस के साथ चिकित्सकों की तैनाती की जाये। लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये।

# सवर्ण जोड़ों अभियान के तहत सम्मेलन को सफल बनाने की अपील

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सवर्ण आर्मी रायबरेली के जिला अध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ विकास खंड राही के सुल्तानपुर आइमा गांव में ब्लाक अध्यक्ष धर्मेन्द्र त्रिवेदी द्वारा चौपाल आयोजित किया गया।जिसमें प्रतिभाग कर सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगो को सवर्ण आर्मी की सदस्यता दिलाई गई तथा आगामी 16 मार्च को सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय की मौजूदगी में सलोन क्षेत्र के सूची कस्बे में आयोजित होने वाले विशाल सवर्ण सम्मेलन व सवर्ण समाज के होली मिलन समारोह में सवर्ण समाज के लोगों को अधिक से




अधिक संख्या में उपस्थिति होकर सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों को सुनने व कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर जे के शुक्ला, हिमांशू धर पान्डेय, डॉ. प्रदीप त्रिपाठी, अरविन्द सिंह, देवेन्द्र सिंह, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अजय दीक्षित, राम गजेंद्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, शैलेंद्र श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, अभिषेक मिश्रा,राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र त्रिवेदी, अजय सिंह सीतेश श्रीवास्तव, गोवर्धन त्रिवेदी, अमित द्विवेदी, मनोज तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा सवर्ण समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन एवं कवि सम्मेलन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र स्थित दुसौंती निवासी कविराज -शिवकुमार सिंह शिव की अवधी भाषा में लिखी पुस्तक आपनि माटी आपन बोल एवं अवधी सम्राट इंद्रेश भदौरिया इंद्रेश की फाग पर आधारित पुस्तक आवा फागुन क्यार महीना का भव्य विमोचन संत कंवर राम इण्टर कालेज, रायबरेली में रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में हुआ जिसकी अध्यक्षता बस्ती से पधारे वरिष्ठ रचनाकार सुधीर श्रीवास्तव ने की, मुख्य अतिथि के रुप में सुल्तानपुर से आये वरिष्ठ अवधी रचनाकार इंद्रजीत सिंह अर्चक रहे,वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर डाक्टर संतलाल,ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस, विष्णु कांत मिश्रा




सीतापुर, अनीता मिश्रा आकाशवाणी लखनऊ, सुधा सिंह बाराबंकी, राकेश ऋषभ गौरीगंज, श्रीपाल शर्मा बड़ौत बागपत, इंद्रजीत तिवारी निर्भीक वाराणसी रहे जहाँ वाणी वंदना आचार्य सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर एवं एडवोकेट लता श्रीवास्तव ने की वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन कविराज -शिवकुमार सिंह शिव दुसौंती ने किया इस अवसर पर काशी हिन्दी विद्यापीठ के द्वारा कई साहित्यकारों को मानद उपाधियाँ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से अनवरत रात्रि आठ बजे तक चलता रहा।

इस कार्यक्रम में जहाँ समीक्षकों द्वारा पुस्तकों समीक्षा की गई वहीं कवियों ने काव्य रस धारा का प्रवाह बनाये रखा, सभी रचनाकारों तथा आगंतुकों का अंगवस्त्र, माल्यार्पण, एवं प्रतीक चिन्ह के साथ संस्था के संस्थापक शिवनाथ सिंह शिव तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधी सम्राट इंद्रेश भदौरिया इंद्रेश के द्वारा सम्मानित किया गया इस मौके अन्य कवियों में वेद प्रकाश सिंह प्रकाश,संत प्रसाद जिज्ञासु, लता श्रीवास्तव बाराबंकी, सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर, जितेन्द्र सिंह मृदुल, अनुज प्रताप सिंह अनुज, जितेन्द्र सिंह हिंदुस्तानी, दुर्गेश प्रेमी, शिवकुमार आकाश हलचल, हरिश्चंद्र त्रिपाठी हरीश, दलबहादुर सिंह, सचिन, रायबरेली, ईश्वर चंद्र श्रीवास्तव संतकबीरनगर, अनीता मिश्रा आकाशवाणी लखनऊ,कुंवर आनन्द श्रीवास्तव, नीतू आनन्द श्रीवास्तव लखनऊ, सुखराम शर्मा जनकवि सलोन, बृजराज वर्मा सलोन, रामकिशोर भूखनभैया उन्नाव, अमलेश कुमार अमल उन्नाव, दिनेश दीक्षित संघर्षी चित्रकूट, प्रियासरण वृंदावन, रामलखन वर्मा मीडिया प्रभारी रायबरेली, देवेन्द्र चौहान देव सीतापुर, विवेक पांडेय लखनऊ, आर पी यादव लखनऊ, जयप्रकाश एवं राकेश पाण्डेय सहित बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चाय बनाते समय फूस के घर में लगी आग, नकदी सहित गृहस्थी जलकर खाक



**रेहराबाजार/बलरामपुर।** थाना क्षेत्र रेहरा बाजार के ग्राम सभा बैरिया सुर्जनपुर के मजरे दर्जी डीह में दोपहर को चाय बनाते समय फूस के घर में आग लग गयी जिससे 4500 नगदी सहित गृहस्थी जलकर खाक ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, पीड़ित अलीमुननिशा ने बताया कि फूस के घर में 4500 नकद, कपड़ा, 1 कुंतल अनाज, बर्तन, चारपाई आदि जलकर खाक हो गया। हल्का लेखपाल सुशील कुमार ने बताया कि क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

### ऐतिहासिक शिव मंदिर जोड़ग्गा पोखरा में महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां पूरी



**बलरामपुर।** नगर तुलसीपुर के समीप स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर जोड़ग्गा पोखरा अपनी धार्मिक मान्यताओं और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। हर वर्ष महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यहां भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण महाराजा दान बहादुर सिंह ने सैकड़ों वर्ष पूर्व कराया था। यह मंदिर तुलसीपुर की महारानी राज ऐश्वर्य देवी से भी जुड़ा है, जो यहां आकर भगवान महादेव की आराधना किया करती थीं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि इस मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन और पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में एकदिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस दौरान मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। मेले में पुलिस बल तैनात रहेगा, और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से पूजा-अर्चना कर सकें। श्रावण मास में भी इस मंदिर में शिव भक्तों का आगमन होता है, विशेष रूप से कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा जल लेकर यहां जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लगने वाले इस मेले से न केवल श्रद्धालुओं की आस्था मजबूत होती है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों को भी आर्थिक लाभ मिलता है। इस ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल को संरक्षित रखने की दिशा में भी प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में यहां श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं मिल सकें।

## पुल से टकराकर बाइकसवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**बलरामपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोडरी-हरिहरगंज मार्ग पर रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कोडरी चौराहे के दक्षिणी छोर पर स्थित पुल के पास हुआ, जहां बाइक अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई और नीचे गड्ढे में गिर गई।

हादसे में टेढ़वा निवासी जीवन लाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मूडाडीह निवासी रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोडरी के प्रधान प्रतिनिधि चौधरी अजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। जीवन लाल की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता राम प्रताप और माता बड़का देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरा गांव शोक में डूब गया है। हादसे को लेकर जब प्रभारी थाना निरीक्षक बृजानंद सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई थी। हालांकि, मामले की जांच के लिए पुलिस टीम को मौके पर भेजा जा रहा है। कोडरी-हरिहरगंज मार्ग पर पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर गति नियंत्रण और संकेतक बोर्ड लगाए जाने चाहिए, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन निकाली गई मूर्ति मिलाप शोभायात्रा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

बदलपुर चौखड़िया स्थित सम्मय माता मंदिर में आयोजित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन मूर्ति मिलाप शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, युवतियां और श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्य शास्त्री गणेश दत्त मिश्र ने बताया कि यह शोभायात्रा बनघुसरा शिव मंदिर, इमिलिया मनकापुर मार्ग, मंदिर बेथुइया, मंदिर बदलपुर चौराहा, और मंदिर इमिलिया गांव से होते हुए शिव मंदिर तक पहुंची। यहां विभिन्न मंदिरों से लाई गई मूर्तियों का मिलाप किया गया, और यह आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से एक महत्वपूर्ण कार्य था। इस आयोजन का कार्यक्रम 21



फरवरी से शुरू हुआ था, जब विभिन्न नदियों से लाए गए जल का पूजन किया गया। 22 फरवरी को गौमाता के विभिन्न वंशों के दूध का पूजन हुआ। 23 फरवरी को फल पूजन किया गया और 24 फरवरी को अन्नपूर्णा पूजन व मूर्ति मिलन शोभायात्रा का आयोजन हुआ। 25 फरवरी को हवन पूर्णाहुति का कार्यक्रम रखा गया, और 26 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया गया, जिससे बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान प्रतिनिधि सुधीर यादव ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पंडित गुलाब चंद, शिवकुमार बन बाबा, पंडित लालबहादुर मिश्र, पंडित अतुल मिश्र समेत ग्यारह आचार्य और शास्त्री इस पूजा और आयोजन की निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ ही संजय वर्मा, वेदप्रकाश यादव, सुनील यादव, सुल्लु वर्मा, पुजारी वर्मा, अंकित वर्मा, अमित सनूप समेत बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे इस धार्मिक आयोजन में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक भी था। आयोजकों ने इस पूजा को सफल बनाने के लिए श्रद्धालुओं के उत्साह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस तरह के आयोजनों से समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है, और यह स्थानीय लोगों के लिए एक सकारात्मक अनुभव बन जाता है।

# डीएम व एसपी ने यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 का सुचारू और नकलविहीन संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने सोमवार को एम.पी.पी. इंटर कॉलेज, बलरामपुर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम और परीक्षा कक्षों की बारीकी से जांच की और परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे परीक्षार्थियों को भयमुक्त



वातावरण प्रदान करें और पूर्ण सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता बनी रहे।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत प्रशासन को सूचित किया जाए। अधिकारियों ने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और वहां से परीक्षा केंद्रों की निगरानी के तरीकों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत संज्ञान में लाया जाए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने साफ किया कि इस वर्ष परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों, केंद्र व्यवस्थापकों और शिक्षकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि परीक्षाएं निष्पक्षता और शुचितापूर्ण वातावरण में संपन्न हों। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया कि परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षार्थियों को निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल में परीक्षा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

## उतरौला में जाम की समस्या बनी बड़ी चुनौती



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर क्षेत्र में जाम की समस्या लगातार विकराल रूप ले रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा समय-समय पर इसे नियंत्रित करने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन कोई स्थायी समाधान न होने के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां हर 10 मिनट पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर ई-रिक्शा चालकों द्वारा अनियंत्रित रूप से अपने वाहन खड़ा करने से यातायात बाधित होता है और जाम की समस्या गंभीर हो जाती है। वहीं, ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली पहले से व्यस्त मार्गों पर दबाव और बढ़ा देते हैं। जाम के कारण स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह समस्या सिर्फ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे तक ही सीमित नहीं है, बल्कि राजा बाजार, ज्वाला महारानी मंदिर, बस स्टॉप और हाटन रोड तिराहा जैसे कई प्रमुख स्थानों पर भी जाम की स्थिति आम हो गई है। मुख्य बाज़ार क्षेत्र में अनियंत्रित पार्किंग, ठेले-खोमचे वालों की अव्यवस्था और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण लोगों को घंटों तक ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ता है।

# पाकिस्तान की लचर बल्लेबाजी पर भारत का प्रहार पड़ा भारी

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। बांग्लादेश को धूल चटाने के बाद अब भारत ने होस्ट नेशन और अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को भी धूल चटा दी और 6 विकेट से हराते हुए पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर का रास्ता भी दिखा दिया है। भारत ने पाकिस्तान को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में को डॉमिनेट कर दिया। पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली ने 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाये और अपनी पारी के दौरान 7 चौके लगाते हुए अपना 51वां वनडे शतक जड़ा। दरअसल जब कोहली 96 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तब भारत को जीत के लिए दो रन की जरूरत थी। कोहली को अपने शतक के लिए बाल को सिर्फ एक बाउंड्री पार करने की जरूरत थी। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा ने ड्रेसिंग रूम ही बैठे बैठे कोहली को छक्का मारने का इशारा करते है। जिसके बाद खुशदिल की अगली गेंद पर कोहली आगे बढ़ कर गेंद को जोर से हिट कर चौके के लिए बाल को बाउंड्री पार भेज दिया। इस चौके से टीम इंडिया को मैच जिताने के साथ-साथ विराट कोहली ने अपना शतक भी पूरा कर लिया। इसके बाद कोहली ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा करते हुए कहते हैं 'मैं हूं ना'। फिलहाल मैच हारने के बाद जहां पाकिस्तानी टीम की अपने ही देश में जमकर किरकिरी हो रही है, वहीं भारतीय खिलाड़ियों की भी तारीफ करने से भी लोग खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। इस समय विराट कोहली के करिश्में का जादू पाकिस्तानियों पर खूब छाया हुआ है। वैसे पाकिस्तानी खेल को खेल की तरह से न लेकर दिलों दिमाग पर दुश्मन खिलाड़ी के तौर पर ले कर चलते हैं और हार की स्थिति में मायूसी में एक से बढ़कर एक उल्टे सीधे काम कर बैठते हैं। एक सोशल मीडिया वीडियो में हार पर एक पाकिस्तानी फैनगर्ल इंटरव्यू देते हुए ऑन कैमरा रोने लगती है। वह पाकिस्तानी टीम से काफी ज्यादा नराज नजर आई, कुछ ने चूड़ियां भेंट करने और कुछ ने लाइन में खड़े कर गोली मारने तक की प्रतिक्रिया दी। कुछ ने टीवी तोड़े तो कुछ ने अपने मोबाइल पटके, कहीं तो पारिवारिक विवाद भी खड़े हुए। देखा जाय तो पाकिस्तान की लचर बल्लेबाजी पर भारत का प्रहार भारी पड़ा। इससे पहले मैच में टॉस जीत कर पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने भारत को फील्डिंग का न्योता दिया था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 241 रन बनाए और भारत को 242 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके बाद भारतीय टीम बल्लेबाजी करने उतरी और लक्ष्य का पीछा करने उतरी। टीम इंडिया को कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान शुभमन गिल से अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने दूसरे ही ओवर से आक्रामक खेल दिखाना शुरू कर दिया। गिल के साथ रोहित ने 31 रनों की साझेदारी की। भारत को 31 रनों पर रोहित शर्मा के तौर पर पहला झटका लगा। जिसके बाद क्रीज पर आए विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ धीमी लेकिन एक मजबूत शुरुआत की और पारी को आगे बढ़ाया। गिल भी पाकिस्तानी गेंदबाजों पर प्रहार करने से नहीं चुके और 52 गेंदों में 46 रन टपकाए, लेकिन अबरार अहमद की गेंद पर गिल क्लीन बोल्ड हो गए। उसके बाद क्रीज पर आए श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली का भरपूर साथ दिया। दोनों के बीच 114 रनों की साझेदारी हुई और इस साझेदारी ने भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। अय्यर ने 67 गेंदों पर 56 रन चटकाया। पारी के दौरान 5 चौके और एक छक्का भी जड़ा और अंतिम दौर में विराट ने जीत का चौका लगाकर भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक अहम जीत दिलाई।

# महाकुंभ समागम को देख पूरी दुनियां हैरान

*एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी*



वैश्विक स्तर पर पूरी दुनियां हैरानी से दंग रह गई है, कि ऐसा कैसा हो सकता है? कि अनेकों देश की एकीकृत जनसंख्या के तुल्य करीब संभावित 70 करोड़ व्यक्ति 45 दिन के महाकुंभ 2025 में घाटों पर पवित्र डुबकी लगाकर स्नान कर धार्मिकता की पावन पवित्रता से सराबोर हो हैं। संभावना व्यक्ति की जा रही है कि डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 70 करोड़ के पार हो सकती है, सबसे बड़ी बात यह सामने आई है कि यह डुबकी न केवल आध्यात्मिक आस्था से जुड़े लोग लग रहे हैं, बल्कि अनेक देशोंके प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के छात्र व प्रोफेसर इस संपूर्ण आयोजन का अलग-अलग एंगल से अलग-अलग क्षेत्रों के विषयों को लेकर शोध करने में जुटे हुए हैं। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ के दौरान, दुनिया और देश भर के 20 से अधिक प्रमुख शैक्षिक संस्थान महाकुंभ से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन करने के लिए यहां कैम्प लगाए हैं। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, क्योटो यूनिवर्सिटी, ऐम्स, आईआईएम अहमदाबाद आईआईएम बेंगलुरू, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास और जेएनयू जैसे प्रमुख संस्थान अपने प्रोफेसरों, शोधार्थियों और छात्रों को प्रयागराज भेजें हैं, जो रेखांकित करने वाली बात है। दूसरी ओर अति बड़े-बड़े आयोजनों में कुछ घटनाएं होने का भी अंदेशा बना रहता है, यानें व्यवस्थाओं में कुछ कमियां खामियाँ भी हो रही है, जैसे भगदड़ आग व दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कुछ व्यक्तियों की जान भी गई,जो बड़े दुख की बात है, उसी कड़ी में हमारी राइस सिटी गोंदिया में, मेरे पड़ोसी व परम मित्र नारायण जी तिवारी भी अभी दो-चार दिन पूर्व प्रयागराज गए तो घाट के पास उनकी पत्नी को चक्कर आया उन्हें लगे हुए शिविरों के माध्यम से तुरंत मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई, कोई शिकायत नहीं है, परंतु कुदरत के जन्म मृत्यु के नियमवश उनका देहांत हो गया, यह दुखद घटना हो गई परंतु उनसे मैंनें इस विषय पर किसी संभावित अवस्था की बात की तो उन्होंने शासन प्रशासनव व्यवस्था की तारीफ़ की और वहां के शासन प्रशासन व्यवस्थापकों का पूरा सहयोग प्राप्त होने की बात कही, यह मृत्यु जीवन चक्र जिंदगी का एक हिस्सा है, उन्होंने व्यवस्थाओं शासन प्रशासन को क्लीन चिट दी चूँकि महाकुंभ मेले को देख पूरी दुनियां हैरान है, हार्वर्ड स्टैंनफोर्ड, आईआईएम, एम्स सहित क़रीब 20 संस्थान शोध कर रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ का सबसे बड़ा आध्यात्मिक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ 2025, वैश्विक शोध का विषय बना हुआ है। 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ महाकुम्भ का समापन होगा, श्रद्धालुओं आंकड़ा 70 करोड़ पार होने की संभावना है।

साथियों बात अगर हम महाकुंभ 2025 के अनेक क्षेत्रों के कार्यों पर शोध की करें तो, दुनियाँ भर और देश भर के दो दर्जन से ज़्यादा प्रमुख शिक्षण संस्थान महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में डेरा डाले हैं, ताकि दुनियाँ के सबसे बड़े धार्मिक समागम से जुड़े विभिन्न पहलुओं काअध्ययन किया जा सके। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, क्योटो यूनिवर्सिटी, एम्स, आई आईएम अहमदाबाद आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास और जेएनयू कुछ ऐसे प्रमुख संस्थान हैं जो प्रयागराज में रहने के लिए प्रोफेसर, रिसर्च स्कॉलर और छात्रों को भेजे हैं। इस बात की जानकारी मेला क्षेत्र में तैनात एक अधिकारी द्वारा मीडिया में दी गई है, उन्होंने कहा कि पहली बार हम आर्थिक प्रभाव, भीड़ प्रबंधन, सामाजिक-सांस्कृतिक अभिव्यक्ति खाद्य वितरण श्रृंखला, नृवंशविज्ञान खातों के माध्यम से मानवशास्त्रीय अध्ययन, मल प्रबंधन सहित अन्य क्षेत्रों पर संस्थान समर्थित अध्ययन करेंगे।सरकार द्वारा आठ अलग-अलग क्षेत्रों और विषयों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिन्हें शोधकर्ताओं द्वारा कवर किया जा रहा हैं। सूत्रों ने कहा कि वैश्विक भागीदारी के लिए कार्यक्रम को खोलते हुए शहरी विकास विभाग ने विस्तृत अध्ययन करने का विचार पेश किया था। भोजन और पेयजल पर शोध करेगा हार्वर्ड-मानवशास्त्रीय अध्ययन और खाद्य वितरण श्रेणी में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रतिभागियों के लिए भोजन और पेयजल तथा शहरी अवसंरचना प्रबंधन पर, अहमदाबाद विश्वविद्यालय महाकुंभ का मानवशास्त्रीय अध्ययन और लखनऊ विश्वविद्यालय तीर्थ और पवित्र भूगोल पर अध्ययन करेगा। आईआईएम इंदौर पर्यटन, मीडिया की भूमिका और सोशल मीडिया प्रबंधन के सर्वोत्तम तरीकों पर, जेएनयू महाकुंभ के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव और आर्थिक परिणामों पर और दिल्ली विश्वविद्यालय महाकुंभ के दार्शनिक और राष्ट्रीय एकता के पहलुओं पर शोध करेगा। प्रबंधन और योजना पर आईआईएम, स्वास्थ्य पर एम्स आईआईएम बैंगलोर और अहमदाबाद कुशल रणनीतिक प्रबंधन और योजना और शहरी अवसंरचना प्रबंधन पर तथा लखनऊ विश्वविद्यालय कार्यबल की रणनीतिक योजना और संचालन का विश्लेषण करेगा।

स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन में एम्स आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया के लिए स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी पर और सक्षम-निक्षय अभियान टीबी उन्मूलन अभियान के अवसरों और चुनौतियों का मूल्यांकन करेगा। आइआइटी कानपुर डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग के तहत सोशल मीडिया की भूमिका पर शोध करेगा। पर्यावरण और शहरी अवसंरचना और परिवहन भी मुख्य हिस्सा बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन महाकुंभ के पर्यावरणीय दस्तावेज़ीकरण पर अध्ययन करेगा। आइआइटी मद्रास जल और अपशिष्ट प्रबंधन का आकलन करेगा तथा संस्कृति फाउंडेशन हैदराबाद पर्यावरण संरक्षण के प्रति तीर्थयात्रियों की संवेदनशीलता पर अध्ययन करेगा। आईआईटी मद्रास, बीएचयू और एमएनएनआइटी परिवहन और यातायात प्रबंधन की चुनौतियों का विश्लेषण करेंगे। वहीं स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय (बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ) महाकुंभ के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव का अध्ययन करेगा। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ अर्बन अफेयर्स महाकुंभ 2025 के आर्थिक प्रभाव का आकलन प्रभावी ढंग से करेगा।

साथियों बात अगर हम महाकुंभ मेले की करें तो महाकुंभ मेला क्या है? कुंभ मेला भारत भर में पवित्र नदियों के तट पर चार शहरों में हर तीन साल में आयोजित किया जाता है। इस चक्र में हर 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले कुंभ मेले में उपसर्ग 'महा' (महान) होता है क्योंकि इसे अपने समय के कारण अधिक शुभ माना जाता है और इसमें सबसे बड़ी भीड़ जुटती है। श्रद्धालु हिंदुओं का मानना है कि पवित्र नदियों में डुबकी लगाने से लोगों के पाप धुल जाते हैं और कुंभ मेले के दौरान इससे जीवन-मरण के चक्र से भी मुक्ति मिलती है। कैसे शुरू हुआ कुंभ मेला? कुंभ मेले की उत्पत्ति हिंदू ग्रंथ ऋग्वेद में हुई है और 'कुंभ' शब्द का तात्पर्य अमरता के अमृत से युक्त घड़े से है, जो 'सागर मंथन' या ब्रह्मांडीय महासागर के मंथन नामक एक दिव्य घटना के दौरान प्रकट हुआ था। इस अमृत को पाने के लिए 12 दिव्य दिनों तक युद्ध चला, जो 12 मानव वर्षों के बराबर था।अमृत की बूंदें चार स्थानों - प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन, पर गिरी, जो कुंभ के स्थल बन गए। कुंभ में, विभिन्न हिंदू संप्रदायों या अखाड़ों से संबंधित भक्त भव्य जुलूसों में भाग लेते हैं और पवित्र नदी में डुबकी लगाकर 'शाही स्नान' करते हैं। यह भव्य नजारा लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है, जो न केवल इस अनुष्ठान में भाग लेने के लिए आते हैं, बल्कि हजारों संतों और संन्यासियों को, जो प्राय: अपने पारंपरिक भगवा परिधान पहने होते हैं, लगभग शून्य तापमान में डुबकी लगाते हुए देखने के लिए श्रद्धा के साथ भी आते हैं।

साथियों बात अगर हम कुंभ के आयोजन की करें तो इसका आयोजन कैसे किया जा रहा है? इसके विशाल आकार को देखते हुए, महाकुंभ मेले का आयोजन अधिकारियों के लिए एक बहुत बड़ा काम है, जो हर बार बड़ा होता जा रहा है। अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए 150,000 टेंट लगाए हैं, जिनकी संख्या अनेक देशों के आबादियों की की आबादी से लगभग तीन गुना होने की उम्मीद है।

साथियों बात अगर हम आम जनता द्वारा क्या महसूस किया गया इसका वर्णन करने की करें तो महाकुंभ-अफवाह फैलाने वाले 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर एफआईआर, मनमाना किराया वसूल रहे बाइक- रिक्शावाले, शहर में आज भी भीषण जाम का शहर है प्रयागराज महाकुंभ का आज 42 वां दिन है। मेला खत्म होने में 3 दिन और बचे हैं। आखिरी वीकेंड पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। मेला क्षेत्र के बाहरी हिस्सों में भीषण जाम लगा है। यमुना नदी पर बने ब्रिज की ओर जाने वाला रास्ता करीब 7 घंटे से जाम है। बांग्लादेश में 2022 में हुई ट्रेन में आग लगने की घटना कोमहाकुंभ की घटना बताकर अफवाह फैलाने वाले 34 सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।लखनऊ से आई एक महिला ने मीडिया में बताया- शहर के बाहर बस ने उतार दिया। इसके बाद शटल बस से मेले के लिए रवाना हुई। बस में खड़े होकर आना पड़ा। आधे घंटे की दूरी तय करने में 4 घंटे लगे।प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट्स पर बाहर से आने वाली गाड़ियों को रोक दिया जा रहा है। शहर से बाहर बनी पार्किंग में गाड़ी पार्क करनी पड़ रही। यहां से संगम की दूरी 10 से 12 किमी है। एंट्री पॉइंट्स पर रोके गए श्रद्धालुओं को कम से कम 10-12 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। हालांकि, उनकी सुविधा के लिए प्रशासन शटल बसें, ई-रिक्शा, ऑटो, ठेले को चलने दे रहा है। हजारों की संख्या में बाइक वाले भी सवारी ढो रहे हैं। लेकिन, ये सभी मनमाना किराया वसूल रहे हैं। साथियों बात अगर हम प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी की करें तो, महाकुंभ मेले को 2017 में यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का दर्जा दिया गया। यह मानवता का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण संगम है। यह आयोजन खगोलशास्त्र, ज्योतिष, आध्यात्मिकता, और सामाजिक- सांस्कृतिक परंपराओं का भी संगम है, जो इसे ज्ञान का एक समृद्ध स्रोत बनाता है। महाकुंभ के लिए प्रयागराज में एक अस्थायी नगरी का निर्माण किया जा रहा है और यह नगरी आधुनिक शहरी नियोजन, बुनियादी ढांचे और प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है। अनूठी चुनौती और अवसर, प्रयागराज, जिसकी आबादी 5.5 मिलियन है, के लिए 400 मिलियन विजिटर्स का स्वागत करना एक अभूतपूर्व चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है, जो संस्थानों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहा है। यह भव्य आयोजन हर 12 साल में तब मनाया जाता है जब सूर्य, चंद्रमा और गुरु एक विशेष आकाशीय स्थिति में एकत्र होते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियां का सबसे बड़ा आध्यात्मिक धार्मिक सांस्कृतिक समागम प्रयागराज महाकुंभ 2025, वैश्विक शोध का विषय बना! महाकुंभ समागम को देख पूरी दुनियाँ हैरान, हार्वर्ड, स्टैंनफोर्ड लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, आईआईएम, एम्स सहित 20 संस्थानों का शोध शुरू। 26 फ़रवरी 2025 को महाशिव रात्रि के स्नान के साथ महाकुंभ आयोजन का समापन होगा-श्रद्धालुओं का आंकड़ा 70 करोड़ पार होने की संभावना।

विचार

# क्यों हो रहें हैं अपनों के हाथों अपनों का कत्ल

*विनय कुमार मिश्र*



प्रत्येक दिन ऐसी घटना कहीं न कहीं जरूर सुनाई दे रही है जिससे रिश्तो की मर्यादाएं कलंकित हो रही है और सवाल खड़ा हो रहा है। कहीं बेटा बाप की हत्या कर दे रहा है, पति पत्नी की, पत्नी पति की, बेटा मां बाप का, भाई बहन का, बहन भाई का आदि आदि। ऐसी घटनाएं मन को झकझोर कर रख देती हैं कि आखिर यह क्या हो रहा है? लालच स्वार्थ आदि के लिए अपने अपनों की जान ले ले रहे हैं। कहीं-कहीं मानसिक विकारों के कारण भी लोग अपनों की जान ले रहे हैं। माना जाता है कि लोग घर परिवार में ज्यादा सुरक्षित होते हैं और घर परिवार जैसे सुरक्षित कोई और जगह हो भी नहीं सकती है लेकिन अब यह भी सुरक्षित नहीं रह गया है। आखिर यह क्या हो रहा है? हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएं हमें ऐसी शिक्षा तो नहीं देती कि हम किसी की गला घोंटे तुच्छ स्वार्थों के लिए। आखिर कहां जा रहे हैं हम। कहीं हम ऐसे पतन की तरफ तो नहीं बढ़ रहें हैं जिसका कोई इलाज हीं न हो? क्या भौतिकतावाद ने हमारी आंखें बंद कर रखीं हैं। कहीं न कहीं भौतिकतावाद समाज भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। हम नैतिकता, सदाचार, सहयोग, भावात्मकता आदि चीजों पर जोर नहीं दे रहे हैं। इस चीजों से दूर होते जा रहे हैं जिससे ऐसे परिणाम हमें भुगतने पड़ रहें हैं। हमारी सांस्कृतिक शिक्षा, हमारी परंपराएं ऐसी शिक्षा देती थी, सिख देती थी जिससे परिवार, समाज, मजबूत बन सके। लोग एक दूसरे को समझ सके, भावात्मकता जुड़ाव मजबूत हो सके। धीरे-धीरे हम अपनी संस्कृति परंपरा से दूर होते जा रहे हैं और हर जगह स्वार्थीपन, लालच जैसी चीजें अपना साम्राज्य स्थापित करतीं जा रहीं हैं जिसका नतीजा यह देखने को मिल रहा है। आजकल मोबाइल गेमिंग भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। अगर स्थिति ऐसी ही रही और इसके प्रति सोचा नहीं गया, ऐसी घटनाएं रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो स्थिति और बद से बदतर हो सकती है। हर रोज पढ़ने सुनने देखने को मिल रहा है कि अपने ने किसी अपने की ही जान ले लिया। ऐसी-तैसी खबरें आखिर हम कब तक पढ़ते सुनते देखते रहेंगे। सोचने वाली बात है कि ऐसे लोग पनप कहां रहे हैं। हमें ऐसे शिक्षा की जरूरत है, अभियान की जरूरत है जो हमारे अंदर से स्वार्थ लालच के साथ नशाखोरी आदि बुराई को भी खत्म करें। हमारी सांस्कृतिक शिक्षा, परम्पराओं आदि चीजों से हमें जोड़ें जिससे हम सब इस प्रकार की घटनाओं से दूर हो सकें और एक मजबूत रिश्तो की नींव का निर्माण कर सकें जिसमें बड़े छोटे सभी रिश्तों की मर्यादा हों,समझ हों। हर उन चीजों पर सख्त रोक लगें जो रिश्तों की डोर को कमजोर कर रहें हैं। हमें भी अपनी भाग दौड़ भरी जिंदगी से समय निकालकर एक दूसरे के साथ समय बिताना पड़ेगा तभी हम और हमें हमारा परिवार और रिश्ते हमें समझ पाएंगे हम उन्हें समझ पाएंगे। एक जमाने में दादा - दादी, नाना - नानी, मां-बाप, बच्चों को समय देते थे शिक्षाप्रद, संस्कारयुक्त कहानी सुनाते बताते सीखते थे लेकिन यह सब बीती बात हो गई है। सब लोग कामकाजी हो गए हैं । सबको शहर की हवा लग गई है। समय किसी के पास नहीं है। दादा-दादी, नाना - नानी गांव में होते है पोता पोती शहर में मां-बाप के साथ होते हैं। मां-बाप भी नौकरी पेशा वाले हैं। बच्चा स्कूल स्कूल से घर बाकी समय अकेलेपन में। सबके पास समय का अभाव है। एक दूसरे को समझने का समय किसी के पास नहीं है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भाग दौड़ भरी जिंदगी से समय निकालकर बच्चों को समय जरूर दिया जाए, उन्हें समझा जाए अगर औलाद कहीं रिश्ते मर्यादा नहीं समझनें वाला है तो आपका सब कुछ बेकार हो गया जबकि सब कुछ औलाद के लिए ही किया गया। आज से ही सही कोशिश कीजिए की रिश्तों की मर्यादा बचीं रहें।

**पत्रकार व स्तंभ लेखक**

साहित्य

## किस-किसकी झोली में समाया दुलार...!



**संजय एम तराणेकर**

सच, वो कैसे संभाल रही होंगी  
अपने आप को,  
दिलों जान से छोड़ गया चाहने  
वाला साथ को।  
ऐसे असमय जाना उन्हें कितना  
अख़रता होगा,  
आँसूओं को छोड़ो मन कितना  
पिघलता होगा।  
ज़िक्र हो, जवाब दे जाती होगी  
उनकी हिम्मत,  
ऐसे तो न छूटना था साथ पर  
यहीं थीं किस्मत।

सच वह कैसे संभाल रही होंगी  
अपने आप को,  
दिलों जान से छोड़ गया चाहने  
वाला साथ को।  
ईश्वर इतनी जल्दी क्यों? बुलाया  
मेरे दोस्त को,  
हम सबके हृदय में जगह बनाने  
वाले होस्ट को।  
क्या? दोष दे अब हम आप व  
आपके यम को,  
सारी ज़िन्दगीभर भूला ना सकेंगे  
इस गम को।

सच वह कैसे संभाल रही होंगी  
अपने आप को,  
दिलों जान से छोड़ गया चाहने  
वाला साथ को।  
जब आती हैं याद तब कैसे  
संभलता होगा दिल,  
रूह काँप उठी होगी, होता होगा  
उन्हें भी फील।  
आनंद मेरे यार, तुम कितना छोड़  
गए हो प्यार,  
न जाने किस-किसकी झोली में  
समाया दुलार।  
*(सन्दर्भ : मित्र आनंद देशमुख को विनयांजलि)*





# राशिफल

**मेषः-** पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनावें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**वृषभः-** महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**मीनः-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# दिल्ली में भाजपा सरकार के सामने हैं अनेक मुश्किल काम

*डॉ. ज्ञान पाठक*

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में है, जिसके सामने अनेक चुनौतियां हैं। चुनाव अभियान के दौरान भाजपा ने बहुत से चुनावी वायदे दे रखे हैं जिन्हें पूरा करना एक बहुत ही कठिन कार्य है, और विपक्ष बहुत ही सतर्क और मजबूत है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार, जिसने 20 फ़रवरी को आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला, के पहले कैबिनेट फैसले और उस पर विपक्षी आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की प्रतिक्रिया से ही स्पष्ट हो गयी। अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने और पहली दिल्ली विधानसभा में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की 14 लंबित रिपोर्टों को पेश करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार में महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने के वायदे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पर कैबिनेट बैठक में चर्चा हुई थी, लेकिन पाया गया कि लाभ पाने के लिए महिलाओं की श्रेणी तय करने के लिए और अधिक चर्चा की आवश्यकता है।चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से बहुत सारे वायदे करके भाजपा सत्ता में आई है, जिनमें से सबसे प्रमुख वायदा दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये देने का था। दिये गये वायदों को पूरा करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि बहुत ही मुश्किल है, जैसा कि सरकार के पहले कैबिनेट फैसले में झलकता है। आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर वायदा तोड़ने का आरोप लगाया, जो आप नेतृत्व की सतर्कता को दर्शाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि आप दिल्ली चुनाव में भाजपा से केवल 1.99 प्रतिशत वोटों के अंतर से हारी थी, और इसलिए आप एक निराश पार्टी नहीं बन पाई है। हार ने उन्हें राजनीतिक रूप से अति सक्रिय बना दिया है, जो कैबिनेट के फैसले के तुरंत बाद आतिशी की त्वरित टिप्पणी में झलकता है। भाजपा ने दिल्ली के लोगों को श्धोखाश् देने का मन बना लिया है, आतिशी ने आरोप लगाया। याद रहे कि हार के बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने कहा था, हम विनम्रता के साथ जनादेश स्वीकार करते हैं... और उम्मीद करते हैं कि भाजपा दिल्ली के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि आप एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेगी और दिल्ली के लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। केजरीवाल ने अपने विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने और भाजपा को उनके चुनावी वायदों के लिए जवाबदेह बनाने को कहा है, जैसे कि 8 मार्च तक दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देना, मुफ्त बिजली जारी रखना, गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्कूलबनाये रखना और मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भी कहा है कि आप सुनिश्चित करेगी कि भाजपा इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करे और आप शासन के दौरान पिछले 10 वर्षों में किये गये कार्यों को जारी रखे। नयी भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट समिति की बैठक के नतीजों पर आतिशी के तीखे हमले को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए।

शुक्रवार को सीएम रेखा गुप्ता ने भी आरोपों का जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस ने 15 साल और आप ने 13 साल राज किया। उन्होंने जो किया, उसे देखने के बजाय वे हमारे एक दिन पर सवाल कैसे उठा सकते हैं?... हमने शपथ लेने के तुरंत बाद पहले दिन कैबिनेट मीटिंग की और हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे आप ने रोक रखा था। हमने पहले दिन दिल्ली के लोगों को 10 लाख रुपये का लाभ दिया।श् देश में केवल दो राज्य थे जिन्होंने पीएम-एबीवाई (आयुष्मान भारत योजना) को लागू करने से इनकार कर दिया था और उनमें से एक आप के नेतृत्व वाली दिल्ली थी, इस आधार पर कि दिल्ली 1 करोड़ रुपये की चिकित्सा सुविधा दे रही थी, जबकि पीएम-एबीवाई केवल 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दे रही थी। आयुष्मान भारत को मंजूरी देने वाली दिल्ली कैबिनेट के दो घटक होंगे - 5 लाख रुपये केंद्र द्वारा और 5 लाख रुपये दिल्ली द्वारा, यानी कुल 10 लाख रुपये। दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सीएजी रिपोर्ट पेश किये जाने के मामले में सीएम रेखा गुप्ता ने आप पर हमला करते हुए कहा कि उन्हें चिंता है कि जब सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जायेगी, तो बहुत से लोगों के रिकॉर्ड उजागर हो जाएंगे। विकसित दिल्ली के मिशन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले ही कहा था, श्हम इस दिशा में काम करते रहेंगे। हम एक दिन भी इंतजार नहीं करेंगे। और हम अपने हर वादे को पूरा करेंगे। इससे पता चलता है कि दिल्ली की भाजपा सरकार को आने वाले महीनों में विधानसभा और उसके बाहर सार्वजनिक राजनीतिक क्षेत्र में आप के मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ेगा। भाजपा नेतृत्व के पास आगे बहुत व्यस्त समय होगा। फ़िर भी, भाजपा के पास कुछ ऐसे फ़ायदे हैं जो आप सरकार के पास नहीं थे। उदाहरण के लिए, दिल्ली सरकार के अधिकारी आप के मंत्रियों की भी नहीं सुनते थे, क्योंकि वे सीधे उपराज्यपाल के अधीन थे, अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अधीन। इसके कारण आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार का कामकाज बाधित हो रहा था। बदले हुए परिदृश्य में, जब दिल्ली और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है, उपराज्यपाल और उच्च सरकारी अधिकारी बहुत सक्रिय हो गये हैं, और अब दिल्ली के लिए काम कर रहे हैं, जबकि पहले वे आप सरकार के सामने बाधाएं खड़ी कर रहे थे। सरकार और उनकी योजनाओं के बारे में भी यही कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में भाजपा सरकार के आने से पहले ही उपराज्यपाल ने यमुना की सफ़ाई का काम शुरू कर दिया है। वही उपराज्यपाल आप सरकार के खिलाफ एक विपक्षी पार्टी की तरह काम कर रहे थे - न केवल यमुना की सफाई के मुद्दे पर बल्कि यमुना से पीने योग्य पानी के मुद्दे पर भी, जो दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान प्रमुख राजनीतिक मुद्दे बन गये थे।

इसका एक और उदाहरण दिल्ली के अधिकारियों की मुस्तैदी है, जो पहले भी आप सरकार और उसके मंत्रियों के सामने अवरोध पैदा करते रहे थे। भाजपा के शपथ लेने से दस दिन पहले ही दिल्ली के मुख्य सचिव ने 10 फरवरी को सभी विभागों से भाजपा के घोषणापत्र के आधार पर जहाँ भी जरूरत हो, वहाँ कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार करने को कहा है। उन्होंने सभी विभागों से 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा है। इन लाभों के बावजूद, भाजपा के लिए आगे का समय कठिन होगा क्योंकि पार्टी के पास अपने करीबी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आप को दबाये रखने के लिए बहुत सारे वायदे पूरे करने हैं, बहुत सारे विकास कार्य करने हैं और सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करना है। दूसरी ओर, आप ने भाजपा सरकार के पहले दिन ही दिखा दिया है कि वे भाजपा सरकार को उसके वायदों और शासन के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए बहुत सक्रिय होंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न. UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गई है। पहले दिन 10वीं और 12वीं कक्षा की हिंदी की परीक्षा कस्बे के 6 सेंटर में परीक्षार्थियों ने दी। इस दौरान एसडीएम और सीओ ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाएं देखी।

चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सत्यनारायण सिंह परिहार ने बताया केंद्र में सारी व्यवस्थाएं चौकस है। सर्चिंग के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। पहले पाली में हाईस्कूल कक्षा के 28 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी है। दूसरी पाली के 10 इंटरमीडिएट के छात्रों ने परीक्षा छोड़ी।



मां शारदा बालिका मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य कल्पना ने बताया कि हाईस्कूल में 26 और इंटरमीडिएट के 21 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी है। फैज ए आम स्कूल के प्रधानाचार्य महबूब अली ने बताया हाईस्कूल में 5 और इंटरमीडिएट के 12 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी है। अन्य स्कूलों में परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराई गई।

## बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, शातिपूर्ण सम्पन्न कराने को किये पुलिस प्रबंध

**महोबा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2025 तक चलेंगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में नकलविहीन, सकुशल, शातिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी को निर्देशित किया गया है कि बोर्ड परीक्षा से सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुंचे, ताकि परीक्षा को सही ढंग से संपादित कराया जा सके। परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायें। सभी को निर्देशित किया गया कि बोर्ड परीक्षा शातिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराना सभी का दायित्व है। उन्होंने प्रश्नपत्रों, उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर वितरण कराने, परीक्षा के दौरान सतत मॉनिटरिंग करने एवं अपनी ड्यूटी के अनुसार पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने आदि के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश दिये गये है। सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के दौरान दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कहीं पर भी अनियमित्ता अथवा लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भूमाफिया ने तालाब की जमीन कब्जा कर शुरु किया निर्माण, टीम गठित कर जांच शुरु

**मौदहा, हमीरपुर।** भू माफिया द्वारा कस्बे की बेस कीमती जमीन तालाब पोखरी को मिट्टी डालकर पुराई करवा कब्जा किया जा रहा है जिससे आम जनमानस में आक्रोश पनप रहा है और जिलाधिकारी को उप जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई। कस्बे के रफ़ीकुउद्दीन पुत्र मोहम्मद बाकर समाजसेवी ने उप जिला अधिकारी को बताया कि मौदहा मौजा खतौनी संख्या 1426 फा.खाता 122 पर खातेदार तालाब पोखरी के गाटा संख्या 20 30 का इकरार व्यय में लंबी रकम लेकर मोहम्मद आजम, मोहम्मद आलम, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद रफीक, सफीक व सलमा बानो द्वारा कब्जा किया गया है। इसी तालाब में गेस्ट हाउस अन्य नंबर दर्शाकर एक दो मंजिला बनवा दिया गया है जिसका कोई



कागजात नहीं है अब कस्बे के अंदर की कीमती जमीन तालाब पोखरी को भूमाफियों ने लंबी रकम गिनाते हुए पोखरी का बैनामा दर्शाकर कर दिया है जहां पहले से ही दो-दो मंजिला मकान बने हुए और उसे पोखरी की मिट्टी फुराई रात में की जा रही जिससे आम जनमानस में आक्रोश पनप रहा है सरकार की जल संरक्षण योजना को सरकारी अधिकारियों की मौन स्वीकृति पलीता लगा रहे है कुछ दिन बाद बड़ी-बड़ी हवेलियां बनकर खड़ी हो जाएंगे इस संबंध मे तहसीलदार अनुभव चंद्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### कुत्ते ने पांच और को पहुंचाया अस्पताल

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** मूसानगर रोड पर स्थित एक महाविद्यालय के सामने रविवार की तरह सोमवार को भु एक कुत्ते ने दौड़ दौड़ कर 5 लोगों को काटा जबकि बीते कल करीब दर्जन भर लोगों को काट कर घायल कर दिया था, कुत्ते के हमले से घायल सभी इंजेक्शन लगवाने के लिए सीएचसी पहुंचे जहां रेबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद कुछ को मरहम पट्टी की गयी, लोगो का कहना था कि कुत्ता पागल है।

### चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**राठ, हमीरपुर।** चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी करके ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत की है। कोतवाली के धनौरी गांव निवासी बेवा अनुसूईया ने बताया कि वह अपने मायके में शादी समारोह में औंता गांव गई थी। 21 फरवरी की रात चोर कमरे का ताला तोड़कर घर में घुस आए। चोर घर से सोने की जंजीर और दस हजार रुपए चोरी करके ले गए। सुबह जब उसने देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के 10 वर्ष होने पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**चरखारी, महोबा।** कस्तूरबा विद्यालय चरखारी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 24.1.2025 से 8 मार्च 2025 तक होने वाली गतिविधियों के अतंर्गत कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को महिला कल्याण विभाग, सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा बच्चों से नींबू दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। टायोजित प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 की प्रतीक्षा प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर कक्षा 8 की नीरज तथा तृतीय स्थान कक्षा 6 की प्रियंका ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान को पुरस्कार के रूप में मिल्टन बॉटल, द्वितीय पुरस्कार लंच बॉक्स, तृतीय पुरस्कार पेन पेंसिल किट, पेपर किट से सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को पेंसिल किट एवं ट्रॉफी उपहार के रूप में दी गई। वन स्टॉप सेन्टर प्रबंधक क्षमा द्वारा महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना मनोवैज्ञानिक परामर्श दाता पूर्णिमा द्वारा चाइल्ड लाइन एवं वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली तथा उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी समस्त छात्राओं को जागरूक किया गया। थाने से उप निरीक्षक नेहा विश्वकर्मा द्वारा हेल्पलाइन नंबर्स 181, 1090, 1076, 112,108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय वार्डन श्रीमती अनीता तिवारी जी, पूनम द्विवेदी सविता गुप्ता समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, वन स्टॉप सेंटर से कैसे वर्कर श्रीमती अर्चना, मल्टीपरपज आनंद कुमार उपस्थित रहे।

### तीन माह से सफाईकर्मी के न आने पर ग्राम प्रधान ने की शिकायत

**जैतपुर, महोबा।** विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धवर्रा की ग्राम प्रधान सोनम खरे ने एडीओ पंचायत विकासखंड जैतपुर को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि पंचायत में तैनात महेश कुमार सफाई कर्मी के द्वारा गांव में तीन माह से साफ सफाई का कार्य नहीं किया गया है और न ही कोई सूचना दी गई। प्रार्थना पत्र में मांग की गई कि साफ सफाई के प्रति उदासीनता बरतने के संबंध में उक्त सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही कर गांव में नए सफाई कर्मी की तैनाती की जाए। इस संबंध में जब एडीओ पंचायत से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उक्त सफाई कर्मी पंचायत कार्यालय में एक फरवरी से तैनात है। जब उनसे पूछा गया कि इसकी सूचना ग्राम पंचायत व सचिव को दी गई, तो उन्होंने कहा कि लिखित रूप से अवगत कराया गया। लेकिन जब इस संबंध में जब ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने कहा हमारे पास कोई सूचना नहीं आई, न ही किसी प्रकार का कोई पत्राचार किया गया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज संभाल रही उप जिलाधिकारी सल्तनत परवीन से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सफाई कर्मियों के द्वारा इस प्रकार की उदासीनता बरतने के संबंध में निश्चित रूप से संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जब जिला पंचायत राज अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया है कि पंचायत में सफाई कर्मी की तैनाती की जाये। विकासखंड जैतपुर में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत की निष्क्रिय कार्य शैली के चलते विकासखंड में सफाई कर्मियों की नियमितता कहीं भी सुचारू रूप से संचालित नहीं है। इस संबंध में आए दिन शिकायतें होती है, लेकिन किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जाता है।

## मकान विवाद को लेकर महिलाओं ने पेट्रोल की बोतल लेकर आत्महत्या की दी धमकी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के नरहिया मोहल्ले में चल रहे एक मकान के विवाद में महिलाओं ने छत पर चढ़कर सोमवार की सुबह पेट्रोल की बोतल ले कर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया जिससे पुलिस के भी हाथ पैर फूल गए सक्षम अधिकारी दलबल के साथ फायर ब्रिगेड सहित मौके में पहुंच गए उन्हें हिरासत में लेकर शांति भंग के मामले में चालान कर दिया।

इनके साथ बच्चे भी थे, कस्बे के मोहल्ला पश्चिमी तरौस निवासी नसीम बानो पत्नी स्व.कबीर अहमद ने उपजिलाधिकारी को बताया कि उसके स्वर्गीय पति कबीर अहमद ने जिन्नत पत्नी मुश्ताक अहमद से एक मकान लगभग डेढ़ दशक पहले खरीदा था जिसका बैनामा भी कराया था जिसमें जिन्नत सहित उसके सभी बालिग पुत्रों

> **चार महिलाओं का चालान, तीन घंटे तक चला हाईबोल्टेज ड्रामा, पुलिस हलाकान**

ने अपनी सहमति से हस्ताक्षर किए थे जिसके बाद उसके पति ने मकान को बनवा कर कृषि यंत्र रखने सहित अन्य कामों में प्रयोग करना शुरू कर दिया। नगरपालिका में भी दाखिल खारिज करवा लिया था जबकि पीड़िता अपने इकलौते पुत्र के साथ रोजगार के सिलसिले में अलीगढ में रह रही है। इसी का लाभ उठाकर बीते साल तेरह मई को जिन्नत, रमजानी, सफात, सोनू सहित अन्य लोगों ने मकान का ताला तोड़कर गेहूं, सरसों, एसी, वाशिंग मशीन सहित अन्य कृषि उपकरण चोरी कर मकान में कब्जा कर लिया है जिस पर पुलिस ने अपना ताला डाल मकान को 145 के तहत कुर्क करने की



कार्यवाही शुरू करते हुए जिलाधिकारी को भेजी थी। अभी यह मकान किसी की सुपुर्दगी में भी नहीं दिया गया की सुबह मकान पर अपना दावा प्रस्तुत करने वाले जन्नत आदि ने मकान के पिछले हिस्से से घुसकर आज सुबह हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वही यह तमाशा देख मकान की रक्षा में मौजूद पुलिस ने अपने ऊपर के अधिकारियों को सूचना देते हुए उनका मकान से हटाने का प्रयास किया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस यहां तक की तहसीलदार वीरपाल भी घटना स्तर पर पहुंच गए पुलिस ने फायर ब्रिगेड को भी बुला लिया वहीं महिलाएं हाथ में पेट्रोल की बोतल लिए हुए छत पर पहुंच कर पेट्रोल डालने की धमकी देते हुए चिल्ला रही थी यदि उनके मकान से उन्हें जबरन हटाने का प्रयास किया गया तो वह है पेट्रोल डालकर आग लगा लेंगे। बच्चों शायद आत्महत्या कर लेंगे यह हाई वोल्टेज ड्रामा लगभग 3 घंटे चला। किसी तरह पुलिस ने तीन महिलाओं रोशनी पत्नी समीर, गुड्डो पत्नी बकरीदी, रूबी को हिरासत में ले लिया और इनका सहयोग कर रही आरती उर्फ सबिया जो बीरबल के बीच से निकाल कर भाग गई पुलिस ने इन चारों के खिलाफ शांति भंग होने का मामला दर्ज कर दिया है। तहसीलदार बीरबल ने बताया कि कानून व्यवस्था की स्थिति देखने के लिए वहां मौजूद थे जो भी आवश्यक कार्रवाई होगी हुआ है पुलिस द्वारा की जाएगी। वहीं कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि वहां को लेकर बढ़ते विवाद की रोकथाम के लिए मकान को 145 के तहत कुर्क करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है और ताला डालकर पुलिस की तैनाती भी की गई थी लेकिन उक्त महिलाओं ने पुलिस को चकमा देते हुए मकान के पीछे से चढ़कर ड्रामा शुरू कर दिया।

## मौरंग माफियाओं ने फसल नष्ट कर दी

**राठ।** मझगवां थाने के गड़हर गांव निवासी लालमन ठाकुरदास मनोज देवकरन मोहनलाल रघुवीर जयकुमार पूजा आदि ने बताया की धसान के तट में किसान अपने अपने परिवारों का भरण पोषण करने के लिए सब्जी की फसल बोई है। उसी से परिवार का भरण पोषण करते हैं। लेकिन मोरंग माफियाओं और उनके साथियों द्वारा हम लोगों की हरी भरी फसल में पानी भर दिया। जिससे जल भराव से सब्जियां खराब हो गई है। बताया कि जब इसका विरोध किया गया तो उक्त मौरंग माफियाओं ने गाली गलौज कर जान माल की धमकी दी। किसानों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## मनरेगा से लेबर बजट की डिमांड न करने पर डीसी ने लोनिवि समेत आधा दर्जन कार्यदायी संस्थाओं की शिकायत की शासन से

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

> **तमाम लिखा-पढ़ी से बचने के लिये संस्थाएं नहीं लेती है बजट, शासन व प्रशासन के आदेश की उड़ायी जा रही है धज्जियां**

शासनादेश के बाद भी तमाम झंझटो से बचने के लिये आधा दर्जन कार्यदायी संस्थाओं ने कार्य कराने के लिये मनरेगा की धनराशि की मांग नही की है। मामले की शिकायत उपायुक्त(डीसी) मनरेगा ने जिलाधिकारी के अलावा अपरआयुक्त मनरेगा से की है। जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि कार्यदायी संस्थाएं मनरेगा से श्रमांश की धनराशि लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों से कार्य करायेगी। मगर लोनिवि,बन विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, लघु सिचाई, लघुडाल नहर, मौदहा बांध आदि कार्यदायी संस्थाओं ने दो साल से ज्यादा समय व्यतीत हो गया मगर आज तक मनरेगा से बजट के लिये डिमांड नही भेजी है। जिससे हमीरपुर जिले की रिपोर्टिंग भारत सरकार में बहुत ही खराब जा रही है। इसके लिये डीसी मनरेगा राघवेंद्र सिंह ने कई मर्तवा कार्यदायी संस्थाओं को कड़ा पत्र लिखा है मगर बराबर अनसुनी की जा रही है। जिलाधिकारी ने भी सभी विभागों को रिमाइंडर पत्र भेजा है मगर कोई असर नहीं हो रहा है। राज्य सरकार की मंशा है कि संबंधित कार्यदायी संस्थाओ को जो बजट दिया जाता है उससे अन्य कार्य कराना चाहिये भारत सरकार जो लेबर बजट मिलता है उसको मजदूरों के मजदूरी में खर्च कर लेना चाहिये ताकि स्टेट बजट को बचाया जा सके मगर मनरेगा बजट में तमाम लिखापढ़ी व कमीशन न मिलने के कारण शासनादेश की जमकर धज्जिया उड़ायी जा रही है। कई विभाग तो ऐसे है शासन से बजट न मिलने के बाद हाथमे हाथ धरे बैठे रहेगे मगर मनरेगा से बजट नही लेगे चाहे जिले का विकास हो या न हो। डीसी मनरेगा ने बताया कि इसके पहले भी ज्यादातर संस्थाओं ने डिमांड नही भेजे थे यही नहीं यदि दबाव मे कार्यदायी संस्थाओं ने डिमांड भेजा तो गलत डिमांड भेज देते है उस डिमांड को फिर से मनरेगा से वापस किया जाता है जिससे समय की बर्बादी होती है। हालाकि मनरेगा बजट दो सौ सैतालिस रुपये है इतने कम धनराशि में मजदूर काम करने को तैयार नहीं होता है। मगर मनरेगा में लेबर बजट को ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च करना होता है। फिर भी कार्यदायी संस्थाएं इस ओर कोई ध्यान नही दे रही है। डीसी मनरेगा ने बताया कि इस मामले की जानकारी अपर आयुक्त मनरेगा लखनऊ को दे दी गयी है। लेबर बजट न लेने से भारत सरकार में हमीरपुर की छवि खराब हो रही है।

## ईओ के गायब होने से सफाई कर्मियों का वेतन रुका



> **धरना-प्रदर्शन जारी, शासन से की गयी शिकायत**

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

अधिशासी अधिकारी के तीन सप्ताह के विना अवकाश के गायब होने से स्थानीय नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को वेतन नही मिल पा रहा है। परेशान कर्मचारी काम बंद कर हड़ताल कर धरना प्रदर्शन करते रहे। तथा सफाई कार्य बाधित हुआ। एसडीएम के आने के बाद वेतन दिलाए जाने का आश्वासन देने के बाद कर्मचारियों ने प्रदर्शन स्थगित कर कार्य पर गए।

नगर पंचायत कुरारा में कार्यरत स्थाई व संविदा एतथा आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को तीन माह से वेतन न मिल पाने से सभी कर्मचारी नगर पंचायत परिसर में धरने पर बैठ गए तथा हाथ में तख्ती लिखी हम भूखे है हमे रोटी दो लिए सुबह से धरना प्रदर्शन करते रहे। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि स्थाई सफाई कर्मचारियों व संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिल पा रहा है। तथा आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे सभी कर्मचारियों के सामने भुखमरी की समस्या बन गई है। तथा जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तथा आगे होली का त्योहार नजदीक आ रहा है। समय से वेतन न मिला तो त्योहार भी नहीं हो पाएगा। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने की सूचना मिलने पर एस डी एम बलराम गुप्ता नजर पंचायत पहुंचे तथा कर्मचारियों को शीघ्र वेतन दिलाए जाने का आश्वाशन दिया। तब सभी कर्मचारी अपने कार्य को निकले। चार घंटे तक सफाई कार्य बाधित रहा। इसके पहले वेतन की मांग को लेकर नगर पंचायत सफाई कर्मचारी जिला मुख्यालय में भी धरना प्रदर्शन कर चुके है। ईओ रामबदन यादब के अक्सर गायब रहने से नगर पंचायत का सारा काम बाधित चल रहा है।नगर पंचायत की चेयरमैन आशारानी कबीर ने इस मामले की शिकायत शासन व प्रशासन से की गयी है मगर समस्या का कोई हल नहीं निलक पा रहा है। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर जा रहा है मगर समस्या सुलटने के बजाय उलझती जा रही है।

## न्यायालय परिसर में संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों व वस्तुओं की गई सघन चेकिंग



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन पर परिक्षेत्रीय ए.एस. चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू महोबा व न्यायालय सुरक्षा की संयुक्त टीमों द्वारा सुरक्षा व सतर्कता के दृष्टिगत न्यायालय परिसर महोबा में सघन चेकिंग की गयी। न्यायालय परिसर के सभी गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हर आने-जाने वाले शख्स की जांच कराई गई। संदिग्धों की तलाशी लेते हुए उनसे आने का कारण पूछा गया। न्यायालय परिसर में लॉकअप, पार्किंग एवं मैन गेट पर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ कर उनका वैरीफिकेशन कराया गया। वहीं आने जाने वाले वाहनों को वैरियर लगाकर चैक किया जा रहा था। इसके अलावा स्कैनर से बैग/वस्तुओं व अन्य सामान की चेकिंग करने के बाद ही व्यक्तियों को अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं न्यायालय के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी चेक किया गया, चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक/संदिग्ध वस्तु बरामद नही हुई।

## तेज रफ्तार डंफर ने बाइक को टक्कर मारकर 600 मीटर तक घसीटा

**महोबा।** जनपद में दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिलाा है। जहां तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में बाइक से उछलकर दोनों सवार दूर जाकर गिरे और घायल हो गए। जबकि डंपर भागने के प्रयास में चालक बाइक को फंसा कर 600 मीटर तक घसीटा हुआ ले गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने हमीरपुर चुंगी के पास डंपर को रोक कर चालक को पकड़ लिया और चालक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है, जबकि घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी 20 वर्षीय अफजल अपने 32 वर्षीय मित्र कांचा के साथ बाइक से ट्रेंड्स माल जा रहे थे, तभी पीडब्ल्यूडी तिराहे से गुजर रहे तेज रफ्तार एक डंपर ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी और भागने के चक्कर में डंफर के नीचे फंसी बाइक को घसीटता हुआ भगाने लगा। गनीमत रही कि हादसे के समय बाइक से उछलकर दोनों सवार गिरकर घायल हो गये। नहीं तो दोनों की जान भी जा सकती थी। डंफर में फंसी बाइक 600 मीटर तक घसीटता हुआ चालक के गया। डंफर द्वारा हिट एंड रन की घटना देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने डंफर का पीछा किया और हमीरपुर चुंगी में उसे पकड़ लिया। इस दौरान पब्लिक ने डंफर चालक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर को कब्जे में ले लिया है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है। हिट एंड रन में डंफर की चपेट में आए घायलों के परिजन सूचना पाकर जिला अस्पताल पहुंच गए और आरोपी डंपर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

## बरीपाल में पीडीए की महापंचायत आयोजित

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

यमुना चक्रवर्ती गांव बरी पल में पीडीए की महापंचायत आयोजित की गई जिसमें पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजाराम पाल जी ने कहा देश में वर्तमान सरकार संविधान को नहीं मानती, लगातार सविधान का व संविधान निर्माता बाबा साहब का अपमान कर रहे है, कहा की ये समय पार्टियो में बाटने का नहीं है यह समय संगठित होकर रहने का है कहा समाज के सभी वर्ग मारे पीटे जा रहे है दलित पिछड़ों ग़रीब सवर्णो को शोषित किया जा रहा है।

प्रांतीय नेता वीरसेन यादव ने कहा की भाजपा सरकार तानाशाही करने में उतारू है लोगो के फ़र्ज़ी मुकदमे लिखे



जा रहे है विपक्ष के लोगो की हत्याए की जा रही है। पूर्व विधायक इंद्रजीत कोरी ने कहा की पावर प्लांट में नौकरी बिजली के नाम पर क्षेत्र के लोगो के साथ छल किया गया है, बीजेपी के लोग पावर प्लांट में लूट मचाए हुए, सपा सरकार आने पर क्षेत्र के लोगो को रोज़गार और बीस किलोमीटर के लोगो को चौबीस घंटे बिजली मुफ्त मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा ने कहा कि ये सरकार दलित पिछड़ों के अधिकार व आरक्षण छीनने का काम कर रही है। सपा नेता प्रवीण पंकज ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश प्रदेश की सरकार झूठ की बुनियाद पर चल रही है पिछले दस सालों में डबल इंजन की सरकार ने युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा है जिससे बेरोज़गार युवाओं का झुकाव अपराध की ओर बढ़ रहा है हो रहे अपराध की जिम्मेदार बीजेपी सरकार है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद राजाराम पाल, पूर्व विधायक कार्यक्रम संयोजक इंद्रजीत कोरी, प्रांतीय नेता वीरसेन यादव, विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा, महासचिव अमर सिंह, सपा नेता अनिल सोनकर वारसी, प्रवीण पंकज, शैलू सोनकर, मीणा संखवार, शिवसिंह पाल, राजकुमार पाल, शिवकरण निषाद, वीरजन बाबू सचान, डॉक्टर अतुल सविता, रमेश विश्वकर्मा, जगत सिंह, बबलू, नईम ख़ान, कल्लू मास्टर चंद्रिका, सियाराम कोरी, शिवप्रसाद कोरी, अभिषेक आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन कमलेश कोरी ने किया।

## मूंगफली खरीद केंद्रों में खुलेआम हो रहा भ्रष्टाचारः जितेंद्र सिंह

> **एमएलसी द्वारा सदन में गूंजा मूंगफली किसानों के शोषण का मुद्दा**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

विधान परिषद बजट सत्र में नियम 115 के अंतर्गत सूचना के माध्यम से सदन का ध्यान मूंगफली किसानो के साथ किए गए शोषण/उत्पीड़न से संबंधित सदन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बता दें कि बुन्देलखण्ड के जनपद- महोबा के मूँगफली की फसल को सरकारी क्रय केन्द्रों द्वारा सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही एमएसपी का लाभ मूँगफली किसानों को न देकर साजिशन सीधे क्रय केन्द्रों के विभागीय



अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से मूँगफली के बड़े व्यापारियों, बिचौलियों को लाभ पहुँचाया गया है। जिन किसानों की सरकारी खरीद केन्द्रों में मूंगफली बिक भी गयी है, अधिकतर किसान आज भी 6 आर पाने के लिये खरीद केन्द्रों के चक्कर लगा रहे है। मूँगफली खरीद केन्द्रों में खुलेआम भ्रष्टाचार कर सरकार की नीतियों का पालन नहीं किया गया। जिन किसानों ने अपनी मूंगफली केन्द्रों पर बेची गयी उनसे आर्थिक कुचेष्ठा के रूप में सुविधा शुल्क के नाम पर रूपये 1000 से 1500 रूपये तक वसूले गये, जिन मूँगफली किसानों ने सुविधा शुल्क नहीं दिया, वह केन्द्रो पर मूँगफली बेचने से वचित रह गये। उक्त के सम्बन्ध में एक क्रय केन्द्र में विभागीय अधिकारी द्वारा एफआईआर भी दर्ज करायी गयी है। उक्त भ्रष्टाचार के कारण मूंगफली किसानों में सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध आकोश व्याप्त है, जिसकी उच्चस्तरीय जाँच करायी जाना जनहित में आवश्यक है। अतः इस लोक महत्व के सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते बुन्देलखण्ड के जनपद- महोबा के मूँगफली किसानों के साथ किये गये उत्पीड़न तथा विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से व्यापारियों एव बिचौलियों को लाभ पहुँचाए गये की उच्चस्तरीय जाँच कराते दोषी अधिकारियों, कर्मचारियो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अविलम्ब कराये जाने हेतु सदन में आवश्यक कार्यवाही किए जाने की माग की गई है। उक्त संबंध में सभापति मानवेंद्र सिंह द्वारा सरकार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

# किसान भाइयों को मिल रहा सम्मान निधि का लाभ : रामदेव सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर चार महीने पर जारी होने वाली रुपये 2000 की किस्त सोमवर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस योजना की 19वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से सभी किसान भाइयों के खाते में भेजी गई। कार्यक्रम में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया।

हैदरगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार देश के किसानों को दोहरा लाभ प्रदान करने का काम कर रही है किसानों के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फसल बीमा योजना फंड योजना मधुमक्खी पालन योजना एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाओं का लाभ सीधे सभी किसान भाइयों को मिल रहा है। इस अवसर पर आए हुए प्रगतिशील किसानो द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा अवलोकन किया गया एवं सम्मानित किसान भाइयों को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के अधिकारी कर्मचारी सहित सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा, मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शहर के कम्पनी बाग स्थित अनुपमा नर्सिंग होम महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन करने के बाद उसको 50 कदम पैदल चला दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर गई। महिला चिल्लाती रही, लेकिन उसे जल्द राहत मिलने की बात कहते हुए बेड पर लिटा दिया गया। इतने में उसकी सांस तेज चलने लगी और सांसे थम गई। महिला की मौत होते ही नर्सिंग होम में मौत न दिखाकर जिला अस्पताल में मौत होने की झूठी कहानी बनाने के लिए कर्मचारी मृत महिला को जिला अस्पताल की इमरजेंसी लेकर पहुंच गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पूरा खेल समझने के बाद मृतक महिला के परिजन भड़क गए और जमकर हंगामा किया।

**▸ ओबरी के ऑपरेशन के बाद महिला को चला दिया पैदल, हालत बिगड़ने के बाद हुई मौत, झूठी कहानी बनाने के लिये शव लेकर पहुंचे जिला अस्पताल**



पूरा मामला बदोसरांय थाना क्षेत्र के काशीपुरवा निवासी 48 वर्षीय गुड्डा देवी पत्नी शिव प्रसाद वर्मा से जुड़ा है। गुड्डा देवी काफी दिनों से बच्चेदानी की समस्या से परेशान थीं। परिजनों ने बताया कि उसे नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कंपनीबाग स्थित अनुपमा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां पत्नी का ऑपरेशन डाक्टर अनुपमा टिबड़ेवाल ने किया था। ऑपरेशन के बाद अगले दिन रविवार को जब महिला को दर्द होने लगा तो डाक्टर के कहने पर स्टाफ ने उसे बेड से उठाकर 50 कदम पैदल चला दिया। पैदल चलते ही महिला के पेट में तेज दर्द उठा और सांस फूलने लगी तो उसे बेड पर लिटाकर थोड़ी देर में आराम होने की बात कहते हुए स्टाफ चला गया। परिजनों के मुताबिक इस दौरान उनको भी अंदर जाने से रोक दिया गया। महिला के पति ने शिव प्रसाद ने बताया कि अचानक नर्सिंग होम के कर्मचारी उसे निजी वाहन में स्ट्रेचर पर लिटाकर ले जाने लगे। देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी, कहां ले जा रहे यह भी नहीं बताया। वाहन के पीछे पीछे पति और बाकी परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर वाहन से उतारकर शव को अंदर ले जा रहे थे कि परिवार वालों ने रोक लिया और हंगामा करने लगे। पति ने बताया कि इमरजेंसी के चिकित्सकों को बाहर बुलाकर जांच कराई तो उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी।

पति शिव प्रसाद ने बताया कि आपरेशन करने वाली डॉ. अनुपमा टिबड़ेवाल के पति डॉ. रोहित अग्रवाल जिला अस्पताल में बतौर सर्जन कार्यरत हैं। पत्नी के नर्सिंग होम में मौत न दिखाकर जिला अस्पताल में मौत होने की कहानी बनाने के लिए यहां लेकर आए थे। बताया जा रहा है कि डॉ. रोहित ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों को पहले ही फोन कर पूरी प्रक्रिया तैयार रखने के लिए कह दिया था। वहीं इस पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विभागीय जांच के लिए सीएमओ को पत्राचार किया गया है। सीएमओ डा. अवधेश कुमार यादव के मुताबिक शिकायत के आधार पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गए स्व. रामदुलारे रावत



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी चिंतक स्वर्गीय रामदुलारे रावत की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल श्री कोटवाधाम में मनाई गई।इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप,पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, धीरेन्द्र वर्मा, राजा हडाहा रितेश कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा, सांसद तनुज पुनिया की पत्नी श्रद्धा पुनिया, सदस्य जिला पंचायत विजय कुमार यादव एडवोकेट अश्वनी कुमार यादव, पूर्व सदस्य जिला पंचायत जय श्रीराम रावत, रिंकू तिवारी बेचन लाल दीक्षित कवि प्रेम नारायण वर्मा, निसार मेंहदी प्रधान, अनीता गौतम, श्रीमती गुड़िया देवी, विद्या रावत, पत्रकार श्याम मनोरथ, अजय रावत आदि ने स्वर्गीय रामदुलारे रावत की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## ओवरटेक के दौरान कार पलटी, कैंसर पीड़ित वृद्ध पत्नी सहित घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत दाउदपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर ओवरटेक के दौरान कार पलट जाने से कैंसर पीड़ित वृद्ध पिता एवं मां घायल हो गए। सीएचसी हैदरगढ़ लाये गये वृद्ध को गम्भीर अवस्था के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हालिया दिनों में लखनऊ में निवास करने वाले कोतवाली हैदरगढ़ के बरावा गांव निवासी राम राज अपनी वैगन आर कार से पिता रामदुलारे 70 वर्ष व मां सुमित्रा देवी को लेकर अपने घर आ रहे थे । सुबह लगभग 10 बजे जब उनकी कार पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर घटनास्थल के निकट पहुंची तभी आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय असन्तुलित होकर कार खंती में पलट गई। सूचना पर पहुँची 112 पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहाँ वृद्धा को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई वही ज्यादा घायल पिता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



# एक दिवसीय वालीबॉल टूर्नामेंट में 10 टीमों ने लिया भाग

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



वालीबाल के पूर्व खिलाड़ियों स्वर्गीय आनंद शंकर गुप्ता ,सुभाष ,पवन वर्मा, की याद में मरकामऊ के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में जीबी स्पोर्टिंग क्लब मरकामऊ द्वारा आयोजित एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिले की 10 टीमों ने प्रतिभाग किया।

खेलों के आयोजन से सामाजिक प्रतिष्ठा व सम्मान के साथ-साथ शारीरिक विकास होता है। यह बात सिरौलीगौसपुर की ब्लॉक प्रमुख के बेटे रवि वर्मा ने पूर्व माद्यमिक विद्यालय द्वितीय मरकामऊ में आयोजित नाइट वालीबाल टूर्नामेंट के उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज के माहौल में वॉलीबॉल खेलने वालों की संख्या घट रही है जो चिंता का विषय है। मैं इस टूर्नामेंट के आयोजकों को बधाई देता हूँ। पहला मैच मरकामऊ व अनखा के मध्य खेला गया। जिसमें मरकामऊ टीम ने 2-0 से अनखा को हराकर विजय प्राप्त किया। दूसरा किन्तूर व सहादतगंज के बीच खेला गया । जिसमें सहादतगंज ने 25 -24 व 25 -22 सहादतगंज विजयी रही।

वही तीसरा मैच बदोसराय व चौखंडी के मध्य खेला गया। जिसमें कांटे के मुकाबले में बदोसराय ने विजय प्राप्त की। सेमीफाइनल का पहला मैच मरकामऊ व बदोसराय के मध्य खेला गया। जिसमें मरकामऊ विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल मैच बदोसराय व सहादतगंज के बीच खेला गया जिसमें बदोसराय ने विजय हासिल किया। फाइनल मैच मरकामऊ व बदोसराय के मध्य बेस्ट ऑफ़ 5 का मुकाबला खेला गया। जिसमें बदोसराय ने 3-1से मुकाबला जीत कर शील्ड पर कब्जा किया। इस मौके अमित पांडे, विकास चन्द, कामेश्वर मौर्या, सतीश श्रीवास्तव, मोबीन, दीपक, कमल, सूरज, अमन सहित सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन





**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़ ग्वालियर बायपास में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार वर्मा जी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीलम राय वर्मा जी उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इटावा जिले के डीआईओएस श्री मनोज कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश, संत केवलानंद स्कूल के प्रबंधक श्री रोहन सिंह, यश इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर श्री अरुण तोमर, एच एन स्कूल के प्रबंधक श्री पवन कुमार सहित विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकगण एवं माध्यमिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 430 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, शिव तांडव, मराठी, राजस्थानी एवं पंजाबी लोकनृत्य, होली डांस के साथ-साथ सामाजिक संदेश देने वाले हिंदी एवं अंग्रेजी नाटकों ने विशेष आकर्षण बटोरा। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन जीत लिया और उपस्थित अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक बच्चों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार वर्मा जी ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों को बच्चों की उत्कृष्ट तैयारियों के लिए बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को माता-पिता का आदर करने और उनकी अपेक्षाओं को पूर्ण करने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने यातायात नियमों के पालन और मोबाइल फोन के सीमित उपयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने समस्त अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विद्यालय अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## कावंरियों के लिए एडीओ पंचायत ने साफ कराई सड़क



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आगामी 26 फ़रवरी को महाशिवरात्रि के मौक़े पर लोधेश्वर महादेवा जाने कावड़ियों को कोई दिक्क़त न हो जिसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी नितीश भोंडले व खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर एडीओ पंचायत जानकीराम ने गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्जनों सफाईकर्मियों को लगाकर सड़क को साफ कराया। बताते चले कि बीते एक सप्ताह से अधिक समय से उन्नाव, कानपुर, उराई, मोहबा, झाँसी, हमीरपुर आदि जनपदो से हजारों भक्त गंगा से जल लाकर लोधेश्वर महादेवा मे जल चढ़ाने के लिए कावड़ लेकर पैदल जा रहे है सड़क के किनारे लगी झाड़ियों एव सड़क पर पड़े कंकड़ों से होने वाली दिक्क़तो को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी नितीश भोंडले, खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम ने तीन दर्जन से अधिक सफाईकर्मियों के साथ हाइवे पर झाड़ू लगवाकर सफाई कार्य करवाया गया।

# बोर्ड परीक्षा के पहले दिन ही 51 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नगर में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल की पहली पाली की परीक्षा में 818 पंजीकृत छात्रों में 27 ने परीक्षा छोड़ी, तो वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के पंजीकृत 915 छात्रों में से 24 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में नगर में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिनमें पहला छत्रसाल इंटर कॉलेज, दूसरा जालौन बालिका इंटर कॉलेज व तीसरा केंद्र एमएलबी इंटर कॉलेज को बनाया गया है। पहले दिन स्थानीय प्रशासन व केंद्र व्यवस्थापकों की कड़ी निगरानी के बीच दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी संपन्न हुई।

## सूचना

एस.टी. नार्बट स्कूल बहराइच में मेरी पुत्री अरविका श्रीवास्तव कक्षा 4 में शिक्षा ग्रहण कर रही है। उसका जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम वैष्णवी श्रीवास्तव उसके स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर अंकित करना चाहता हूं।

नाम संशोधन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित।

**अमर श्रीवास्तव**
**सूफीपुरा बहराइच।**




**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

## महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम जं. | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग जं. | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम जं. | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम जं. | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 06007 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 14:00 | बनारस | 21:50 | कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरुवोट्रियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 03430 | झूँसी जं. | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# विशेषज्ञ चिकित्सक बोले भवन शानदार, जल्द शुरू कराएंगे कैंसर अस्पताल

▸ दो सप्ताह के अन्दर टीम सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज कैम्पस में आठ बर्षों से करीब 165 करोड़ की लागत से तैयार खड़े 220 बेड के कैंसर अस्पताल को जल्द शुरू कराने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश मुम्बई, दिल्ली, लखनऊ व कानपुर से आए आठ कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने तैयार खड़े भवन का करीब दो घण्टे तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होने भवन की तारीफ करते हुए उन्होने कहा कि कन्नौज व आसपास जिलों के लिए यह अस्पताल वरदान साबित होगा। कहा कि 2019 के बाद सबसे अधिक मौतें कैंसर से हो रही है। दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी जाएगी। सरकार के निर्देश पर कल्यान सिंह कैंसर अस्पताल लखनऊ के निदेशक प्रो.एमएलबी भट्ट के नेतृत्व में जेके कैंसर इंस्ट्रीयूट कानपुर के निदेशक डॉ.एसएन प्रसाद, एम्स न्यू दिल्ली के रेडियोथिरेपी के हेड ऑफ डिपाटमेंट प्रो.जीके राठ, एसजीपीजीआई लखनऊ के रेडियोथिरेपी के एचओडी प्रो.सलीन कुमार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई के डॉ.विनय शंखधर, लखनऊ के ही रेडियेशन सेफ्टी एंड मेडिकल फिजिकश डिपार्टमेंट के डॉ.एसपी मिश्रा व कल्यान सिंह कैंसर अस्पताल लखनऊ के डॉ.शरद सिंह मेडिकल कॉलेज कन्नौज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल की टीम गठित की गई थी। सभी को 24 फरवरी को इसका निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करनी थी। सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम सोमवार की दोपहर 12 बजे के करीब मेडिकल कॉलेज पहुंची। टीम ने कैंसर अस्पताल के भवन का करीब दो घण्टे तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि तैयार भवन काफी अच्छा है। इसमें कुछ मोडिफिकेशन की जरूरत है। मोडिफिकेशन का ब्लू प्रिंट तैयार कराया जा रहा है। ब्लू प्रिंट तैयार होते ही दो सप्ताह के भीतर पूरी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी जाएगी। टीम के इंचार्ज डॉ. प्रो.एमएलबी भट्ट ने बताया कि कन्नौज व आसपास के जिलों में कैंसर के मरीज काफी तादात में है। अभी इन्हे इलाज के लिए कानपुर, लखनऊ, दिल्ली व मुम्बई की दौड़ लगानी पड़ती है।

यह अस्पताल शुरू हुआ, तो क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए यह वरदान साबित होगा। उन्होने बताया कि कोरोना कॉल के बाद भारत में सबसे अधिक मौतें कैंसर के कारण हो रही है। पत्रकारों के सवालों पर उन्होने कहा कि बजट, उपकरण व स्टॉफ की सूची भी तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। जिससे जल्द से जल्द यह अस्पताल शुरू हो सके। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ कैंसर अस्पताल का निर्माण करने वाली संस्था राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर बीआर सिंह ने भी विशेषज्ञ चिकित्सकों को भवन के बारे में विस्तार से जानकारियां दी।


कैंसर अस्पताल का निरीक्षण करती विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम

## ससुरालियों ने महिला को घर से निकाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने महिला के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम ऊंचा निवासिनी निधि पत्नी अमन ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि सोमवार की सुबह करीब 11 ससुराल में उसके पति, सस व ससुर ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चार पर गुप्तांग में आग लगाने की रिपोर्ट दर्ज

▸ जिला अस्पताल में चल रहा युवक का उपचार

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

शराब पीने के लिए रुपये न देने पर दबंगो ने पीड़ित के साथ पहले मारपीट की और बाद में उसके गुप्तांग को ईट से कुचलकर जला दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र बाबू राम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 22 फरवरी की शाम करीब 08 बजे वह अपने गांव जा रहा था। तभी रास्ते में ग्राम इंदुइयागंज पुल के नीचे खोखे पर बैठे रामसिंह, मान सिंह, अबदेश, गणेश निवासी ग्राम तराईपुर्वा ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे न देने पर लात घूसों से मारपीट की और गुप्तांग को ईट से कुचलकर पलीते में आग लगाकर उसके गुप्तांग को जला दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया शोर मचाने पर चारों आरोपित मौके से भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से वह कोतवाली पहुंचा जहां से उसे उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुकान का ताला तोड़कर उड़ाया चार लाख का सामान

▸ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की घटना

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

एक मशीनरी स्टोर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब चार लाख रुपये कीमत का मोबिल ऑयल और मशीनरी पाट्र्स चोरी कर लिए। रात करीब एक बजे हुई घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिससे घटना की जानकारी दुकानदार को हुई। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इस्माइलपुर निवासी रहीसुददीन उर्फ साहिबे आलम ने बताया कि उसके आवास के नीचे ही मशीनरी स्टोर की दुकान है। जिसमें मशीनरी पाट्र्स और मोबिल ऑयल आदि सामान रखा हुआ था। बीते रविवार की रात्रि करीब 01 बजे चार पहिया वाहन सवार चोरों ने दुकान के गेट का ताला तोड़कर वहां रखे 50 बाल्टी आयल, 20 बालटी 05 लीटर आयल, जेसीबी पार्टस, मशीनरी पाट्र्स चोरी कर ली।

घटना की जानकारी सोमवार की सुबह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज देखे। जिसमें एक व्यक्ति दुकान का ताला तोड़ते हुए नजर आ रहा है और सड़क के किनारे खड़े चार पहिया वाहन में सामान लाद रहा है। साहिबे आलम ने बताया कि चोर करीब चार लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर ले गए हैं। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


चोरी की घटना की जानकारी देता दुकानदार।

## घर में घुसकर युवक को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते गांव के लोगों ने युवक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सौसरापुर निवासी शाहिद पुत्र मुजम्मिल ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 18 फरवरी की रात करीब 8.30 बजे गांव के ही नौशाद, समसुल, तौफीक, इमरान, रफीक व दो अज्ञात लोग रंजिश के चलते उसके घर में घुस गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों व लोहे की राड से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

▸ इंदरगढ़ के मरहाला तिराहे पर पांच दिनों पहले हुई थी चोरी की घटना

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

इंदरगढ़ के मरहाला तिराहे पर पांच दिनों पहले एक दुकान से हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास चोरी गया माल व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने पूछताछ कर दोनो को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि 18 फरवरी की रात को मरहाला तिराहा निवासी कौशल पुत्र महावीर की दुकान से चोरी हुई थी। दुकानदार ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की, तो मुखबिरों से जानकारी मिली कि इस घटना में कमर रजा उर्फ शीबू पुत्र चांद खां निवासी मो. मुजाहिद नगर गुरसहायगंज व रिजवान पत्र आमीन निवासी खबरामऊ थाना तालग्राम का हाथ है। इसपर पुलिस ने छापा मारकर दोनो को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर जब पूछताछ की गई, तो उन्होने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया माल व एक बाइक बरामद कर ली। पुलिस की मुताबिक दोनो शातिर अपराधी है। पहले भी इनपर मुकदमें दर्ज है।


पुलिस हिरासत में मौजूद दोनो आरोपी

## पुलिस ने सट्टा पर्ची सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को सट्टे की खाई-बाड़ी करते समय धर दबोचा। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला आजाद नगर काली देवी मंदिर के पास से एक युवक को सट्टे की खाईवाडी करते समय पकड़ लिया और कोतवाली ले आई पुलिस हिरासत में युवक ने अपना नाम रमेश कुशवाहा पुत्र प्रभु दयाल निवासी मोहल्ला दिलशाद नगर बताया है। जामा तलाशी में पुलिस ने उसके पास से 460 रुपये, पेन व पर्ची बरामद की। इसके बाद कोतवाली पुलिस में आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।

## खबरें एक नजर में

### लंबे ट्रक में फंसी बाइक, बाल-बाल बचा युवक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** भरथना निवासी युवा महाशिवरात्रि पर भोले बाबा पर जल चढ़ाने के लिए सिंगी रामपुर बाइक से जा रहा था तभी पूर्वी बाईपास पर लंबे ट्रक में बाइक फंसी जिससे युवक बाल बाल बच गया।आकाश गोवा गुलमान निवासी राजस्थान इनके मौसा जितेंद्र पुत्र राजकुमार निवासी भरथना से छिबरामऊ होते हुए कवर भरने अपनी बाइक से जा रहे थे। सिंधीरामपुर पूर्वी बाईपास पर लंबे ट्रक से ट्रक मोडसे मोड़ रहा था इस समय आकाश की बाइक लंबे ट्रक में घुस गई जिससे आकाश की हल्की चोटें बाइक आई और बाइक पूरी तरह से ग्रस्त हो गई।

### अलग-अलग सड़क हादसे में पांच लोग घायल

**छिबरामऊ,कन्नौज।** अलग-अलग रोड हादसे में पांच लोग घायल हो गये जिन्हे सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सोनाक्षी पुत्री अमित 13 उम्र राम खेडा छिबरामऊ प्रेमपुर कोचिंग सेंटर जा रही थी तभी अचानक से इनायत अली की बाइक के सामने से कोचिंग पढ़ने जा रही दो छात्राएं आ गई जिसमें दो छात्राएं साइकिल सवार और बाइक सवार इनायत अली भी घायल हो गये। जिसको एंबुलेंस के द्वारा सौ सैयां अस्पताल में भर्ती कराया गया इनायत अली पुत्र फरहान अली 80 उम्र पंजू खिरिया जहानगंज आकाश पुत्र गुल्लाराम 20 उम्र राजाखेड़ा धौलपुर जितेंद्र पुत्र राज बहादुर 36 भरथना इटावा आरटीए आकाश और जितेंद्र जो सिंगी रामपुर कावड़ लेकर जा रहे थे तभी पूर्वी बाईपास पर अचानक से तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए घायलो को लोगो ने सौ सैयां अस्पताल में भर्ती कराया।

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब के नशे में पति ने पत्नी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बच्चों को छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए बेघर कर दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जलालाबाद निवासिनी रोली देवी ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पति शराब का आदी है। सोमवार की सुबह वह शराब के नशे में आया और बेवजह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बच्चों को छीन कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्रद्धालुओं को कार ने मारी टक्कर, छह घायल

▸ रविवार की देर रात हाइवे पर हुई दुर्घटना

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

धीमी गति से जा रही चार पहिया गाड़ी को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सौ-सैया अस्पताल छिबरामऊ में भर्ती कराया। रविवार की रात करीब 11 सराय दौलत स्थित एक ढाबा के सामने गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर धीमी गति से जा रही चार पहिया गाड़ी में पीछे से अनियंत्रित गति से चली आ रही अन्य कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गाड़ियों में सवार करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें केशव नायक (40) पुत्र जम्मू नायक, अनामिका नायक (37) पत्नी केशव एवं उनकी दो पुत्री अनुष्का, आराध्या व ड्राइवर प्रवीण घायल हो गए। जबकि दूसरी में सवार घायल चालक का नाम पता की जानकारी नहीं हो सकी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे एंबुलेंस की मदद से छिबरामऊ स्थित सौ सैया अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल अपने घर रवाना हो गए।


हाइवे पर खड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार।

# एसपी ने दिए संवेदनशील स्थानों पर निरंतर गश्त करने के निर्देश

▸ श्रद्धालुओं की सुरक्षा लिए 493 पुलिस बल व पीएसी का रहेगा पहरा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत गौरी शंकर महादेव मंदिर प्रबंधन के साथ डीएम- एसपी ने बैठक की।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये तथा बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं सुगम दर्शन हेतु महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में कुल 493 पुलिस बल व पीएसी का व्यवस्थापन किया गया है। तथा उन्होंने गौरी शंकर महादेव मंदिर के श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन हेतु मौसमपुर लुधपुरी बैरियर के पास पार्किंग, जगन्नाथपुरी मंदिर बैरियर के पास पार्किंग व भूतनाथ मंदिर के पास बने पार्किंग में 02 पहिया वाहन की पार्किंग तथा बोर्डिंग ग्राउंड में लोडर, ट्रैक्टर-ट्रॉली, टैम्पो आदि बडे वाहनों की पार्किंग हेतु व्यवस्था की गयी है, तथा मंदिर प्रबंधन से भी वार्ता कर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, एंटी-सेबोटाज चेकिंग एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, फायर सर्विस की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। एसपी ने अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और संवेदनशील स्थानों पर निरंतर गश्त करने के निर्देश भी दिए । इस दौरान एडीएम आशीष सिंह, एएसपी अजय कुमार, उपजिलाधिकारी सदर नवनीता राय, सीओ सदर कमलेश कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे सहित आदि लोग रहे।

## बलात्कार मामले में वांछित अभियुक्त को भेजा जेल



**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ कन्नौज पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना विशुनगढ़ थाना प्रभारी विनोद कुमार कश्यप, का. निशान्त कुमार, म.का. रोशनी तोमर, आ. चालक पवन कुमार, वांछित अभियुक्त नईम अली उर्फ कल्लू पुत्र अमानत अली उर्फ पप्पू निवासी ग्राम अहिरूआ राजारामपुर थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेज गया।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा, दिए निर्देश

▸ परीक्षा में नकल रोकने और परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये किये गये है कड़े प्रबंध

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यूपी बोर्ड परीक्षा सोमवार से शुरू हो गयी है। जनपद में 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, परीक्षा दो पालियों मे सम्पन्न कराई जा रही है।

प्रथम पाली सुबह 8.30 से 11.45 तक हाईस्कूल और द्वितए पाली दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.15 तक इंटर मिडिएट कि परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है, सभी परीक्षा केन्द्रो को सी.सी.टी.बी कैमरो से लैस किया गया है किसी भी परीक्षा केन्द्रो पर लापरवाही पाएं जाने पर कार्यवाई के निर्देश दिये गए है जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बोर्ड परीक्षा- 2025 के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा को सकुशल शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश से जनपद में परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर परीक्षा केन्द्रों में प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को देखते हुए लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। डीएम ने बताया कि परीक्षा में नकल पर रोक लगाने और परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये कड़े प्रबंध किये गये है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा निष्पक्ष व नकल विहीन होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी द्वारा अपने अपने क्षेत्र में संवेदनशीलता के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों में लगी फोर्स को चेक करते हुए शांति सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। बताया कि जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल कराई जा रही है।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम- एसपी

### क्षेत्राधिकारियों ने भ्रमण कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

यूपी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेयी व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा ने परीक्षा के दौरान अपने अपने सर्किल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को चेक किया साथ ही ड्यूटीरत कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# रात्रि में हाइवे के किनारे खड़े वाहनों पर की कार्रवाई

▸ कुंभ मेला के श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस सक्रिय

▸ 47 वाहनों के काटे चालान, एक लाख चौबीस हजार का लगा जुर्माना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जिले में यातायात पुलिस सक्रिय है। दिन हो या रात यातायात पुलिस अभियान चलाकर नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। यातायात प्रभारी आफाक खां ने रविवार देर शाम 7:00 बजे से लेकर 12:30 बजे रात्रि तक नेशनल हाईवे में ढाबों के आसपास खतरनाक ढंग से खड़े ट्रैकों के विरुद्ध अभियान चला कर ट्रक चालकों एवं वाहन स्वामियों पर वैधानिक कार्रवाई की। वहीं ट्रैक्टर ट्रालियों में आगे और पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगवाए। ताकि ट्रैक्टर ट्रालियां दूर से ही दृष्टिगोचर हो जाएं। यातायात प्रभारी ने बताया कि तीन ट्रकों के चालक नशे की हालत में पाए पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

बताते चलें कि इस समय कुंभ मेला आने जाने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों से रात दिन सफर कर रहे हैं। और कई जगह सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है। सड़कों पर खतरनाक ढंग से वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए। वाहनों को हटाया जाए। ताकि कुंभ मेला आने जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन दुर्घटनाग्रस्त न हों। अभियान में 47 वाहनों के चालान किए गए। जिन पर लगभग एक लाख चौबीस हजार का जुर्माना अधिरोपित किया गया।


वाह्न चालकों को हिदायत देते यातायात प्रभारी आफाक खां

# डीएम को ज्ञापन सौंप करेंगे कोल्ड भाड़ा कम करने की मांग

▸ जय जवान-जय किसान लोकशक्ति संगठन का हुआ विस्तार


बैठक के दौरान मौजूद युवा प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जय जवान जय किसान लोकशक्ति संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को नगर के जीटी रोड स्थित आवास कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए राशिद खान को युवा प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कोल्ड मालिक भाड़ा बढ़ाकर किसानों का उत्पीड़न कर रहे है। जिला प्रशासन इस पर कोई अंकुश नहीं लगा रहा है। किसानों की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला से जल्द मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बताया कि कोल्ड मालिकों द्वारा किसानों से अधिक भाड़ा लिया जा रहा है। उसे कम करके 110 रुपएये किया जाए। नहीं तो जय जवान जय किसान लोग शक्ति संगठन जल्द ही जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा।

कहा कि संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मेहनती कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी भी दी जा रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सोनू ठाकुर, इरशाद अहमद मंसूरी, कुलदीप सविता, अभिषेक दुबे, राजीव मिश्रा, अभय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सत्यम दुबे को उसके गलत आचरणों के कारण संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन के हम व हमारे परिवार के शेष सदस्य जिम्मेदार न होगें।

**बृजकिशोर दुबे, पुत्र पुत्तू लाल निवासी ग्राम व पोस्ट हरेईपुर तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड संख्या 84013904622 में भूलवश मेरा नाम नीरज कुमार चतुर्वेदी दर्ज हो गया है। इसी तरह से मेरी जन्मतिथि त्रुटिवश 01.01.1989 दर्ज है। जबकि अन्य शैक्षिक अभिलेखों व अन्य प्रमाण पत्रों में मेरा नाम गोपाल चतुर्वेदी व जन्मतिथि 07.07.1988 दर्ज है। जोकि सही है। अतएव आधार कार्ड में मेरा नाम गोपाल चतुर्वेदी व जन्मतिथि 07.07.1988 दर्ज की जाए।

**गोपाल चतुर्वेदी, पुत्र दिनेश चतुर्वेदी निवासी-ग्राम भवानीपुर प्रताप पोस्ट, गुधानी तहसील व जनपद कन्नौज।**

# वी.वी.पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की प्राचार्या ने किया शुभारंभ
- स्कूल के ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट का भी किया गया आयोजन


कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते प्रधानाचार्य प्रदीप यादव व मंचासीन अतिथिगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

वी.वी. पब्लिक स्कूल में प्रथम अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के प्रतिनिधि के रूप में मेजर एसडी सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की प्राचार्य अंजना दीक्षित तथा डॉक्टर नीतू सिंह फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढर्रा शादीनगर के वीवी पब्लिक स्कूल में प्रथम अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के प्रतिनिधि के रुप में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की प्राचार्य अंजना दीक्षित तथा डॉक्टर नीतू सिंह ने भाग लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

वहीं विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप सिंह याद, वीवी पब्लिक स्कूल तथा अध्यक्ष रामनिवास सिंह, अध्यापक रोहित यादव, धीरज पाल, रेनू यादव, मनीष पाल ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया।

इसके बाद प्राचार्या डॉक्टर अंजना दीक्षित तथा डॉक्टर नीतू सिंह ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं को मेडल व सील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं डॉक्टर अंजना दीक्षित तथा डॉक्टर नीतू सिंह ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा बच्चों को पढ़ाई लिखाई के प्रति प्रोत्साहित किया। वहीं मौजूद अभिभावकों को बताया की एक वक्त खाना ना खाना, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ना, क्योंकि बच्चे कल का भविष्य हैं। वहीं विद्यालय स्टाफ ने आए हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप सिंह यादव, अध्यक्ष रामनिवास सिंह यादव, रोहित यादव, धीरज पाल, रेनू यादव, मनीष पाल, धीरज पाल, कोच वीवी पब्लिक स्कूल, प्रधानाध्यापक रीता यादव, वहीं खेल प्रतियोगिता में वीवी पब्लिक स्कूल सहित एसएलसी पब्लिक स्कूल तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कक्योली, सिद्धार्थ इंटर कॉलेज नगला चंपत के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें उपस्थित ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह यादव, प्रधानाचार्य जेएस इंटर कॉलेज प्रदीप यादव, अध्यापक परमनाथ यादव, सत्य राम सिंह, ज्ञान सिंह आदि लोगों उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने पॉक्सो एक्ट के मामले में मोहित उर्फ गौरव पुत्र रामनरेश निवासी मोहल्ला जटवारा जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते लगभग 10 वर्षों पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा एक मुकदमा मोहित के साथ चल रहा था। जिसका ट्रायल कोर्ट में चल रहा है। मोहित ने मेरे घर में घुसकर मेरी बेटी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पिछले मुकदमे में मेरी बेटी की गवाही थी। उक्त मुकदमे में दबाव बनाने के लिए 21 अगस्त को मैं मजदूरी के लिए गया था। दोपहर लगभग 12 बजे राजा व मोहित, शीतल, कोमल ने मेरे घर में घुसकर मेरी बड़ी बेटी और पत्नी को मारपीट करके दुष्कर्म करने का प्रयास किया। कपड़े फाड़कर पास के नाले में डाल दिया और कहा कि अगर गवाही दी, तो जान से मार डालेंगे। मेरी दूसरी पुत्री जो कि स्कूल से घर आ रही थी उसके साथ भी मारपीट की। मेरी पुत्री व पत्नी के काफी चोट आई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में मोहित के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने मोहित उर्फ गौरव को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तिथि नियत की है।

# टला संकट, वन विभाग के द्वारा पकड़ा गया मगरमच्छ


मगरमच्छ के साथ वन अधिकारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के गांव गोटिया में लगातार बीते 2 माह से ग्रामीणों की शिकायत थी कि तालाब में मगरमच्छ है, लेकिन जलकुंभी व अधिक पानी होने के कारण वन विभाग की टीम कोशिश कर वापस लौट जाती रही। मगरमच्छ जलकुंभी में छुप जाता था, लेकिन ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव की सहायता से पानी को पंपसेट लगाकर निकाला तथा जलकुंभी को भी हटाया गया। तब जाकर वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी, लेकिन आज गोटिया तालाब में क्षेत्रीय वन अधिकारी अनूप कुमार के नेतृत्व में टीम के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया गया। इसके बाद मगरमच्छ को देखकर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई तथा ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना था कि इस मगरमच्छ के कारण उन्हें हर समय भय बना रहता था। उनके छोटे बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे थे। अन्य भी समस्याएं बनी थीं, लेकिन आज से वह सब दूर हो गई है। क्षेत्रीय वन अधिकारी के साथ वन दरोगा मोहित शर्मा, ताबीज अहमद, राकेश तिवारी, राहुल सक्सेना व वनरक्षक लोकेश लवानिया, सिद्धार्थ, देवानंद दुबे ने मगरमच्छ को पकड़ लिया तथा फर्रुखाबाद के लिए ले गए और बताया कि किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा। जिससे यहां आम जनमानस को कोई समस्या ना हो।


सीएचसी के बाहर मौजूद दबंग

## दबंगों ने सीएचसी के अंदर सिक्योरिटी गार्ड से की मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने सीएचसी के अंदर सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट कर दी। जिससे सीएचसी में अफरातफरी मच गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। जानकारी के अनुसार कमालगंज सीएचसी की ओपीडी में बैठे डाक्टर रजत कटियार के पास सोमवार को आधा दर्जन दबंग पहुंचे और सिक्योरिटी गार्ड से इमरजेंसी में दवाई मिलने की बात पर दबंग भड़ गये और सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट कर दी। जिससे सीएचसी में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गयी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक दबंग फरार हो चुके थे।

# गंगा नहाने गये दो छात्र डूबे, परिवार में मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नहाने गये दो छात्र अचानक गंगा में डूब गये। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। घटना के करीब 2 घण्टे बाद भी मौके पर कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। वहीं शाम करीब 4 बजे गोतोखोरों ने दोनों के शवों को खोज निकाला।शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया।


पांचाल घाट पर मौजूद पुलिस

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र के पांचाल घाट पर कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के गुरुद्वारा निवासी कक्षा 9 का छात्र आर्यन राठौड़, जगवीर सिंह अपने छोटे भाई सुशांत तथा अपने मित्र शीशमबाग निवासी अंश दिवाकर पुत्र धर्मेंद्र कक्षा 9 अपने छोटे भाई आयुष के साथ गंगा नहाने आया था। आर्यन और अंश दिवाकर पैंटून पुल के पश्चिम की तरफ गंगा नहाने चले गए और उनके छोटे भाई घाट पर बने रहे। कुछ ही देर में आर्यन और अंश गहरे पानी में जाने के चलते गोते खाने लगे। जब तक उनके छोटे भाइयों ने शोर मचाया तब तक काफी देर हो चुकी थी और वह गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलने पर दोनों ही छात्रों के परिजन व थाना कादरीगेट पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों को लगाकर गंगा में डूबे दोनों छात्रों की खोजबीन की गयी। कड़ी मशक्कत के बाद करीब 4 बजे दोनों के शव खोज लिये गये। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चलें कि जहां पर दोनों छात्र डूबे हैं उसके आसपास गहरे पानी के लिए कोई भी चेतावनी झंडी भी नहीं लगी है। घटना के बाद जिला प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा पलटने से दबकर चालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव माझगाँव पूर्वी निवासी निखिल बाल्मीकि उम्र 18 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार बाल्मीकि ई-रिक्शे पर सवारियों को बैठालकर कायमगंज रेलवे स्टेशन जा रहा था जैसे ही वह कायमगंज रेलवे रोड कोतवाली कायमगंज से कुछ ही दूर मेरठ कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचा, तभी उसका ई- रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और वह नीचे दब गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने निखिल सहित दोनों सवारियों को निकाला। घायल ई-रिक्शा चालक निखिल को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### बच्ची की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव काकन नगला निवासी अनुष्का उम्र ढाई वर्ष पुत्री देवेन्द्र कुमार प्रजापति घर पर खेल रही, तभी अचानक वह नीचे गिरकर अचेत हो गई। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने अनुष्का को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### 11 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर बाल श्रम के खिलाफ श्रम विभाग के जिला प्रोवेशन अधिकारी और हेल्थ लाइन की संयुक्त टीम ने कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के पुलगलिब, काजम खां स्थित शरीफ रेडीमेड, एम साड़ी स्टोर, तहसील रोड छप्टी स्थित अनुल रेडीमेड, अजीम रेडीमेड, बजरिया स्थित जैन गजक भण्डार और रस्तोगी जनरल स्टोर सहित कई दुकानों पर छापेमारी कर जॉच की। जाँच के दौरान 11 बाल श्रमिक मिले उन्हें मुक्त कराया और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अपील की।

### ट्रक चालक ने खाया जहर, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक ट्रक ड्राइवर द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट गोदाम पचपुखरा के पास जहर खाने की सूचना 112 और 108 पर दी गयी। जिस पर उसे 108 एंबूलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो हगयी। फौती मीमो की सूचना पर मृतक सुमित कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम छोगबां थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ के परिजनों के समक्ष पंचायतनाम भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गयी।

### युवती समेत दो ने खाया जहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहन के साथ हुए विवाद में युवती ने जहरीला कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नीतू उम्र 20 वर्ष पुत्री सुभाष सिंह निवासी नगला पूरन थाना मऊदरवाजा का अपनी बहन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर नीतू ने फसल में डालने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरी घटना में नीतू उम्र 28 वर्ष पत्नी गौरव निवासी पांचाल घाट थाना कादरीगेट ने गृहकलह के चलते कीटनाशक पी लिया। परिजनों ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार जारी है।

### नशे में धुत युवक ने चक्की कर्मचारी को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** खुदागंज के रहने वाले संतोष कुमार पुत्र राम प्रकाश जो अजय प्रताप की आटा चक्की पर काम करता है। सोमवार दोपहर करीब 3.00 बजे गांव के ही अखिलेश सक्सेना ने संतोष कुमार को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना उस समय हुई जब संतोष कुमार खाना खाने के लिए चक्की से निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे में धुत अखिलेश सक्सेना अपने एक अज्ञात साथी के साथ वहां पहुंचा और संतोष से गाली-गलौज करने लगा। जब संतोष ने विरोध किया, तो अखिलेश ने दबंगई दिखाते हुए कहा कि यह क्षेत्र हमारा है। पुलिस मेरा कुछ नहीं कर सकती। बात बढ़ने पर अखिलेश ने संतोष पर हमला कर दिया। जिससे उनके सिर और नाक में चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मारपीट को रोका। जिसके बाद अखिलेश और उसका साथी वहां से भाग निकले। पीड़ित संतोष कुमार ने कमालगंज थाना पहुंचकर घटना की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा के आदेश पर मानसिंह राजपूत ने संतोष का मेडिकल परीक्षण कराया। जिसमें चोटों की पुष्टि हुई। घटना के समय पुलिस प्रशासन शिवरात्रि को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त था। जिसका फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों पर जल्द कार्रवाई की उम्मीद है।

### बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दोनों की हालत गंभीर


सड़क पर पड़े घायल बाइक सवार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोशनाबाद हजियांपुर मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार युवकों को किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस व 108 नंबर पर दी गई। बाइक सवार युवकों में एक युवक के पैर की हड्डी ही बाहर निकल आई और सिर में गंभीर चोट लगी है। दोनों युवकों की उम्र करीब 36 से 40 के बीच है। युवक स्प्लेंडर बाइक संख्या यूपी76एल6932 पर सवार थे। पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज हेतु सीएचसी शमसाबाद भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक दोनों युवकों के बारे में कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई थी।

# ऊगरपुर का प्रधान व रोजगार सेवक डाल रहे मनरेगा योजना में डांका

- मजदूरों के साथ रोजगार सेवक अपनी फोटो कर रहा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड


ग्रीन घेरे में रोजगार सेवक व फोटो खिंचवाते मजदूर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत ऊगरपुर में डामर रोड से संतोष के बाग तक चकरोड पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा है। ये कार्य कागजों में ही चल रहा है। इस कार्य में 3 मस्टरोल दर्शाकर 22 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी प्रधान श्रीनिवास व रोजगार सेवक लज्जाराम द्वारा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

जब मौके पर जाकर कार्य के संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि यह कार्य सिर्फ और सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि इस कार्य में 9 महिला मजदूरों की भी फर्जी हाजिरी मनरेगा पोर्टल पर फर्जी तरीके से अपलोड की जा रही है। जब इस संबंध में कार्य करने वाली महिलाओं से बात की गई, तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर कहा कि उन्हें घर के चूल्हे चौके से ही फुर्सत नहीं है, तो वह मजदूरी कहां से करने जायेंगी। उन्होंने बताया कि प्रधान श्रीनिवास व रोजगार सेवक लज्जाराम द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा होगा। वह कहीं भी मजदूरी करने नहीं जातीं हैं। इस संबंध में जब गांव के ग्रामीणों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने आज तक किसी भी मजदूर को इस जगह काम करते हुए नहीं देखा है। उन्होंने बताया कि प्रधान श्रीनिवास व रोजगार सेवक लज्जाराम के द्वारा दो चार लोगों को खड़ा कर फोटो खींच लिया जाता है और फोटो खींचने के बाद वापस कर दिया जाता हैं। जब हकीकत में मौके पर जाकर देखा गया, तो वहां कहीं पर भी एक भी फावड़ा मिट्टी नजर नहीं आई। सबसे आश्चर्यजनक बात ये है कि जब धरातल पर कार्य ही नहीं हो रहा है तो फिर मनरेगा पोर्टल पर मज़दूरों की हाजिरी अपलोड क्यों की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ कार्य के दिन में दो बार मनरेगा मजदूरों की हाजिरी अपलोड होने का नियम है, लेकिन हाजिरी फर्जीवाड़ा कर एक बार ही अपलोड होना अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है।

सबसे बड़ी बात यह भी है कि आठों मस्टरोल में एक तरीके का ही फोटो अपलोड किया गया है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक गौतम द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी थी, जबकि उसका साथी घायल हो गया था।परिजनों के काफी हंगामे तथा जाम लगाने के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव सत्तार नगर निवासी आमोद शाक्य उम्र 25 वर्षीय पुत्र जोगराज अपने मौसेरे भाई चमन पुत्र बीरबल निवासी चिलसड़ी को साथ लेकर बाइक द्वारा अपने पिता जोगराज को खाना देकर अतर खाँ की आरा मशीन खान पेट्रोल पम्प से वापस घर लौट रहा था, तभी गांव के निकट मरघट के पास पहुँचते ही आलू से भरे ट्रैक्टर के चालक ध्रुव पुत्र महिमाचंद्र निवासी जयसिंहपुर ने तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार आमोद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा मौसेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने आमोद को मृत घोषित कर दिया। साथी चमन को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक पर कार्यवलाही को लेकर परिजनों ने काफी हंगामा किया था तथा लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बिक गयी खाकी, पीड़िता को थाने से भगाया


लोहिया अस्पताल में भर्ती पीड़ित युवती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाई को खाना देने गयी युवती के साथ दबंगों ने अभद्रता कर दी। इसस पर पीड़िता ने अपने भाई को सूचना दी। मौके पर पहुंचे भाई को भी दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पर सूचना दी, लेकिन पुलिस ने उसकी फरियाद नहीं सुनी। पीड़िता का कहना है कि पुलिस ने दबंगों से पैसे ले लिये हैं। इस वजह से वह कार्यवाही नहीं कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के ग्राम दारापुर निवासी युवती माया पुत्री गया प्रसाद जाटव बीती शाम अपने भाई को खेत पर खाना देने गयी थी। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाये बैठे गांव के ब्रजनंदन, शिवम, सेक्रेटरी उससे बदसलूकी करने लगे। जिस पर उसने विरोध किया, तो दबंगों ने उसे मारापीटा। जिस पर उसने खेत पर जाकर अपने भाई बबलू को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बबलू ने जब बहन के साथ अभद्रता करने का विरोध किया, तो दबंगों ने बबलू के साथ भी मारपीट की। पीड़ित भाई-बहन ने राजेपुर थाने जाकर घटना की सूचना दी, लेकिन पुलिस ने उनकी फरियाद न सुनकर उन्हें थाने से भगा दिया। वहीं पीड़िता का आरोप है कि थाना पुलिस ने विपक्षियों से पैसे ले लिये हैं। इसलिए उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। फिलहाल घायल पीड़िता लोहिया अस्पताल में अपना उपचार करा रही है। वहीं पीड़िता के पिता का कहना है कि दबंग प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वह कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। उनका कहना है कि यदि पुलिस ने उपरोक्त घटना में संज्ञान नहीं लिया, तो उनकी जान पर भी बन सकती है।

# बाइक की टक्कर से मजदूर घायल, लोहिया रेफर


सीएचसी में मरीज की जांच करते चिकित्सक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के महरूपुर रावी के निकट सोमवार को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में मजदूर के दोनों पैर टूट गए। जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजदूर अनिल पुत्र राजू निवासी नई बस्ती सड़क पार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मजदूर कई फुट दूर जाकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबूलेंस बुलाकर घायल को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मजदूर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया।

**बेकाबू रफ्तार बनी हादसों की वजह**

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बावजूद इसके प्रशासन द्वारा सड़क पर गति नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बाइक चालक की पहचान की जा रही है, ताकि उसके खिलाफआवश्यक कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा बढ़ाने और लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# परीक्षा देते समय छात्रा समेत दो की हालत बिग़ड़ी, लोहिया में भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इंटरमीडिएट की परीक्षा देते समय छात्रा की हालत बिगड़ गयी। एंबूलेंस की सहायता से उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।


लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा अंतर्गत ग्राम आवाजपुर निवासी छात्रा सोनाली पुत्री सर्वेश रामानंद बालिका इंटर कालेज में दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रही थी, तभी अचानक उसकी तबियत खराब हो गयी और वह अचेत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंचे केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य ने घटना की सूचना 108 एंबूलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना छात्रा के परिजनों को दी गयी। सूचना मिलने पर परिजन लोहिया अस्पताल पहुंचे। छात्रा का पेपर छूट जाने से उसके परिजन काफी दुखी दिखायी दिये। वहीं पिता का कहना था यदि मेडिकल लगाकर काम चल जाता है, तो वह मेडिकल लगा देंगे।

**वहीं दूसरी घटना में** एमआईसी फतेहगढ़ में हाईस्कूल की परीक्षा दे रहे छात्र की हालत बिगड़ गयी। जिससे परीक्षार्थियों में अफरा-तफरी मच गयी। कक्ष निरीक्षक ने प्रधानाचार्य को छात्र के बीमार होने की सूचना दी। प्रधानाचार्य ने सिटी मजिस्ट्रेट को छात्र के परीक्षा देते समय हालत बिगड़ने की जानकारी दी। सिटी मजिस्ट्रेट ने सीएमओ को सूचना देकर टीम के साथ मौके पर भेजा। सीएमओ अवनींद्र कुमार, डिप्टी सीएमओ व डॉक्टर की टीम स्कूल पहुंची और छात्र का परीक्षण कर डिप्टी सीएमओ की गाड़ी से छात्र को जिला लोहिया भेजा गया।

## दूसरे की परीक्षा देते पकड़े गये छह मुन्नाभाई, दो छात्रायें भी शामिल

**मोहम्मदाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव रैसेपुर स्थित प्रेम विद्यालय इंटर कॉलेज को हाईस्कूल की परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सोमवार 24 फरवरी को सुबह 8:30 बजे हिंदी की परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में प्रवेश किया तथा अनुक्रमांक के अनुसार अपने-अपने कक्षों में अपनी सीट पर बैठ गए। कुछ समय बाद प्रश्न पत्र बांटा गया तथा परीक्षा भी शुरू हो गई। लगभग 1 घंटे बाद एक कक्ष निरीक्षक ने जब एक छात्र का प्रवेश पत्र देखा, तो उसे प्रवेश पत्र संदिग्ध लगा। जिस पर कक्ष निरीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापक लालता प्रसाद, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक तेज बहादुर तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट को सूचना दी। सूचना पर पूरी टीम ने सभी कक्षों में गहनता से जांच पड़ताल की। जांच में अलग-अलग कक्षों से चार छात्र तथा दो छात्राओं को पकड़ा गया। जो कि फर्जी तरह से किसी दूसरे छात्र की परीक्षा दे रहे थे। सख्ती से से पूछताछ करने पर छात्र-छात्राओं ने सारी बात केंद्र व्यवस्थापक को बता दी। छात्र-छात्राओं ने लिखित में प्रार्थना पत्र देकर यह कबूल किया वह कि वह फर्जी तरह से दूसरे की परीक्षा दे रहे थे। केंद्र व्यवस्थापक को जांच में छात्र-छात्राओं के पास फर्जी आधार कार्ड भी मिले। पुलिस ने भी छात्र छात्राओं से पूछताछ की। दो छात्राओं में वर्षा शर्मा के स्थान पर फतेहगढ़ निनौआ निवासी संजय की पुत्री शिवानी परीक्षा दे रही थी। वहीं सेजल के स्थान पर फतेहगढ़ के तिर्वा कोठी निवासी राकेश की पुत्री रश्मि पाल परीक्षा दे रही थी। साथ ही अनंत सिंह के स्थान पर बुढ़नामऊ निवासी रामनिवास का पुत्र सत्यम, आर्यन सिंह के स्थान पर बुढ़नामऊ निवासी राकेश कुमार का पुत्र अनुज सिंह, रोहित कुमार के स्थान पर बुढ़नामऊ निवासी सुधीर का पुत्र प्रांशु तथा कौशलेंद्र के स्थान पर बुढ़नामऊ निवासी रामदास का पुत्र अंकित कुमार परीक्षा दे रहा था। सभी छात्र-छात्राएं मानिकमऊ स्थित ज्ञानानंद इंटर कॉलेज के छात्र बताये जा रहे हैं। फर्जी आधार कार्ड कोचिंग सेंटर चलाने वाले अनुज यादव द्वारा ही बनवाए गए थे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया की सभी छात्र-छात्राओं से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जाएगी।

# सरल होना चाहिए संतों का स्वभाव : महामण्डलेश्वर विद्यानंद महाराज

**लोग अपनी शुभ कमाई से कार्य करें**



महामण्डलेश्वर का स्वागत करते भईयन मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद महाराज का जनपद में आगमन हुआ। बद्री विशाल स्थित एसएस मोटर्स का विद्यानंद महाराज ने फीता काटकर उद्घाटन किया। नगर आगमन पर उनका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर रामगंगा पुल पर उनका फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत किया। स्वराज कुटीर में विद्यानंद महाराज ने पत्रकारों से सनातन धर्म की ओर अग्रसर होते हुए सारे समाज को एकजुट होना होगा। लोग अपनी शुभ कमाई से कार्य करें। हम मानव के प्रति संवेदनशील हो और सद्भावना के साथ हमारा भारत अखण्ड हो। हम लोग शुद्ध धर्म के अनुयायी है। अल्पसंख्यक बोर्ड की तरह हमारा भी सनातन बोर्ड या आयोग गठित हो। साधु संत के साथ कोई घटना होती है तो हम सब लोग मिलकर सुलझाये। संतों का स्वभाव सरल होना चाहिए, संत सबका होता है। सत्यगिरी महाराज ने कहा कि मेला रामनगरिया में संतों के बीच घटना हुई है। संत भगवान के स्वरुप है, जो संतों का अपमान करता है उसे भगवान दंड देते है। जनपद के लोग बहुत भाग्यशाली है, यहां गंगा बह रही है। जो लोग संतों की अवहेलना करते है यह बहुत बड़ा अपराध है। रस्ते में जगह-जगह महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही उनके साथ सत्यगिरी महाराज का भी जगह-जगह स्वागत हुआ। इस मौके पर प्रिंस शुक्ला, कोमल पांडे, दिनेश यादव चुन्ने, रामवीर शुक्ला, सरल दुबे, अनूप अग्निहोत्री, कृष्ण मोहन शर्मा उर्फ नन्हे पंडित, विश्वनाथ राजपूत, शशांक शेखर मिश्रा, महेश अग्निहोत्री बाबू, आशुतोष अग्निहोत्री डब्लू, आलोक मिश्रा, विनय दीक्षित, आकाश गुप्ता, शिवम गुप्ता, विष्णु मिश्रा, मोहित खन्ना, कौशल गुप्ता, पंकज राठौर, सुमित गुप्ता, यश गुप्ता, नीरज, हर्ष तिवारी, बबलू सिंह, महिंद्रा अग्निहोत्री, समर सिंह, मंथन ठाकुर, प्रदीप सिंह राठौड़, कीर्ति वर्धन सिंह, सौरभ पांडे, अमित कुशवाहा, शिवम दीक्षित, राजकिशोर दीक्षित, रानू शर्मा, रामगोपाल चौहान, अमित गुप्ता, परशुराम गुप्ता, अनुज तिवारी, गौरव गुप्ता, सौरभ गुप्ता, कुंदन वर्मा, प्रेमचंद, धीरू सारस्वत, रवि तिवारी, आशीष गुप्ता, राजा मिश्रा, विनीत द्विवेदी, दीपक कटियार, अनिल द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांग शिविर का हुआ शुभारम्भ, 210 हुए रजिस्ट्रेशन



ट्राई साइकिल भेंट करते ले0 कर्नल ऋषिकांत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसएन साध ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग शिविर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रजनी सरीन व सेना के लेफ्टीनेंट कर्नल ऋषिकांत ने फीता काटकर शिविर का उदघाटन किया। उन्होंने शिविर की गहनता का निरीक्षण कर जयपुर से आयी विशेषज्ञों की टीम से सभी उपकरणों की जानकारी ली और ऐसे नेक कार्य के लिए शिविर की संयोजिका डॉ रजनी सरीन, राकेश साध, चमकेश साध को बधाई दी। मधु साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध, रोहित गर्ग ने व्यवस्था देखी। आधार कार्ड लेकर आये दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन निःशुल्क किया गया और शिविर में सहायता दी गई। कई वर्षों से चल रहे शिविर में कान की समस्या, हाथ-पैर की समस्याओं की जांचें हुई। डॉ. शिखर सक्सेना ने परीक्षण किया। जयपुर से आयी टीम में सदस्य विनोद, गनेश, संजय, मनीष, रमाकांत ने मरीजों को सेवायें देते हुए कार्य किया। प्रथम दिन 210 रजिस्ट्रेशन हुए। जिसमें कृत्रिम हाथ 03, व्हीलचेयर 08, छड़ी 30, कैलिपर 20, कृत्रिम पैर 10, वैशाखी 22, वॉकर 08, जूते 48, कान की मशीन 60 वितरित किये गये। इस मौके पर उदय पाल, सुजीत वर्मा, शीश मेहरोत्रा, विजय, नितिन, राहुल, प्रभात, नरेश, जगदीश, रॉबिन साध, शेखर साध आदि लोग मौजूद रहे।

# जनपद के आदित्य राठौर व देवेश यादव बने निर्णायक



आर्म रेसलिंग कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ी

**यूपी को 50 से अधिक आर्म रैसलिंग निर्णायक मिले**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुरादाबाद प्रिंस रोड स्थित होटल साईं पैलेस में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रेफरी सेमिनार एवं प्रशिक्षक कोर्स का आयोजन हुआ। 22 व 23 फरवरी को हुए शिविर में 50 से अधिक आर्म रैसलिंग बनाये गये। निर्णायकों में जनपद को दो रेसलिंग भी मिले। बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जनपद के दो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर निर्णायक की उपाधि प्राप्त की। देवेश यादव व आदित्य राठौर ने प्रशिक्षण में रेफरी की उपाधि प्राप्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले से आर्म रैसलिंग फर्रुखाबाद के कोऑर्डिनेटर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जल्द ही आर्म रेसलिंग ऑफ फर्रुखाबाद संगठन का गठन किया जायेगा। आर्म रैसलिंग का प्रचार-प्रसार जनपद स्तर पर होगा। आर्म रैसलिंग नॉन ओलंपिक खेल है तथा पाइथन खेलों का हिस्सा है। इस उपलधि पर देवेश यादव व आदित्य राठौर को जनपद के खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# फतेहगढ़ महोत्सव समिति ने डीएम को किया सम्मानित

**आगामी होने वाले महोत्सव की दी जानकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अप्रैल माह में प्रस्तावित फतेहगढ़ महोत्सव को भव्य तरीके से मनाए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई हैं, इस संदर्भ में समितियों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से भेंट कर पत्रिका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

प्रतिवर्ष फतेहगढ़ महोत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय पर होता है। इस बार यह आयोजन अप्रैल में प्रस्तावित है।

जिसको लेकर महोत्सव आयोजन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। समिति के संयोजक रिजवान अहमद ताज ने बताया कि इस बार आयोजन को भव्य तरीके से आयोजित करने की भूमिका बनाई जा रही है। इसी के चलते 2 महीने पहले ही तैयारी शुरू हो गयी है। तैयारी के क्रम में समिति के पदाधिकारी ने समिति के संरक्षक जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से भेंट करके आयोजन के बारे में उन्हें अवगत कराया और बताया कि आयोजन का संरक्षक स्थाई तौर पर जिला अधिकारी को बनाया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सत्येंद्र शाक्य, शमीम अहमद, युनुस अंसारी, संतोष गुप्ता, मनोज कुमार, मंजुल, समीर आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ग्राम सितौली में नाला खुदाई व सफाई कार्य का किया निरीक्षण

**कार्य गुणवत्ता पूर्ण न मिलने पर जतायी नाराजगी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने ग्राम पंचायत सितौली विकास खंड कमालगंज में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत किये जा रहे नाला खुदाई व सफाई कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई व कार्य को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप कराने के लिये खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, डी.सी. मनरेगा, खंड विकास अधिकारी कमालगंज व संबंधित मौजूद रहे।



नाला खुदाई का निरीक्षण करते डीएम

# डीएन कॉलेज में त्रि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को डीएन कॉलेज फतेहगढ़ में चल रहे त्रि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता उड़ान का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. शिल्पी सिंह व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. सीडी यादव एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज गर्ग ने मां वाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज गर्ग ने हुए अतिथियों का परिचय कराया। संचालन वाणिज्य प्रवक्ता डॉ. एचएसएन गुप्ता एवं विनय कुमार बाथम ने किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ. राम नरेश सिंह एवं पूर्व प्रभारी एच.एस.एन. गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ. बीके अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य डॉ. के.एम. सचदेवा, पूर्व प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. मो. अमीन, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियान्शु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामभान सिंह सेंगर, विनोद कुमार, योगेन्द्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। छात्र/छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

10 हजार मीटर दौड़ छात्र वर्ग में राजकमल प्रथम, नारायण वर्मा द्वितीय, अर्पित तृतीय स्थान पर रहे। डिसकस थ्रो छात्र वर्ग में यशवर्धन चौहान प्रथम, मुकुल कुमार द्वितीय, ऋषभ यादव तृतीय स्थान पर रहे। डिसकस थ्रो छात्रा वर्ग में अंशिका पाल प्रथम, आरती द्वितीय, दिव्या कुमारी तृतीय स्थान पर रही। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।



प्रतियोगिता में गोला फेंकता खिलाड़ी

# लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय में स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय कैंप का आयोजन महाविद्यालय परिसर में हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा प्रथम सत्र में महाविद्यालय कैम्पस तथा एसएनएम फील्ड में वृहद पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गई। द्वितीय सत्र में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान द्वारा आमजन को तंबाकू उत्पादों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। इस बौद्धिक सत्र में हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. आरती दुबे ने बताया कि युवाओं को तंबाकू उत्पादों के सेवन के कारण होने वाले गम्भीर दुष्परिणामों से बचाना चाहिए।

डॉ. आरती दुबे ने कहा कि तंबाकू से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह और मोतियाबिंद जैसी बीमारियां शामिल है। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने स्वयंसेवकों से कहा कि आप स्वयं तंबाकू का सेवन न करें और इसके सेवन से होने वाले दुष्परिणाम से लोगों को परिचित कराकर जागरूक करें।



स्वच्छता अभियान में भाग लेते स्वयं सेवक

## रंजिशन दबंगों ने युवक को पीटा, की फायरिंग

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश के चलते युवक को दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटकर दशहत फैलने के उद्देश्य से फायरिंग की। पीड़ित जब थाने में प्रार्थना पत्र देने गया, तो पुलिस ने प्रार्थना पत्र बदलवा दिया। जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भरखा निवासी राहुल सिंह ने बताया कि कल शाम मैं घर से खाना खाकर निकला और दरवाजे पर लगे हैण्डपम्प पर हांथ पैर धोने लगा। इसी बीच मेरे गाँव के ही वीरप्रताप उर्फ बन्टी, आदित्य प्रताप उर्फ रिंकू, विजय प्रताप उर्फ विक्की पुत्रगण नरेन्द्र, नरेन्द्र पुत्र रामदयाल आदि ने मेरे गले में गमछा डालकर जमीन पर गिराकर मुझे लाठी-डण्डों व टकोरा से मारने लगे। जब मैं जोर-जोर से चिल्लाया, तभी शोर शराबा सुनकर मेरे भाई व पिता ने दौड़कर बचाने की कोशिश की, तभी मेरे ऊपर आदित्य प्रताप उर्फ रिंकू ने फायर कर दिया। जिससे मैं बाल-बाल बच गया। इनसे मेरी पुरानी रंजिश चल रही है। जब मैं तहरीर देने थाने पर गया, तो मुझे सुबह बुलाया। जब मैं सुबह थाने गया, तो दरोगा ने कहा कि तहरीर बदलवा लो और मारपीट का मेडिकल कराकर मुकदमा लिखा लो, क्योंकि विपक्षी दबंग एवं झगड़ालू किस्म के लोग हैं। खबर लिखे जाने तक कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत नही की गई है।



गौशाला का निरीक्षण करते डीएम

## डीएम ने याकूतगंज गौशाला का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने याकूतगंज गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 131 गौवंश पाये गये, जिनमें से 65 गाये, 37 नंदी, 17 वछिया, 12 वछड़े है। गौशाला में पशुओं के चारे के लिये 13 बीघा भूमि पर हरा चारा बोया गया है, गौशाला में पशुओं की सेवा के लिये 05 केयर टेकर नियुक्त है। डीएम ने सभी गौवंश की अच्छी तरह देखभाल करने व उनको समय पर दाना पानी देने, छाया के लिये पीपल, बरगद, पाकड़ के पेड़ लगाने व डॉ. की विजिट समय से कराने के निर्देश दिये। डीएम ने गौशाला के किनारे मनरेगा द्वारा निर्मित तालाब को मानक के अनुसार गहरा कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व संबंधित उपस्थित रहे।

## हवन पूजन के साथ संकटा माता का पांचवें वार्षिकोत्सव पर हुआ भण्डारा



संकटा माता की पूजा करते सप्पू वर्मा व भण्डारे में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बढ़पुर स्थित संकटा माता का 5वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को मुख्य यजमान विजय उर्फ सप्पू वर्मा ने परिवार के साथ पहुंचकर हवन पूजन किया। सुख समृद्धि हेतु कामना की गई और हवन में आहूति डाली गई। पांचवें वार्षिकोत्सव पर संकटा माता को नूतन वस्त्रों से सजाया गया। फल मिष्ठान एवं मेवे का भोग लगाया गया। हवन के बाद सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ। दोपहर से शाम तक भण्डारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में राहगीरों एवं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अजय पाण्डेय, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर वार्षिकोत्सव में भाग लिया।

## बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल में 1708 व इंटर में 1202 परीक्षा रहे अनुपस्थित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 77 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षायें प्रारम्भ हुई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर नकलविहीन परीक्षायें सम्पन्न कराने के केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये। इस दौरान केंद्रों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें पंजीकृत कुल 24366 परीक्षार्थियों (बालक एवं बालिकाओं) में से 22658 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। जबकि 1708 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा में पंजीकृत कुल 22060 परीक्षार्थियों में से 20858 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं कुल 1202 परीक्षा अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने फिरोजगांधी इंटर कालेज कमालगंज, आरपी इंटर कालेज कमालगंज, पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज जरारी, लल्लूवंशी इंटर कालेज इकडरिया जहानगंज, एमएल इंटर कालेज सिरौंज, दयाराम इंटर कालेज बद्रीनगर कुंदन गनेशपुर, रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी जगह परीक्षा सुचारू रूप से संचालित होती पाई गयी। जिलाधिकारी द्वारा कालेज में परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रकाश व्यवस्था व कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरे का संचालन चेक किया व केंद्र व्यवस्थापकों को नकलबिहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिये निर्देशित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुँचकर परीक्षा कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।



फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज का निरीक्षण करते डीएम व एसपी



महाकाल की पालकी यात्रा का स्वागत करते भक्तगण

## महाकाल मण्डली द्वारा नगर में धूमधाम से निकाली गई पालकी यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाकाल मंडली द्वारा पालकी यात्रा पांडेश्वर नाथ मंदिर से रेलवे रोड चौक नेहरू रोड नितगंजा स्टेट वैक रोड होती हुई मठिया देवी मंदिर से पण्डाबाग तक निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्तगण बम-बम भोले, महाकाल के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। मठिया देवी मंदिर के पुजारी द्वारा भगवान भोलेनाथ की पालकी का स्वागत एवं आरती की गई। पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में सम्पन्न हुई महाआरती पंडित राजेश शर्मा ने विधि विधान से सम्पन्न करायी। जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत हुआ व पुष्प वर्षा की गई। महाकाल मण्डली की पालकी यात्रा में चौक पर फूल मालाओं से भगवान भोलेनाथ का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ। नेहरु रोड स्थित अपने प्रतिष्ठान के बाहर निमिष टंडन से शोभायात्रा का स्वागत किया। नेहरु रोड पर विनयाश होटल के बाहर व्यापारी नेता संजय गर्ग व अभिषेक त्रिवेदी ने पालकी यात्रा पर पुष्प वर्षा की और प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर उमेश शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रखर पांडे, अनुज राजपूत आदि ने व्यवस्था देखी।

# शहर कोतवाली में महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कोतवाली में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। शहर कोतवाल राजीव पाण्डेय व क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद कामील ने व्यापारियों से सौहार्द पूर्ण त्यौहार मनाने के लिए अपील की।

उन्होंने कहा कि आगामी महाशिवरात्रि, होली एवं नवरात्रि, ईद आदि त्योहार आने वाले है। सभी लोग गंगा-जमुनी तहजीव बनाये रखे और त्योहार अच्छे से मनाये। किसी ने भी हुड़दंग मचाया या अराजकता फैलायी तो उस पर कार्यवाही की जायेगी। शिवरात्रि पर पण्डाबाग रोड पर ई-रिक्शा नहीं चलेगें, डायवर्ट किये जायेंगे। शिवरात्रि पर पण्डाबाग मंदिर व कोतवालेश्वर मंदिर एवं नितगंजा महादेव मंदिर पर भीड़ रहती है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रहेगी। सभी लोग त्योहारों को सौहार्द पूर्ण मनाये और शांति का वातावरण बनाये रखे। इस दौरान फेडरेशन ऑफ व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, राजू गौतम, इखलाक खान, मुकेश गुप्ता, अनुपम रस्तोगी, कुक्कू चौहान, सौरभ शुक्ला, रचित अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, एके मिश्रा, संजू वर्मा, धीरज सारस्वत आदि लोग मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद व्यापारी व अन्य

# प्रदेश सरकार का बजट शिक्षा व्यवस्था में लगायेगा चार चांद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार द्वारा जारी बजट पर प्रधानाचार्य व भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का बजट शिक्षा व्यवस्था में चार चांद लगायेगा। वैश्विक आर्थिक अनिस्वितताओं से उबरी चिंताओं और विकास की गति में थोड़ी सुस्ती का सामना करने के लिए जो कुछ तात्कालिक रुप से आवश्यक था।

उसकी पूर्ति वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में कर दी। इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश सरकार ने बजट में 13 प्रतिशत शिक्षा पर व्यय करने की घोषणा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने की है। शिक्षा पर खर्च करने वाला सर्वाधिक बजट है। अपने आप में एक नया रिकार्ड है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक बजट से आजादी के बाद प्रदेश में पहली बार कुल 13 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च हो रहा है। इस बजट में 400 करोड़ की स्कूटी वितरण, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया जायेगा। इस योजना का नाम 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का परिचय देने वाली वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर रखा गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में एमबीबीएस को 1500 सीटें बढ़ाने की घोषणा बजट में की गई है। राजकीय डिग्री कालेज के निर्माण के लिए 100 करोड़ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्राइमरी से लेकर डिग्री कालेज तक स्मार्ट क्लास बनाने की घोषणा हुई है। यह प्रयास विकसित प्रदेश के संकल्प को साकार कर सकता है।



प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी

## सीने में दर्द उठने से कांवरिए की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** हर्ट अटैक से मध्य प्रदेश के कांवरिये की मौत हो गयी। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के जनपद भिंड निवासी युवक श्रृंगीरामपुर में गंगाजल भरने आया था। अचानक उसके सीने में दर्द होने लगा। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KUSUM GHALE दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KUSUM GHALEY है। KUSUM GHALEY W/o of Army No-12909167L, रैंक-हवलदार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-डी-102 बैक साइड ग्राउन्ड फ्लोर डिफेन्स कालोनी, पोस्ट-लाजपतनगर, जिला-साउथ दिल्ली-110024, द्वारा शपथ पत्र नंबर-90AE855390, दिनांक-24.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

# यूएन शांति स्थापना मिशनों में महिलाओं की मौजूदगी अधिक प्रभावी : राष्ट्रपति

एजेंसी



राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत के योगदान के गौरवशाली इतिहास को याद किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में वैश्विक दक्षिण की महिला शांति सैनिकों के सम्मेलन की प्रतिभागियों से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों में महिलाओं की अधिक मौजूदगी हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी होती है।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शांति स्थापना मिशन में महिलाओं की मौजूदगी इसे और अधिक विविधतापूर्ण और समावेशी बनाती है। महिला शांति रक्षकों की अक्सर स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है और वे महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। वे लिंग आधारित हिंसा से निपटने, विश्वास बनाने और संवाद को बढ़ावा देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला कर्मियों के उच्च प्रतिशत वाले शांति मिशन हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक महिलाओं को शामिल करें। राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत के योगदान के गौरवशाली इतिहास को याद किया, जिसमें 2,90,000 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सेवा की है। आज, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए, अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में तैनात 9 सक्रिय मिशनों में 5000 से अधिक भारतीय शांति सैनिक हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय महिला शांति सैनिक कर्तव्य की पुकार में सबसे आगे रही हैं। आज छह चल रहे संयुक्त राष्ट्र मिशनों में 154 से अधिक भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात हैं। 1960 के दशक में कांगो से लेकर 2007 में लाइबेरिया में पुलिसिंग तक, हमारी महिला शांति सैनिकों ने व्यावसायिकता और आचरण की उच्चतम परंपराओं का प्रदर्शन किया है। महिला शांति सैनिक नई दिल्ली में शांति स्थापना में महिलाएं वैश्विक दक्षिण का परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेने के लिए आई हैं। इस सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र, नई दिल्ली के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण की महिला अधिकारियों को एक साथ लाना है ताकि शांति स्थापना के लिए समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों और शांति स्थापना मिशनों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की जा सके।

## महाकुम्भ में अभिनेता अक्षय व सोनाली बेंद्रे ने लगाई डुबकी

**महाकुम्भ नगर।** भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो वहीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों, आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है। संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा कि मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है।

# इनोवेशन की दिशा में देश को बढ़ाना है आगे

**रेल मंत्री ने एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता का किया समापन**

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

रेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दर्शाता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेज़ी से ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5 प्रतिशत तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज़ 5 प्रतिशत रोलआउट कर रहा है।

इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार भी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक 422 मीटर लंबी है, जो आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है। यह भारतीय रेल और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाता है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर रेलवे इनोवेशन और अत्याधुनिक यात्रा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# वेज बोर्ड के नियमों की अनदेखी कर रहा है गड़ौरा मिल प्रबंधन

वेतन बढ़ोत्तरी न लगने व पीएफ कटने के बाद भी जमा न करने का आरोप

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** गड़ौरा चीनी मिल कर्मचारियों ने सोमवार को सुबह आठ बजे से मिल गेट पर अपनी मांगों के समाधान न होने पर हुंकार भरते हुए मिल गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन से अफरा तफरी का माहौल हो गया। करीब साढ़े बारह बजे यूनिट हेड विजय पाल सिंह के मान मनौवल व लिखित आश्वासन के बाद मिल कर्मचारी संतुष्ट होकर काम पर वापस लौटे, तब जाकर मिल प्रबंधन ने राहत की सांस ली।

पूर्वांचल चीनी मिल मजदूर यूनियन गड़ौरा मिल शाखा के अध्यक्ष डा.नवल किशोर मिश्र ने बताया कि समस्या के समाधान पर मिल प्रबंधन द्वारा वेज बोर्ड के नियमों की अनदेखी की जा रही है। वेज बोर्ड अंतर्गत तैनात स्टोर क्लर्क महिला सरिता सिंह को काम से निकाल दिया है जिसको तत्काल काम पर वापस बुलाया जाय। वर्ष 2018 से एरियर के भुगतान, पीएफ सहित ओवरटाइम के भुगतान में हीलाहवाली की जा रही है।

पीएफ कटौती के हर माह जमा कराने, बिना कारण नोटिस दिए किसी कर्मचारी को काम से न निकाले सहित अन्य कई मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए मिल प्रबंधन को चार बार नोटिस दिया जा चुका है। घटना की सूचना पर पहुंचे यूनिट हेड विजय पाल सिंह ने प्रदर्शन कर रहे यूनियन के कर्मचारियों से मिलकर वार्ता की। मिल मालिक जवाहर जायसवाल से राय शुमारी के बाद मिल मालिक की सहमति पर लिखित आश्वाशन के बाद करीब साढ़े बारह बजे विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को पकड़ा, हड़ताल शुरू

**रामेश्वरम।** श्रीलंकाई नौसेना की गिरफ्त में तमिलनाडु के मछुआरों की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर रामेश्वरम के मछुआरों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इन मछुआरों ने श्रीलंका की नौसेना से मछुआरों की रिहाई के लिए केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल, रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के मछली पकड़ने वाले बंदरगाह से 470 से अधिक मोटरबोटों से तीन हजार मछुआरे पूर्व अनुमति पत्र लेकर दो दिन पूर्व पाक जलडमरूमध्य के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान श्रीलंकाई नौसेना के जवान गश्ती नौकाओं पर सवार होकर अचानक उस क्षेत्र में पहुंचे और मछुआरों को भगाया। श्रीलंका की नौसेना के जवानों ने मछली पकड़ने वाली भारतीय मोटर नौकाओं का पीछा किया और पांच मोटरबोटों को रोक कर उन पर सवार सभी 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया।

# पाक के खिलाफ कोहली का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

एजेंसी




**वनडे में सबसे ज्यादा शतक व पाक के खिलाफ ऐतिहासिक उपलब्धि**

कोहली अब वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 2023 विश्व कप के दौरान सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके साथ ही, वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

**हर 1,000 रन का मील का पत्थर सबसे तेज**

कोहली ने जून 2017 में 8,000 वनडे रन पूरे करने के बाद से हर 1,000 रन 1 मील का पत्थर सबसे तेज़ समय में पूरा किया है। अब वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान से छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने संगकारा (14,234) को पीछे छोड़ा, जबकि सचिन तेंदुलकर 18,426 रनों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में एकदिवसीय क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। अपनी 287वीं पारी में कोहली 14,000 एकदिवसीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज़ बल्लेबाज बन गए। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले इस ऐतिहासिक आंकड़े से महज 15 रन दूर थे और भारत के 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया। कोहली ने नाबाद शतक जड़ते हुए टीम को जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में उनका 51वां शतक था। उन्होंने विजयी रन स्पिनर खुशदिल शाह की गेंद पर शानदार कवर ड्राइव चौके के रूप में बनाया और इसी के साथ अपना शतक भी पूरा किया।

इस मुकाबले में कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच (158) लेने वाले फील्डर बन गए, इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया।

कोहली ने इस रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए महज 14,984 गेंदों का सामना किया, जो सचिन तेंदुलकर (16,292) और कुमार संगकारा (17,789) की तुलना में काफी कम है। इसके अलावा, 14,000 रन बनाने तक उनका औसत 57 से अधिक है, जबकि तेंदुलकर (44.19) और संगकारा (41.73) का औसत 40 के दशक में था।

## खबरें एक नजर में

### उड़ान ने बिजनेस ग्रोथ में कई बड़ी उपलब्धियां कीं हासिल




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के सबसे बड़े ई-बिजनेस-टू-बिजनेस प्लेटफॉर्म उड़ान ने अपने प्लेटफॉर्म पर 2024 (कैलेंडर वर्ष 24) में देखे गए खरीदारी के रुझानों का खुलासा किया है। इन रुझानों से पता चलता है कि भारतीय खुदरा विक्रेताओं की खरीदारी की आदतों में किस तरह बदलाव आया है। पिछले एक साल में उड़ान ने बिजनेस ग्रोथ में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं, प्राइवेट लेबल उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी, और एफएमसीजी सहित अन्य प्रमुख कैटेगरी में जबरदस्त ग्राहक जुड़ाव देखा गया। उड़ान ने सिर्फ एफएमसीजी सेगमेंट में 2.45 अरब यूनिट्स से ज्यादा उत्पादों की डिलीवरी की, जबकि कुल मिलाकर एफएमसीजी, स्टेपल और ताजा खाद्य उत्पादों की डिलीवरी का वजन 7 लाख मीट्रिक टन से अधिक रहा। 2024 में प्लेटफॉर्म के कुल कारोबार में 965 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिसमें दैनिक खरीदारों की संख्या में 970 प्रतिशत इजाफा हुआ। उड़ान के सह-संस्थापक और सीईओ वैभव गुप्ता ने कहा, ये साल हमारे लिए बहुत अच्छा रहा, हमने लगातार तरक्की की है। यह हमारे ईबीहडब्ल्यूबी क्लस्टर प्लेबुक की सफलता को दर्शाता है, जिसे हमने भारत के छोटे खुदरा विक्रेताओं को सशक्त बनाने के लिए विकसित किया है। एफएमसीजी में 85 प्रतिशत से ज़्यादा और अनाज के प्राइवेट लेबल बिज़नेस में 250 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हम सिर्फ किराना दुकानों को सक्षम ही नहीं कर रहे, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने में भी मदद कर रहे हैं।

### सुरक्षाबलों ने पुंछ में कई स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान

**पुंछ।** सुरक्षाबलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया, ताकि उन आतंकवादियों को मार गिराया या पकड़ा जा सके, जो पिछले साल सीमा पार से इस तरफ घुसने में कामयाब रहे हैं। माना जाता है कि वे ऊंचे इलाकों में घने जंगलों में छिपे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने गुरसाई में फमरनार, कीकर मोड़, जबदान गली और हरनी तथा मेंढर में ब्रेला और कस्बालारी और सुरनकोट में बाफलियाज जंगल की संयुक्त रूप से घेराबंदी की।

### जयशंकर ने काजीरंगा के कोंहरा रेंज में जीप सफारी लिया आनंद

**काजीरंगा ।** यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के कोंहरा रेंज में आज सुबह केंद्रीय विदेशमंत्री एस जयशंकर और लगभग 50 देशों के राष्ट्रदूतों ने जीप सफारी के जरिए प्रकृति के मनोरम दृश्यों का आनंद उठाया। केंद्रीयमंत्री जयशंकर के साथ असम सरकार के कृषिमंत्री अतुल बोरा एवं स्थानीय सांसद कामाख्या प्रसाद तासा भी मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि एस जयशंकर एवं विदेशी राष्ट्रदूत बीती रात जोरहाट के रोरैया हवाई अड्डे पर पहुंचे। आज सुबह काजीरंगा का भ्रमण कर गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में शाम को आयोजित होने झुमुइर बिनंदिनी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

**कंपाला।** युगांडा टीन क्रेस के मुख्य कोच शेरिल बोट्स ने आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2025 क्वालीफायर के लिए टीम की घोषणा कर दी है। युगांडा की टीम 8 मार्च को क्वालीफायर के दूसरे दौर में केन्या की मेजबानी करेगी, जबकि रिटर्न लेग आठ दिन बाद नैरोबी में खेला जाएगा। युगांडा ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को 18-1 के बड़े अंतर से हराया था। यदि टीन क्रेन्स अगले चरण में आगे बढ़ती है, तो तीसरे दौर में उसका मुकाबला कैमरून और इथियोपिया के बीच विजेता से होगा। विजेता टीमों में से चार को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। मोरक्को, जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, पहले ही स्वचालित रूप से विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। यह प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से 8 नवंबर, 2025 तक आयोजित होगी।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एलटी पर अवैध वसूली का आरोप

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बेलन बरौंधा गांव निवासी बसंत कुमार ने रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एलटी नागेंद्र मिश्रा द्वारा क्षय रोगियों से जांच व दवा के नाम पर अबैध रुप से वसूली किया जाता है। क्षेत्र के सभ्रांत लोगो से दुर्व्यवहार किया जाता है। एलटी द्वारा सरकार की क्षबि धूमिल किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य हलिया डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया है कि मामले की जांच कराते हुए एलटी के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

# एक राज्य, एक ग्रामीण बैंक की हो स्थापना : चैन सिंह

समृद्धि न्यूज




**प्रतापगढ़।** बड़ौदा यूपी बैंक सेवा निवृत्त कार्मिक समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष डीपी सिंह ने सूचित किया कि ऑल इंडिया रीजनल बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन (अरेबिया) के कर्नाटक राज्य के बेल्लारी जिले में संपन्न त्रैवार्षिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेश राज्य में कार्यरत तीन बैंकों बड़ौदा यूपी बैंक, आर्यावर्त बैंक एवं प्रथमा बैंकों में कार्यरत कार्मिक सेवानिवृत्त संगठनों के पदाधिकारियों में से एनएफआरआरबीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैन सिंह रावत एवं सहायक महासचिव यशवीर सिंह, एनएफआरआरआरबीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह, एनएफआरआरबीई के उप महासचिव शिवकरण द्विवेदी,सहायक महासचिव आनंद तिवारी, एनएफआरआरआरबीएस के उप महासचिव पीके श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद दूबे चयनित हुये हैं तथा अरेबिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में सगुण शुक्ला के मनोनयन पर आर्यावर्त की क्षेत्रीय समिति लखनऊ एवं बाराबंकी यूनिट द्वारा पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम जलसा रिसॉर्ट में रविवार को आयोजित किया। मंच का संचालन पीके चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्री विमल शुक्ल, एलके सिंह, एनके मिश्रा,आरपी सिंह,केके सिंह, एसपी शुक्ला,आनंद स्वरूप,विंदा प्रसाद व राजेश खत्री ने संबोधन में कार्मिक समस्याओं के साथ ही साथ चयनित एवं मनोनीत पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चैन सिंह रावत ने भारत सरकार से एक राज्य एक ग्रामीण बैंक की नीति के तहत शीघ्र स्थापित होने वाले उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का मुख्यालय लखनऊ में बनाये जाने की मांग प्रदेश की 22 करोड़ जनता के हित में किया है। विदित हो कि उत्तर प्रदेश की तीनों ग्रामीण बैंक बड़ौदा यूपी बैंक, आर्यवर्त बैंक, प्रथमा बैंक का आसन्न समामेलन में उत्तर प्रदेश में 4200 शाखायें होगी। 2 लाख करोड़ रूपये के व्यवसाय के साथ 6000 करोड़ रुपए का अर्जित लाभ होगा। अरेबिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता सगुण शुक्ला ने सभा में भविष्य में संगठन की योजनाओं पर प्रकाश डाला। शिवकरण द्विवेदी, पीके श्रीवास्तव, आनंद दूबे,आनंद तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया। सभा का समापन महेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 117 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा शुरू

**मिर्जापुर।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को सुबह साढ़े 8 बजे से जिले के 117 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल की हिन्दी विषय से परीक्षा का शुभारंभ हो गया। प्रथम पाली में 36097 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। उधर परीक्षा शुरू होते ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल नेकंट्रोल रूम के साथ विभिन्न केंद्रों का दौरा कर निरिक्षण किया। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षार्थी अपने - अपने केंद्र पर पहुंच गए। केंद्र के प्रवेश द्वार पर चस्पा किए क्रासलिस्ट में अपना रोल नंबर देखा। साथ ही आंतरिक सचल दल छात्रों की तलाशी लेनेके बाद परीक्षा हाल में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। एडीएम ने जीआईसी स्थित कंट्रोल रूम से जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का लाइव निगरानी की। छान बे क्षेत्र के एक वित्त विहीन विद्यालय (परीक्षा केंद्र) धमके और सेंटर पर कुछ देर रुक कर नकल विहीन परीक्षा कराने की हिदायत केंद्र व्यवस्थापक को दी।

# तुलसी गांव के पास खड़े ट्रक में घुसी कार, चार श्रद्धालुओं की मौत

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** वाराणसी-रीवां मार्गपर लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव के पास रविवार की रात बाइक में टक्कर मारते हुए कार सड़क किनारे ट्रक में घुस गई। हादसे में बाइक सवार एक व कार में सवार तीन श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि अन्य चारघायलों को पुलिस ने लालगंज अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

तेलंगाना के शानधर रेड्डी निवासी 40 वर्षीय वेंकट रेड्डी पुत्र चंद्र रेड्डी, माल रेड्डी पुत्र बुम रेड्डी, 35 वर्षीय चिट्ठी पत्नी वैंक्टि राम रेड्डी समेत छह लोग कार में सवार होकर प्रयागराज महाकुम्भ संगम स्नानके लिए गए थे। संगम स्नान कर रविवार की रात लगभग बारह बजे कार सवार श्रद्धालु वाराणसी जा रहेथे। जैसेही लालगंज के तुलसी गांव के पास पहुंचे। तभी बाइक सवार वाराणसी जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के पलिया शंभूपुर निवासी 20 वर्षीय रविशंकर राजभर पेट्रोल पंप सेतेल लेकर निकला और अचानक कार के सामनेआ गया। बाइक में टक्कर मारते हुए कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे सेजा घुसी। दुर्घटना में कार व बाइक सवार सभी गंभीर रुप से जख्मी हो गए। घटना की जानकारी होते ही आस-पास के लोग व स्थानीय पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को लालगंज अस्पताल मेंभर्ती कराया। यहां डाक्टरों ने कार सवार वेंकट, माल रेड्डी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिट्ठी व रविशंकर की भी मौत हो गई। जबकि अन्य तीन घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है। वहीं कार सवार दो अन्य का मंडलीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। बाइक सवार मृत रविशंकर भी प्रयागराज सेसंगम स्नान कर घरलौट रहा था। बाइक पर कुल तीन लोग सवार थे।

# सोनबरसा में दर्शनार्थियों की कार साइकिल सवार से टकराई, छह घायल

समृद्धि न्यूज




**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनबरसा में साइकिल से टकराई कार आधा दर्जन घायल प्रयागराज कुंभ से स्नान करके लौट रही छत्तीसगढ़ की एक किर साइकिल सवार से टकरा गई और टक्कर मारने के बाद सड़क के किनारे पलट गई। जिससे साइकिल सवार सहित 6 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को राजगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल गांव के राजेश्वर भारती 67 वर्ष अपने पूरे परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ से स्नान करके सोमवार की सुबह लौट रहे थे। राजगढ़ थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के पास शायर माता मंदिर के सामने सोनभद्र जनपद के करमा थाना क्षेत्र के करकोली गांव के लव कुश मौर्य 18 वर्ष पुत्र अंगद मौर्या साइकिल से राजगढ़ की तरफ आ रहा था उसी से कार टकरा गई। जिससे साइकिल सवार घायल हो गया और कार सड़क के किनारे पलट गई जिससे उसमें बैठे दिव्या भारती 26 रूद्रेश 1 वर्ष युगल साहू 62 वर्ष मीना भारती 51 राजेंद्र भारती 42 घायल हो गए। स्थानीय लोगों सूचना पर राजगढ़ थाना अध्यक्ष महेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को लाकर राजगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर सभी का इलाज हुआ। जिसमें राजेश्वर भारती दिव्याभारती गंभीर रूप से घायल थे साथ ही साइकिल सवार लव कुश मौर्य को भी बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। राजगढ़ के चिकित्सक डॉक्टर संतलाल ने बताया की साइकिल सवार और दो कार सवार श्रद्धालुओं की हालत ज्यादा खराब थी इसलिए उन्हें बेहतर इलाज के लिए ड्रामा सेंटर भेज दिया गया।

## सियार के हमले से चार घायल, तीन लोग गंभीर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदना गांव में सियार के हमले से शनिवार को देर रात एक ही परिवार के तीन और एक अन्य को मिलाकर कुल चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर किया। हलिया थाना क्षेत्र के नदना गांव निवासी जनार्दन सिंह (58), चंद्रमणी सिंह (50), सावित्री सिंह (35) व फुट्टन (20) शनिवार को देर शाम भोजन करने के बाद घर के बरामदे में सो रहे थे। लगभग एक बजे रात एक सियार बारी-बारी सभी पर हमला कर दिया। मची चीख पुकार सुन कर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी डंडे से सियार को भगाते हुए सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां चिकित्सक विवेक खरे व फार्मासिस्ट सुभाष पटेल ने सभी का प्राथमिक उपचार करते हुए एक ही परिवार के जनार्दन सिंह, चंद्रमणी सिंह व सावित्री को गंभीर घायल होने के कारण मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहीं पड़ोसी फुट्टन कोल का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

# अविष्कार की जननी है आवश्यकता : राम प्रकाश



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** गोरखपुर-नौतनवां राजमार्ग पर स्थित चंद्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल भईया फरेन्दा में आज सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि भूतपूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी के जरिए छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों के बनाए गए मॉडल का अवलोकन अभूतपूर्व ब्लाक प्रमुख व प्रमुख संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने करते हुए बच्चों के प्रयास की सराहना की। उन्होने कहा आवश्यकता अविष्कार की जननी है। बिना आवश्यकता के जरुरत की वस्तुओं का निर्माण नहीं हुआ। जैसे-जैसे देश को आवश्यकता महसूस हुई, उसी तरह से वस्तुओं का निर्माण किया गया। अंत में उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का कार्यक्रम बहुत कम ही होता है। ऐसा कार्यक्रम आयोजित कराने के लिये प्रबंधक एवं विद्यालय परिवार और सरीक हुए बच्चो की सराहना की।

बच्चों के द्वारा विभिन्न अविष्कार का निरीक्षण करते हुए कहा कि अविष्कार करने वाले को वैज्ञानिक कहते है, वैज्ञानिक विज्ञान प्रदर्शनी से ही निखर कर आता है। वरिष्ठ पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन की अनमोल चाबी है। विद्यालय प्रबंधक व अधिवक्ता सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के जरिए बच्चे अपनी हुनर का मूल्यांकन करते हैं। इसी क्रम में समाजसेवी रामप्यारे प्रसाद प्रधानाचार्य श्रवण कुमार, सहित अन्य लोगो ने भी संबोधित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में लगे मॉडलो की जांच के लिये विवेक पांडेय, शैलेष पांडेय, धीरेन्द्र मिश्रा, अमित मोहन श्रीवास्तव एवं सुमित मोहन श्रीवास्तव को जज बनाया गया था,जिसमे उन्होने छात्रों द्वारा बनाए गये मॉडलो में कारबाइड बम मॉडल को पहला स्थान, संवेदी अंग मॉडल को द्वितीय एवं ज्वालामुखी विस्मोट मॉडल को तीसरा स्थान मिला। विज्ञान प्रदर्शनी में सोलर स्मार्ट सिटी, जल शुद्धिकरण, हैवीवेट इंडीकेटर, सोलर कार, चंद्रयान, प्रकाश संशलेषण, भूकंप अलार्म व ब्लड ग्रुप टेस्ट आदि का मॉडल आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान उप प्रधानाचार्य अनुराग चौधरी, प्रतीक सहानी, जयराम त्रिपाठी, दिवाकर विश्वकर्मा, अखिलेश गुप्ता, रितेश यादव, नीतू सिंह, ज्योति जायसवाल, माधुरी वरुण, प्रिया जायसवाल, नीलम, कुसुम जयसवाल, छाया जायसवाल, मुस्कान चौरसिया आदि रहे। आयोजित कार्यक्रम का संचालन धीरेन्द्र मिश्र ने किया।

# महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों की तैयारी जोरों पर

द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव में जो एक बार आस्था विश्वास के साथ एक लोटा जल, बेल पत्र चढ़ाता है उसकी सारी मनोकामनाएं होती हैं पूरी



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** आगामी महाशिवरात्रि को लेकर काक्षेश्वरनाथ धानी, प्रक्टेश्वरनाथ गोपालापुर,द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर फरेंदा खुर्द हरैयापुर सहित गांव देहात के हर छोटे-बड़े शिव मंदिरो पर जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर नौ में यह मंदिर स्थित है, जो महाशिवरात्रि पर्व को भूत-भावन भगवान शिव को समर्पित होने वाली पूजन सामग्री बाजारों में बिकना शुरू हो गया है।

मंदिर के पुजारी पंडित अश्विनी औझा ने बताया कि नगर पंचायत आनन्दनगर के वार्ड नंबर नौ फरेंदा खुर्द हरैयापूर में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन करने के लिए काफ़ी दूर दूर से शिव भक्त महाशिवरात्रि पर्व पर आते हैं। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धा विश्वास के साथ एक लोटा जल और एक बेल पत्र इस द्वादश ज्योतिर्लिंग पर चढ़ाता है, उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। महादेव के मंदिर निर्माण का कार्य तत्कालीन पुजारी पंडित अश्वनी ओझा के दादा मुन्नाराम को महादेव के स्वप्न के निर्देशनुसार सन 1940 में कराया गया था। उनके पश्चात् पंडित मुन्नाराम के पुत्र पंडित जगदीशानंद सरस्वती द्वारा मंदिर का कार्य भार 2018तक संभाला गया। वर्तमान में आचार्य पंडित अर्जुन मिश्र की टीम द्वारा पूजन, रुद्राभिषेक, हवन, आरती का कार्य उनके निर्देशन में सम्पन्न कराया जाता है। अंत में उन्होंने बताया कि भक्तों की समस्त मनोकामनाएं भोलेनाथ को एक लोटा जल एवं एक बेलपत्र श्रद्धा विश्वास के साथ चढ़ाने से पूरी होती है।